शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 327 | गुवाहाटी | सोमवार, 26 जून, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/



कुश्ती महासंघ के चुनावों पर लगाई रोक, 11 जुलाई को निर्धारित था मतदान — पेज 3

समुद्री पड़ोसी देशों के साथ योग दिवस मनाकरलौटने लगे भारत के युद्धपोत — पेज 4

मुख्यमंत्री योगी ने गौतमबुद्धनगर में किया 1718 करोड़ की विकास परियोजनाओं... — पेज 5

लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश — पेज 8



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771



door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


## लोकतंत्र सेनानी सभी के लिए प्रेरणा स्रोत : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी (हि.स.)।** देश में आपातकालीन स्थिति के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपार कठिनाइयों और बलिदान को स्वीकार करने वाले वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। ये बातें आज मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने असम के तीन सौ लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करने के लिए श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित विशेष सम्मान कार्यक्रम में भाग लेते हुए कही। उल्लेखनीय है कि 301 लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया और उनमें से 91 को पेंशन से सम्मानित किया गया। राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक माह पेंशन के रूप में 15 हजार रुपए दिए जाएंगे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में आज के दिन का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर इतिहास में किसी महत्वपूर्ण दिन का विश्लेषण सकारात्मक दृष्टि से किया जाता है। 25 जून, 1975 को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे काले दिनों में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा कि यह देश के इतिहास का सबसे काला अध्याय है। इस दिन भारतीय सभ्यता और संस्कृति की गौरवशाली विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की मंजूरी के आधार पर तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि संवैधानिक और लोकतांत्रिक नियमों का उल्लंघन कर आपातकाल की घोषणा करने के लिए इसे काला दिन कहा गया। देश में लोकतंत्र को फिर से स्थापित करने के लिए लाखों देशभक्त संघर्ष में कूद पड़े और उन्होंने एक लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई महान भारतीयों ने इंदिरा गांधी की मनमानी के खिलाफ लड़ते हुए जेल में अपने दिन बिताए थे, उस समय की कांग्रेस सरकार के अमानवीय अत्याचारों के आगे उन्होंने घुटने नहीं टेके थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य में कई देशभक्तों और लोकतंत्र सेनानियों ने तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की सत्तावाद और तानाशाही का विरोध किया और देश में लोकतंत्र को फिर से स्थापित करने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि जिन लोकतंत्र सेनानियों के बलिदान और कड़ी मेहनत से देश आपातकाल से उबर सका, उनकी लंबे समय तक उपेक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आजादी के अमृत महोत्सव में कृतज्ञ असमिया समाज ने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कर उन्हें उचित सम्मान दिया है। कैबिनेट ने 19 अप्रैल को लोकतंत्र सेनानियों द्वारा जेल भेजे गए प्रत्येक व्यक्ति को 15 हजार रुपए की मासिक पेंशन देने का निर्णय लिया। किसी लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु होने पर उसकी पत्नी की उपस्थिति में उसकी पत्नी अथवा उसकी अविवाहित पुत्री को पेंशन देने का निर्णय लिया गया। लोकतंत्र की स्थापना के लिए जेल गए 300 सेनानियों को प्रशस्ति पत्र और 91 लोकतंत्र सेनानियों या उनके निकटतम रिश्तेदारों को 15 हजार रुपए मासिक पेंशन आज से दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश ने लाखों भारतीयों के अत्यधिक त्याग, साहस और आत्म-बलिदान से ब्रिटिश साम्राज्यवाद को समाप्त करके स्वतंत्रता प्राप्त की। देश को स्वराज मिलने के बाद, स्वतंत्रता सेनानियों और देश के संविधान के निर्माताओं ने उस स्वराज का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश को दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने अनेक जातियों और भाषाओं वाले देश भारत में विविधता के बीच एकता -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम मोदी को मिस्र का सर्वोच्च सम्मान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार को यहां मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने देश के सर्वोच्च सम्मान *ऑर्डर ऑफ द नाइल* से सम्मानित किया। वर्ष 1915 में शुरू किया गया यह सम्मान उन राष्ट्राध्यक्षों, राजकुमारों और उपराष्ट्रपतियों को दिया जाता है, जिन्होंने मिस्र या मानवता की अमूल्य सेवा की हो। यह प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 13वां सर्वोच्च राजकीय सम्मान है। ऑर्डर ऑफ द नाइल शुद्ध सोने से बना होता है, जिसमें वर्गाकार सोने की तीन इकाइयां शामिल हैं, जिनमें मिस्र पर शासन करने वाले बादशाह फिरौन के प्रतीक शामिल हैं। पहली इकाई राष्ट्र को बुराइयों से बचाने का विचार पेश करती है, जबकि दूसरी इकाई नील नदी द्वारा लाई गई समृद्धि एवं खुशी का प्रतीक है और तीसरी इकाई धन एवं सहनशीलता को संदर्भित करती है। ये तीनों इकाइयां एक-दूसरे से सोने से बने गोलाकार फूलों से जुड़ी होती हैं, जिसमें फिरोजा और रूबी रत्न जड़े होते हैं। पिछले नौ वर्षों में, प्रधानमंत्री मोदी को पापुआ न्यू गिनी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू, फिजी के द कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर, पलाऊ गणराज्य के एबाकल पुरस्कार, भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात

*आलसी का न वर्तमान होता है, न भविष्य।*

- **आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

## 17 करोड़ की प्रतिबंधित दवाएं जब्त, एक गिरफ्तार

**ममित (मिजोरम)।** मिजोरम के ममित जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया और 17 करोड़ रुपए की बड़ी संख्या में प्रतिबंधित दवाएं जब्त कीं, अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान 36 वर्षीय मोहम्मद इदरीश मिया और 28 वर्षीय खुगोन दास के रूप में हुई है। मिजोरम पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर, 23 जून की रात को हाईवे जंक्शन पर ड्यूटी पर तैनात ममित पुलिस ने त्रिपुरा के एमडी इदरीश मिया द्वारा संचालित एक कार को रोका। तलाशी के दौरान, पुलिस टीम ने वाहन के नीचे -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री की मुलाकात

**नई दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें पूर्वोत्तर राज्य की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इंफाल से रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे सिंह, शाह से मिलने उनके आवास पर गए। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को मणिपुर की मौजूदा स्थिति और वहां सामान्य स्थिति बहाल करने -शेष पृष्ठ दो पर

## विस परिसीमन से असंतुष्ट नहीं कोई जनजाति : सीएम



**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने स्पष्ट किया कि विधानसभा के क्षेत्र परिसीमन को लेकर राज्य की किसी भी जनजाति के लोग असंतुष्ट नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने आज एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राभा, मटक, मोरान, आहोम समेत कोई भी जनजाति परिसीमन से असंतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि धेमाजी और लखीमपुर जिले में आहोम लोग परिसीमन को सेलिब्रेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथ भी उनके राजनीतिक सलाहकार पवित्र मार्घेरिटा एवं अन्य कई नेता आहोम समुदाय से हैं, जो परिसीमन से खुश हैं। मुख्यमंत्री ने विधायक अखिल गोगोई पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मीडिया सिर्फ एक ही व्यक्ति को आहोम क्यों मानती है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा के क्षेत्रों का परिसीमन जाति के आधार पर नहीं होता है। बल्कि, भारतीय संविधान में इसके लिए अपनी एक व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों को ऐसा लग रहा है कि इस बार -शेष पृष्ठ दो पर

## असम बाढ़ पर हर संभव मदद देगी सरकार : अमित शाह



**नई दिल्ली।** असम में इन दिनों भयंकर बाढ़ का कहर मचा हुआ है। बाढ़ के कारण हालात बेहद गंभीर है। बाढ़ के पानी से लगभग 19 जिलों में पानी भर गया है। इन जिलों में रहने वाले लगभग 5 लाख लोग बुरी तरह से इस बाढ़ से प्रभावित हुए है। असम में आई बाढ़ को देखते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह असम के हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से भी बातचीत की है। असम में आई बाढ़ के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर कहा कि भारी बारिश के कारण असम के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे थे। मैंने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से बात की हम संभव सहायता को दिया है। एनडीआरएफ की टीमें पहले ही जमीन पर राहत और बचाव अभियान चल रहा है। इसके लिए पर्याप्त बल तैयार किया गया है। अमित शाह ने इस पर लिखा कि मोदी सरकार इस कठिन समय में हमेशा असम के -शेष पृष्ठ दो पर

## स्थिति नियंत्रण में : सीएम

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए रविवार को उन्हें फोन किया। उन्होंने यह भी कहा कि गृह मंत्री ने किसी भी आपात स्थिति में राज्य को केंद्र सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने आज मुझे फोन किया और असम में बाढ़ की स्थिति के बारे में -शेष पृष्ठ दो पर

## साइबर अपराध : 238 फर्जी सिम कार्ड बरामद, एक गिरफ्तार



**मोरिगांव।** असम पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की है। असम के मोरीगांव जिले की पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 238 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए। इससे पहले, मोरीगांव पुलिस ने कुछ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया था, जिन्होंने अलग-अलग सिम कार्ड, पैन कार्ड और आधार कार्ड का उपयोग करके कई लोगों को धोखा दिया था। मोरीगांव जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीरन बैश्य ने -शेष पृष्ठ दो पर

## ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त पर मुख्यमंत्री ने थपथपाई पुलिस की पीठ



**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी और कामरूप जिले में रविवार को मणिपुर के दो व्यक्तियों के पास से 18 करोड़ रुपए मूल्य का मादक पदार्थ जब्त होने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मादक पदार्थ की तस्करी से निपटने में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए असम पुलिस की प्रशंसा की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के कर्मियों ने कामरूप पुलिस के साथ मिलकर दो कथित तस्करों के वाहन का पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। एसटीएफ के उपमहानिरीक्षक पार्थ सारथी -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा के 75 गांव के नाम स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर



**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने राज्य के 75 सीमावर्ती गांवों का नामकरण देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर करने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। 75 सीमावर्ती गांवों का नाम बदलने की परियोजना को *आजादी का अमृत महोत्सव* के हिस्से के रूप में शुरू किया जाएगा, जो देश की आजादी के 75 साल और उसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का जश्न मनाने और स्मरण करने की एक पहल है। देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने का कार्यक्रम जुलाई में शुरू -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में महिलाओं ने रोका सुरक्षा बलों का अभियान



**इंफाल।** इंफाल ईस्ट के इथम गांव में महिलाओं के नेतृत्व वाली भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच गतिरोध के बाद सेना ने नागरिकों की जान जोखिम में न डालने का *परिपक्व फैसला* लिया और बरामद किए गए हथियारों व गोला-बारूद के साथ वहां से हट गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने इथम गांव को शनिवार को घेर लिया था, जहां प्रतिबंधित उग्रवादी समूह कांगलेई योल कान-ना लुप (केवाईकेएल) के 10 से अधिक सदस्य छिपे हुए थे। इस कार्रवाई के बाद भीड़ और सैनिकों के बीच गतिरोध उत्पन्न हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि केवाईकेएल एक मेइती उग्रवादी समूह है, जो 2015 में छह डोगरा इकाई पर घात लगाकर किए गए हमले सहित कई हमलों में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि इथम में गतिरोध शनिवार को पूरे दिन चलता रहा, हालांकि महिलाओं के नेतृत्व वाली उग्र भीड़ के खिलाफ बल के इस्तेमाल और उससे लोगों के हताहत होने की बात को ध्यान में रखते हुए अभियान के कमांडर द्वारा परिपक्व निर्णय लिए जाने के बाद यह सामस्त हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, गांव में छिपे लोगों में स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल मोइरांगथेम तंबा उर्फ उत्तम भी शामिल था, जो एक वांछित उग्रवादी है और जिसे डोगरा हमले का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है। उन्होंने बताया कि इथम में महिलाओं के नेतृत्व में 1,500 लोगों की -शेष पृष्ठ दो पर

## षोडसी शारीरिक संबंध को लेकर फैसला करने में सक्षम : एचसी



**शिलांग।** 16 साल की उम्र वाले लड़के या लड़की शारीरिक संबंध फैसला लेने में सक्षम हैं। 2012 के यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई करते हुए मेघालय हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। हाई कोर्ट ने कहा कि 16 साल की किशोरी शारीरिक संबंध को लेकर फैसला लेने में सक्षम है। साथ ही हाई कोर्ट ने किशोरी के प्रेमी पर लगे पॉक्सो के मामले को भी रद्द कर दिया है। मेघालय हाई कोर्ट ने प्रेम प्रसंग से जुड़े एक मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता कई घरों में काम करता था और इसमें पीड़िता किशोरी का घर भी शामिल था। यही से दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में तब्दील हो गई। इस बीच दोनों ने शारीरिक संबंध भी बनाए। जब इस बात की खबर लड़की की मां को लगी, तो वह काफी गुस्सा हुई। मां ने आईपीसी की धारा 363 और पॉक्सो एक्ट की धारा 3 और 4 के तहत एफआईआर दर्ज कराई। जब निचली अदालत से लड़के को राहत नहीं मिली तो उसने -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## बराक ओबामा पर बरसीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बोलीं

# छह मुस्लिम देशों पर बरसाए थे 26,000 से ज्यादा बम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका और मिस्र के दौरे को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि बहुत कम लोगों को अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने का अवसर मिला है। यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए बुलाया गया। साथ ही स्टैंडिंग ओवेशन प्राप्त करना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त सभा को संबोधित करने के लिए वहां के दोनों दलों द्वारा आमंत्रिण किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे के दौरान रक्षा उत्पादन और रोजगार के विषय पर कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। निर्मला सीतारमण ने



कहा कि मुझे यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि यह एक ऐसी यात्रा थी जहां भारत और अमेरिका दोनों ने अपनी साझेदारी को फिर से परिभाषित किया और ऐसे कदम उठाए जिसके परिणामस्वरूप हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों को अधिक से अधिक साकार किया जा सकेगा। वित्त मंत्री ने सेमीकंडक्टर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के विकास में एक महत्वपूर्ण और सार्थक मील के पत्थर साबित होगा। माइक्रोन गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर और परीक्षण संयंत्र स्थापित करेगा। जिसमें कुल 2.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। अगले कुछ वर्षों में लगभग पांच हजार नई प्रत्यक्ष नौकरियां और लगभग 15 हजार अप्रत्यक्ष नौकरियां उत्पन्न होने की संभावना है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देशों में छठे नंबर पर शुमार मिस्र ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है, जो संतोषजनक बाद है। मिस्र को मिलाकर अबतक 13 देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। इसी बीच, निर्मला सीतारमण ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा पर निशाना साधा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह आश्चर्यजनक था कि जब प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर थे तब एक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति (बराक ओबामा) भारतीय मुसलमानों पर बयान दे रहे थे... उन्होंने कहा कि विदेश के विषय पर मैं संयम में रहकर बोल रही हूं। हम अमेरिका के साथ अच्छी दोस्ती चाहते हैं, लेकिन वहां से भारत की धार्मिक सहिष्णुता पर टिप्पणियां आती हैं। शायद उनकी (बराक ओबामा) वजह से छह मुस्लिम देशों में 26,000 से ज्यादा बम बरसाए गए थे।

## सीमा पर ड्रोन निगरानी में और मुस्तैद होंगे बीएसएफकर्मी

**शिलांग।** सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी और जवान मेघालय में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ाने के मकसद से ड्रोन निगरानी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके लिए उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एनईएसएसी) को नियुक्त किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक भारत-बांग्लादेश सीमा पर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी और मजबूत करने के मकसद से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एनईएसएसी बीएसएफ के अधिकारियों और जवानों को विभिन्न बैचों में प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। बीएसएफ के मेघालय फ्रंटियर के प्रमुख प्रदीप कुमार ने कहा कि मेघालय में बीएसएफ मवेशियों, दवाओं, खाद्य पदार्थों, कीमती धातुओं की सीमा पार से होने वाली भारी अवैध तस्करी के अलावा मानव तस्करी और बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ का मुकाबला कर रही है।

## नदी में स्नान करने गए छात्र की हुई डूबकर मौत

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** डिब्रूगढ़ जिले के दुलियाजान में आज उस समय एक दुखद घटना हुई जब नदी में साथी के साथ नदी में नहाने गए एक छात्र की डूबकर मौत हो गई। छात्र नतून दिरियाल चाय बागान के दीपक भुइयां का पुत्र तथा बरडूबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का छठी कक्षा का छात्र बताया गया है। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर छात्र की तलाश की। लेकिन, कोई सुराग नहीं मिला। अंत में इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

## भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शिवसागर ( हिंस )।** शिवसागर जिला के आमगुरी और हालोवाटिंग पुलिस द्वारा बीती देर रात को की गई संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया गया। अभियान में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि हालोवाटिंग माधव नगर स्थित एक फार्म हाउस से अवैध शराब की 270 पेटी पुलिस ने जब्त की। एक टाटा डंपर (एनएल-02क्यू-9771) तथा बोलेरो पिकअप (एएस-04बीसी-7946) भी इस दौरान जब्त किया गया। आमगुरी अभयपुरिया के बीजू हैंडिक नामक एक युवक को पुलिस ने इस सिलसिले में गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि आमगुरी और हालोवाटिंग पुलिस ने गुप्त रूप से यह अभियान चलाया था। लंबे समय से असम-नगालैंड के सीमावर्ती इलाकों में अवैध शराब की तस्करी के आरोप लगते रहे हैं।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर उफनाए गदेरे, यात्रा रोकी, पत्थर गिरने से टैक्सी चालक की मौत

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में रविवार सुबह से हो रही बारिश से पहाड़ों पर जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। केदारनाथ पैदल मार्ग पर गदेरे उफान पर आ गए। भारी बारिश को देखते हुए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने सुबह करीब 10:30 बजे केदारनाथ यात्रा रोक दी। यात्रियों को सोनप्रयाग में ही रोक दिया गया। सोनप्रयाग में एक्रो पुल के समीप खड़ी मैक्स के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिर गए जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान वाहन में अन्य कोई और नहीं था। रविवार को अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे सोनप्रयाग बाजार से लगभग आधा किमी आगे एक्रो पुल के दूसरे छोर पर अनिल सिंह बिष्ट (50) निवासी बरम्वाड़ी ने अपना वाहन हाईवे किनारे खड़ा किया। इस दौरान वह वाहन का लॉक ठीक करने लग गए। तभी पहाड़ी से पत्थर वाहन की छत को तोड़ते हुए अंदर जा गिरे जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस व आपदा प्रबंधन द्वारा मशीन से वाहन में गिरे पत्थर हटाने के बाद शव को बमुश्किल से निकाला गया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, टैक्सी-मैक्सी यूनियन के जिलाध्यक्ष राय सिंह राणा सहित अन्य लोगों ने घटना पर दुख जताया है। वहीं, पैदल मार्ग पर गदेरे भी उफान पर रहे। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग अति संवेदनशील स्थानों पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस के जवानों द्वारा यात्रियों को एक-एक कर रास्ता पार कराया गया। केदारनाथ में भी दिनभर बारिश के बीच बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। सुबह पांच बजे से प्रशासन व पुलिस द्वारा सोनप्रयाग से यात्रियों को धाम भेजना शुरू किया गया। सुबह आठ बजे तक 5828 श्रद्धालु धाम के लिए रवाना हुए। वहीं, केदारनाथ जाने के लिए सोनप्रयाग में भक्तों की भीड़ भी जुटती रही। सुबह 10:30 बजे तक प्रशासन द्वारा 7000 यात्री भेजे गए। इसके बाद तेज बारिश और पैदल मार्ग पर कई बरसाती गदेरों के उफान पर होने के कारण सोनप्रयाग से यात्री नहीं भेजे गए। विज्ञापन सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर यात्रियों को सोनप्रयाग में ही रोक दिया गया है जो यात्री धाम के लिए रवाना किए गए थे उनमें से अधिकांश देर शाम तक धाम पहुंच गए।

## साध्वीवृंद का तेरापंथ धर्मस्थल में भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

### मानव का कल्याण करते हैं संत : साध्वी स्वर्णरेखा

**गुवाहाटी।** तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता महातपस्वी आचार्य महाश्रमण की विदुषी सुशिष्या साध्वी स्वर्णरेखा एवं उनकी सहवर्तिनी साध्वी स्वस्तिका, साध्वी सुधांशुप्रभा एवं साध्वी गौतमयशा का रविवार को प्रात: 9.09 बजे तेरापंथ धर्मस्थल में भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए साध्वी ने फरमाया कि संत मानव का हर प्रकार से कल्याण करते हैं। संतों का बहुत बड़ा महत्व होता है। उनके जीवन से चरित्रों की सुगंध आती है। हम गुरु से ऑक्सीजन एवं शक्ति प्राप्त कर अपने जीवन को संवार सकते हैं। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष बजरंग कुमार सुराणा ने साध्वीवृंद का स्वागत-अभिनंदन करते हुए श्रावक-श्राविकाओं एवं सभी समाजबंधुओं से चातुर्मासकाल में अधिकाधिक धर्मलाभ लेने का आह्वान किया। इस मौके पर साध्वी सुधांशुप्रभा एवं गौतमयशा



ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि खुश मन से काम करने से सफलता एवं खुशियां दोनों मिलती हैं। अर्हम् भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से आरंभ स्वागत समारोह में तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष मनीष कुमार सिंघी, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बजरंगलाल डोसी व नवमनोनीत अध्यक्ष बजरंग बैद, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्ष संतोष पुगलिया, तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू देवी भंसाली ने अपने वक्तव्य एवं गीतिका के माध्यम से साध्वीवृंद का स्वागत-अभिनंदन किया। इसके अलावा ज्ञानशाला के बच्चों ने नृत्य नाटिका एवं कन्या मंडल की बहिनों ने परिसंवाद की भव्य प्रस्तुति दी। इसके साथ ही युवतियों ने साध्वीवृंद का परिचय दिया एवं आस्था प्रेस्टीज परिवार ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इससे पूर्व साध्वीवृंद के स्थानीय तेरापंथ धर्मस्थल में भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश के उपलक्ष्य पर प्रात: 8.30 बजे धर्मचंद नवरतनमल गुलाब देवी दुगड़ के जैन गली केदार रोड स्थित निवास स्थान से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जो जेल रोड, चाय गली, एचबी रोड, एमएस रोड होकर तेरापंथ धर्मस्थल पहुंचा। जुलूस एवं स्वागत समारोह में काफी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं के साथ ही समाजबंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन रास्ते की सेवा के संयोजक निलेश पगारिया ने किया। इस आशय की जानकारी तेरापंथी सभा के मंत्री रायचंद पटावरी द्वारा यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

# *पृष्ठ एक का शेष*

## लोकतंत्र सेनानी सभी...

बनाए रखने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित राजनीतिक व्यवस्था बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। भारत के संविधान के निर्माता. बीआर अंबेडकर ने देश में सामाजिक लोकतंत्र की वकालत की जहां स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को भारतीय जीवन का आदर्श माना जाता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में प्राचीन काल से ही लोकतांत्रिक मूल्य प्रचलित रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में हमारा देश लोकतंत्र की जननी है। भारत के इस प्राचीन लोकतांत्रिक मूल्य को सबसे पहले औपनिवेशिक भारत में कमजोर किया गया। फिर अंग्रेजों ने भारत पर कब्जा कर लिया। दूसरी बार तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी ने इन मूल्यों को कुचलकर लोकतंत्र की हत्या करने की साजिश रची। ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जब कई अधिनायकवादी देश के नेताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करने वाले राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कुशासन की रक्षा के लिए जेल बंद दिया। लेकिन पारंपरिक लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले भारत में इंदिरा गांधी द्वारा तमाम विपक्षी नेताओं की आवाज को बंद करने जैसे कुकृत्यों ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून, 1975 की मध्यरात्रि से देश में जो आपातकाल लागू किया गया था, वह किसी हिंसक राजनीतिक गतिविधि या किसी राजद्रोह के कारण नहीं था। आपातकाल इंदिरा गांधी की आक्रामकता और व्यक्तिगत राजनीतिक शक्ति की अभिव्यक्ति थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में अंग्रेजों के शासन को उखाड़ फेंककर देश में लोकतंत्र स्थापित करने के कार्य में जुटी थी कांग्रेस, जो कांग्रेस स्वराज आंदोलन में देश के लाखों लोगों का समर्थन हासिल किया था, उसने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने गांधी परिवार की मदद के लिए काम करना शुरू कर दिया और देश में लोकतंत्र पर बार-बार कुठाराघात किया। इंदिरा गांधी और उनके परिवार के कांग्रेस वफादारों ने उस समय ज्यादातर विपक्षी नेताओं को जेल में डालने के लिए सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इंदिरा गांधी अपने विरोधियों के खिलाफ प्रतिशोधी हो गईं, इसका कारण उनकी हताशा और एक गहरी न्यायिक और राजनीतिक समस्या से उत्पन्न आशंका थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान प्रेस की आवाज दबा दी गई थी। आपातकाल के कलंकित काल के दौरान, असम में कांग्रेस सरकार के कई नेताओं को गिरफ्तार किया गया और जेल में डाल दिया गया। उस समय हमारे लोकतंत्र सेनानी लोकतंत्र की स्थापना के लिए आंदोलन में कूद पड़े थे। अपने आंदोलन के जरिए लोकतंत्र सेनानियों ने भारत के लोगों को देश में फिर से आपातकाल की स्थिति घोषित करने के खिलाफ एक अभेद्य ढाल दी है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रंजीत कुमार दास, अतुल बोरा, केशव महंत, चंद्रमोहन पटवारी, परिमल शुक्लबैद्य, अशोक सिंघल, सांसद क्वीन ओझा, विधायक, मुख्य सचिव पवन कुमार बरठाकुर, लोकतंत्र सेनानी और उनके करीबी रिश्तेदार, शीर्ष अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पीएम मोदी को...

ऑर्डर ऑफ द डुक ग्याल्प से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा मोदी को अमेरिकी सरकार द्वारा लीजन ऑफ मेरिट, बहरीन द्वारा किंग हम्माद ऑर्डर ऑफ द रिनेसांस, मालदीव द्वारा द ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्यूस्ड रूल ऑफ निशां इज्जुद्दीन, रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू से सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त अरब अमीरात का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद अवॉर्ड, फलस्तीन का द ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फलस्तीन अवॉर्ड, अफगानिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान द स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्ला खान और गैर-मुस्लिम गणमान्य व्यक्तियों को दिये जाने वाले सऊदी अरब के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ अब्दुल अजीज अल सऊद से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## विस परिसीमन से ...

वे चुनाव नहीं जीतेंगे, सिर्फ वैसे लोग ही इस परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। राज्य की जनता इस परिसीमन को लेकर खुश है। इनके अलावा भी मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के कई सवालों के सीधे-सीधे उत्तर दिए। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया में कोई समस्या नहीं हुई है। शर्मा ने जोर देकर कहा कि केवल कुछ लोग जो आसन्न चुनावी हार देख रहे हैं, वे इसके खिलाफ शोर मचा रहे हैं। इन दावों का खंडन करते हुए कि राभास, मोरान, मॉटोक्स और अहोम जैसे समुदाय मसौदे से नाखुश हैं, मुख्यमंत्री ने कहा कि वास्तव में, वे सभी खुश हैं। मैं लखीमपुर और धेमाजी (बड़ी आदिवासी आबादी के साथ) गया था और मैंने ऐसा नहीं किया। कुछ भी सुनने को नहीं। मैं मुख्यमंत्री हूं, कुछ होता तो सुन लेता। उन्होंने यह भी बताया कि परिसीमन जनसंख्या के आधार पर किया जाता है, और मसौदे का विरोध करने वालों को कानून या संविधान का कोई ज्ञान नहीं है। 20 जून को जारी परिसीमन के मसौदे में चुनाव आयोग ने असम में विधानसभा सीटों की संख्या 126 और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 14 बरकरार रखने का प्रस्ताव दिया है. आयोग ने विधानसभा और लोकसभा दोनों के अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों की भौगोलिक सीमाओं को बदलने की भी योजना बनाई है, जबकि कुछ सीटें खत्म कर दी जाएंगी और कुछ नई सीटें बनाई जाएंगी। इसके चलते राज्य में विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के सहयोगियों ने विरोध प्रदर्शन किया। परिसीमन प्रस्ताव के मसौदे को लोगों की भावनाओं की अनदेखी कर धार्मिक आधार पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने का भाजपा का प्रयास करार देते हुए विपक्षी दलों ने नागरिकों की *शिकायतों* को चुनाव आयोग के समक्ष पेश करने का फैसला किया है।

## असम बाढ़ पर हर ...

लोगों के साथ मजबूती के साथ खड़ी हुई है। गृह मंत्री अमित शाह ने असम में मदद का आश्वासन दिया है। इसके लिए हर संभव सहायता का आश्वासन गृहमंत्री की ओर से दिया गया है। असम में बाढ़ के पीड़ितों की मदद करने के लिए असम सरकार प्रतिबद्ध है। असम सरकार हाई अलर्ट पर है। इस बाढ़ से जो भी लोग प्रभावित हैं उन्हें जरुरी सहायता दी जा रही है। असम में आई बाढ़ को लेकर हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि भारत सरकार से राज्य को मिली हर संभव मदद के लिए हम पीएम नरेंद्र मोदी का शुक्रिया करते है। एक अधिकारी ने कहा कि असम में बाढ़ की स्थिति रविवार को भी गंभीर बनी रही, नौ जिलों में चार लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हालांकि जलस्तर कम होना शुरू हो गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के एक अधिकारी ने कहा कि इस साल राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की पहली लहर में अब तक तीन लोगों की जान गई है। एएसडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ से बक्सा, बरपेटा, दरांग, धुबड़ी, ग्वालपाड़ा, कामरूप, लखीमपुर, नलबाड़ी और उदलगुरी जिलों में 4,07,700 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

## स्थिति नियंत्रण...

जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को स्टैंड-बाय पर रखा गया है और केंद्र किसी भी आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए तैयार है। सीएम शर्मा ने फोन पर बातचीत के दौरान अमित शाह से यह भी कहा कि राज्य में हालात अब नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे कहा है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। हालांकि, कुछ नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जब भी जरूरत होगी हम गृह मंत्री से संपर्क करेंगे। विशेष रूप से, असम में बाढ़ की स्थिति में शनिवार को सुधार हुआ, हालांकि एक और व्यक्ति की मौत हो गई और एक आधिकारिक बुलेटिन में कहा गया कि 15 जिलों में 4 लाख से अधिक लोग अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ के कारण नलबाड़ी जिले के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे इस साल मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। एएसडीएमए ने कहा कि बजाली, बाक्सा, बरपेटा, चिरांग, दरांग, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, लखीमपुर, नगांव, नलबाड़ी और तामुलपुर जिलों में बाढ़ के कारण 4,07,771 लोग अभी भी संकट में हैं। बाक्सा सबसे बुरी तरह प्रभावित है, जहां लगभग 2,21,587 लोग पीड़ित हैं, इसके बाद बरपेटा में 1,03,996 लोग, नलबाड़ी में लगभग 40,668 लोग और लखीमपुर में 22,060 लोग पीड़ित हैं।

## साइबर अपराध : 238 फर्जी ...

साइबर अपराधियों और फर्जी सिम कार्ड रैकेट के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए असम के मोरीगांव जिले की पुलिस ने एक और अपराधी को गिरफ्तार किया और उसके पास से 238 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए। आरोपी की पहचान अमीनुल हक के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोरीगांव पुलिस ने शनिवार को गोरोइमारी इलाके के रहने वाले अमीनुल हक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो मोबाइल सिम कार्ड रिटेलर की दुकान चला रहा था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इससे पहले मोरीगांव पुलिस ने जिले के विभिन्न हिस्सों में अभियान चलाया था और 4000 से अधिक सिम कार्ड जब्त किए। सत्यापन के दौरान हमने पाया कि इन सिम कार्डों का इस्तेमाल साइबर अपराधों में की गई थी। इससे पहले हमने एक मोबाइल कंपनी के वितरक, एक खुदरा विक्रेता को गिरफ्तार किया था और उन्होंने पिछले दो वर्षों में लगभग 24,000 सिम कार्ड दिए थे। अब हमने अमीनुल हक से 238 सिम कार्ड बरामद किए हैं और इन सिम कार्डों का इस्तेमाल साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी में किया गया था।

## ड्रग्स की बड़ी खेप ...

महंत ने बताया कि मणिपुर के एक समूह द्वारा असम में मादक पदार्थ की खेप लेकर आने की सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। उन्होंने कहा रविवार सुबह एक विशेष सूचना मिली कि तस्करों का समूह एक लक्जरी वाहन में मादक पदार्थ की खेप लेकर आ रहा है। महंत ने कहा कि तस्करों के वाहन का पता लगाया गया और कामरूप जिला पुलिस के साथ एसटीएफ की टीम ने वाहन का पीछा किया। पुलिस से बचने के लिए तस्करों ने मौके से भागने की कोशिश की जिसकी वजह से तस्करों ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और वह हाजो में पोवा मक्का की पहाड़ी से लगभग 100 फुट नीचे गिर गया। उपमहानिरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम ने मणिपुर के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया और पलटे हुए वाहन की तलाशी ली गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने ट्विटर पर लिखा कि आज सुबह, कामरूप पुलिस ने पड़ोसी राज्य के मूल निवासी दो मादक पदार्थ तस्करों को पकड़ा, जो असम में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल थे। उनके पास से 2.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। मादक पदार्थ को साबुन के डिब्बों में छुपाया गया था। मादक पदार्थ की तस्करी से निपटने में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए असम पुलिस को बधाई। महंत ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन की तलाशी के दौरान साबुन के 100 डिब्बों में हेरोइन बरामद की गई जिसका वजन 1.3 किलोग्राम था। इसके बाद गिरफ्तार व्यक्तियों के गुवाहाटी शहर के जालुकबारी स्थित किराये के मकान की तलाशी ली गयी जहां से हेरोइन के 65 और पैकेट बरामद किए गए जिनका वजन 900 ग्राम था। उन्होंने बताया कि तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## त्रिपुरा के 75 गांव ...

होगा और इस साल 15 अगस्त तक पूरा होने वाला है। सूचना और सांस्कृतिक मामलों के सचिव पीके चक्रवर्ती ने बताया कि सभी आठ जिलों में फैले पचहत्तर सीमावर्ती गांवों की पहचान जिला स्तरीय समितियों द्वारा की जाएगी। प्रशासन ने पहले ही राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों और देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की एक सूची तैयार कर ली थी। उन्होंने कहा कि इन गांवों में 75 स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और उनके परिवार के सदस्यों को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। चक्रवर्ती ने आगे कहा कि इस अवसर को चिह्नित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम - मैराथन, साइकिल रैली, क्रांतिवीर संगीत समारोह, सिट एंड ड्रॉ, स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और कार्यों पर गीत और नाटक भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा सभी चिन्हित 75 गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार चिन्हित 75 गांवों में केंद्र और राज्य द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन भी सुनिश्चित करेगी। इस अवसर को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री माणिक साहा पहले ही मुख्य सचिव जेके सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। चक्रवर्ती ने कहा कि मुख्यमंत्री चाहते हैं कि देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रव्यापी पहल *हर घर तिरंगा* की तरह यह कार्यक्रम सभी 75 गांवों में आयोजित किया जाए।

## मणिपुर में महिलाओं ...

भीड़ ने सेना की टुकड़ी को घेर लिया था और उसे अभियान को अंजाम देने से रोका था। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने बार-बार आक्रामक भीड़ से उन्हें कानून के तहत कार्रवाई करने देने की अपील की, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इसके बाद सेना ने मणिपुर में व्याप्त अशांति के कारण जानमाल के अतिरिक्त नुकसान से बचने के लिए वहां से हटने का निर्णय किया। मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय के बीच मई की शुरुआत में भड़की जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय की है और यह मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहती है। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत है और यह मुख्यत: पर्वतीय जिलों में रहती है।

## षोडसी शारीरिक संबंध ...

हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में सफाई दी कि दोनों ने आपसी सहमति के बाद ही शारीरिक संबंध बनाने का फैसला लिया था और इसलिए यह मामला यौन उत्पीड़न की श्रेणी में नहीं आता। पीड़िता ने भी यह बात कबूली की वह उसकी प्रेमिका है और दोनों के सहमति के बाद ही शारीरिक संबंध बनाए गए थे। हाई कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुनाया की यह यौन उत्पीड़न का मामला नहीं है। कोर्ट ने कहा, लड़की 16 साल की है और इस उम्र में मानसिक और शारीरिक विकास हो जाता है। वह शारीरिक संबंध से सबंधित फैसले लेने में बिल्कुल सक्षम है। इस उम्र के लड़के-लड़कियों में समझ होती है कि वे इस बात का फैसला ले सकें कि शारीरिक संबंध बनाने के लिए क्या सही और क्या गलत है। हाई कोर्ट ने कहा कि कानून में आवश्यक बदलाव लाने की जरुरत है। लड़के की वकील ने तर्क दिया था कि यह यौन उत्पीड़न का मामला नहीं है। बल्कि पूरी तरह से सहमति से किया गया कृत्य है। पीड़िता ने खुद अपने बयान में यह बात कबूली है कि इसमें किसी भी तरह की जबरदस्ती नहीं की गई थी।

## 17 करोड़ की ...

एक गुप्त डिब्बे में छुपाए गए 3.47 किलोग्राम हेरोइन से भरे 270 साबुन के डिब्बे बरामद किए और जब्त कर लिए, जिनकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 17 करोड़ रुपए से अधिक है। मिजोरम पुलिस ने कहा कि इसमें शामिल दो आरोपियों - त्रिपुरा के एमडी इदरीश मिया (36 वर्ष) और खुगोन दास (28 वर्ष) को ममित पुलिस स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री ...

के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। एक दिन पहले, गृह मंत्री ने मणिपुर की स्थिति पर सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की थी। तीन घंटे तक चली बैठक में 18 राजनीतिक दलों, पूर्वोत्तर के चार सांसदों और क्षेत्र के दो मुख्यमंत्री शामिल हुए थे। गृह मंत्री ने सर्वदलीय बैठक में बताया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले दिन से ही मणिपुर की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और समस्या का समाधान निकालने के लिए *पूरी संवेदनशीलता के साथ हमारा मार्गदर्शन* कर रहे हैं। शाह ने बैठक में कहा था कि मणिपुर में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और 13 जून के बाद से राज्य में हिंसा में एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है। गृह मंत्री ने स्थिति को सामान्य करने और मणिपुर में विभिन्न समुदायों के बीच जल्द से जल्द शांति और विश्वास बहाल करने में मदद के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का आग्रह किया था। शाह ने सर्वदलीय बैठक में कहा था कि मोदी नीत सरकार सभी को साथ लेकर मणिपुर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **चतुर्दश अध्याय**

**( आध्यात्मिक वंदना )**

**तुम्हरी कृपा कटाक्ष के, भूखें हौ हे नाथ।**
**कवच रूप जन रक्षिता, सर्व ओर प्रभु साथ॥ 17॥**

**शब्दार्थ :** (कटाक्ष) आंख का संकेत, अर्द्धदृष्टि से देखना (कृपा) अनुकंपा (कवच) वख्तर, जिसे अंग रक्षा के लिए सैनिक पहनता है (नाथ) स्वामी।

**भाष्य :** हे नाथ! तेरी कृपा-कटाक्ष का भूखा हूं, तेरी अल्प कृपा कवचरूप से मेरी संरक्षा करती है। हे प्रभो! संरक्षक! सर्व ओर से आप मेरे साथ हैं।

**भक्तन वत्सल हे प्रभु, भक्तन प्राण अधार।**
**नाथ देव हे जान सब, परिभू गोत तुम्हार॥ 18॥**

**शब्दार्थ :** (वत्सल) दया करने वाले (परिभू) सर्व ओर, सर्वाधार (गोद) शरण।

**भाष्य :** हे भक्तों के प्राण-अधार! दया करने वाले परमप्रभो! नाथ! सर्वज्ञ! स्वामिन्! में सर्व ओर से तेरी शरण में हूं। मेरी रक्षा कीजिए।

# विनाशकारी बाढ़ से सब्जियों के दाम छू रहे आसमान



**गुवाहाटी।** असम में आई विनाशकारी बाढ़ से सब्जियों और खाने-पीने की अन्य चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। दरअसल बाढ़ से राज्य की करीब 11 हजार हेक्टेयर जमीन पर खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। इससे राज्य में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। बाढ़ के चलते सप्लाई चेन भी प्रभावित हुई है, इसकी वजह से भी राज्य में खाने-पीने के अन्य सामान की किल्लत हो गई है और जो चीजें मिल रही हैं, वो महंगे दामों पर मिल रही हैं। असम में आई बाढ़ से अभी तक 19 जिलों के करीब 4.89 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। बीते 24 घंटे में बाढ़ से नलबाड़ी जिले में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन की रिपोर्ट के अनुसार, अकेले बाजाली जिले में बाढ़ से ढाई लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा नलबाड़ी में 80061, बारपेटा में 73233, लखीमपुर में 22577, दारंग में 14583, तामुलपुर में 14180, बाक्सा में 7282, गोआलपाड़ा में 4750 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ ने 1538 गांवों को अपनी चपेट में लिया है। ब्रह्मपुत्र नदी धुबरी और जोरहाट जिले में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ प्रभावितों के लिए 14 बाढ़ प्रभावित जिलों में 140 राहत कैंप और 75 राहत डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन राहत कैंपों में 35142 लोग ठहरे हुए हैं। बड़ी संख्या में प्रभावित लोग सड़क के किनारे और अन्य जगहों पर रह रहे हैं।

## गौहाटी हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# कुश्ती महासंघ के चुनावों पर लगाई रोक, 11 जुलाई को निर्धारित था मतदान

**गुवाहाटी।** गौहाटी हाईकोर्ट ने रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव पर स्टे लगा दिया। बता दें कि भारतीय कुश्ती महासंघ के 11 जुलाई को चुनाव होने वाले थे। हालांकि, अब इन चुनावों को लेकर हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया। असम कुश्ती संघ ने डब्ल्यूएफआई, भारतीय ओलंपिक संघ (आईअओए) की तदर्थ समिति और खेल मंत्रालय के खिलाफ दायर याचिका दायर की थी। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने डब्ल्यूएफआई




के 11 जुलाई को होने वाले चुनावों पर रोक लगा दी। याचिका में कहा गया कि असम कुश्ती संघ, डब्ल्यूएफआई का सदस्य होने का हकदार हैं, लेकिन गोंडा (उत्तर प्रदेश) में 15 नवंबर, 2014 को डब्ल्यूएफआई की जनरल काउंसिल को तत्कालीन कार्यकारी समिति द्वारा की गई सिफारिश के बावजूद अनुमति नहीं दी गई। तदर्थ समिति ने मतदाता सूची के लिए नाम भेजने की अंतिम तिथि 25 जून तय की, जबकि नई संचालन संस्था के चयन के लिए चुनाव 11 जुलाई को होने हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता ने डब्ल्यूएफआई से मान्यता नहीं मिलने तक चुनाव में रोक लगाने की मांग की थी।

# मंत्री ब्रह्म ने किया बिजनी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**चिरांग (हिंस)।** चिरांग के अभिभावक मंत्री उर्खाओ गौरा ब्रह्म ने रविवार को चिरांग जिले के बिजनी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। मंत्री ने बिजनी राजस्व सर्किल के तहत 1 नंबर सतियानगुरी तथा 1 नंबर डोंगागांव पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने 1 नंबर डोंगागांव तथा 2 नंबर डोंगागांव को जोड़ने वाली पीडब्ल्यूडी सड़क के बीचोबीच कटाव कर दिया। इसी प्रकार बाढ़ ने 1 नंबर सतियानगुरी में नदी पर बने बांस के पुल को बहा दिया। हालांकि, बाद में प्रशासन ने तत्काल दोनों प्रभावित स्थानों पर बांस के पुलों का निर्माण कराकर यातायात सुगम बनाया। इधर, पिछले साल की बाढ़ ने 1 नंबर सतियानगुरी के एक राजमिस्त्री निमाई दास की जान ले ली थी। लेकिन, आज तक राजमिस्त्री के परिवार को सरकार से मुआवजा नहीं मिला है। हालांकि, मंत्री उर्खओ गौरा ब्रह्म ने इस संबंध में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मंत्री के साथ इस दौरान बिजनी के विधायक अजय कुमार रॉय, सिदली के विधायक जयंत बसुमतारी, बिजनी के महकुमाधिकारी अभिषेक जैन, बिजनी के राजस्व पदाधिकारी दरदी देब रॉय भी मौजूद थे।

# अंडे के ट्रक पर अफीम लाते हुए दो गिरफ्तार

**कामरूप (हिंस)।** कामरूप (ग्रामीण) जिले की रंगिया पुलिस ने बीती देर रात को छापा मारकर भारी मात्रा में अफीम बरामद की। राज्य के बाहर से असम आ रहे एक ट्रक से 5.16 किग्रा अफीम बरामद की गई। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंगिया पुलिस थाने के प्रभारी भास्कर मल्ल पटवारी ने आज बताया कि रंगिया पुलिस उपनिरीक्षक समरज्योति डेका ने बीती रात रंगिया के दक्षिणी भाग में एनएच-27 पर बरलिया नदी के पुल के किनारे यह छापा मारा था। जिसमें हरियाणा से असम के करीमगंज जा रहे ट्रक (पीबी-65बीसी-5967) के इंजन में इतनी मात्रा में अफीम के पांच पैकेट छिपाकर रखे गए थे। ट्रक पर अंडे लदे थे। पुलिस ने तुरंत ट्रक के चालक, पंजाब के रूपनगर जिले के उस्मानपुर गांव के निवासी सुखदेव और हरियाणा कुरुक्षेत्र जिले के बुधानी गांव के हैप्पी सिंह को हिरासत में ले लिया।

# भारी मात्रा में अवैध लकड़ी के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**कोकराझाड़ (हिंस)।** कोकराझाड़ जिलांतर्गत रानीघुली स्थित छठी वाहिनी ससस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की समवाय दादगिरी एवं सीमा चौकी सोनापुर एवं वन विभाग के रूनीखाता रेंज ऑफिस के कर्मियों ने भारी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त किया। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने आज बताया है कि संयुक्त रूप से चलाये गए अभियान के दौरान भारत-भूटान पिलर संख्या-168 के नजदीक नाकेदारा में बीती रात को एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान चिरांग जिला के रुनीखाता गांव निवासी संजय बसुमतारी (36) के रूप में किया गया है। गिरफ्तार तस्कर के पास से एक ट्रैक्टर एवं 3 ट्रॉली में लदे 600 सीएफटी लकड़ी के कुंदे जब्त किया गए। बाद में लकड़ी एवं तस्कर को कानूनी कार्रवाई के लिए रुनीखाता रेंज ऑफिस सौप दिया गया।

# अंबुबासी मेला : कामाख्या मंदिर का कपाट खुलेगा आज

**गुवाहाटी (हिंस)।** कामाख्या मंदिर पूर्वोत्तर का प्राचीन हिंदू मंदिर है। इसी के साथ यह धाम भारत के 51 शक्तिपीठों में से सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है। गुवाहाटी के नीलाचल पहाड़ियों पर स्थित देवी कामाख्या का मंदिर राज्य का सबसे प्रसिद्ध और प्रभावशाली मंदिर माना जाता है। शक्ति उपासना के केंद्र कामाख्या का प्राचीन काल से ही असम के इतिहास में राजनीतिक और धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव रहा है। मान्यता है कि अंबुबासी के दौरान देवी कामाख्या तीन दिनों तक रजस्वला रहती हैं, जिसके चलते मंदिर के कपाट पूजा-पाठ एवं दर्शनार्थ बंद रहता है। प्रत्येक वर्ष 22 जून से 26 जून तक अंबुबासी योग के दौरान शक्तिपीठ कामाख्या धाम में अंबुबासी मेले का आयोजन होता है। इस दौरान साथु-सन्यासी एवं श्रद्धालु लाखों की संख्या में मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कथाओं के अनुसार तंत्र साधना का सबसे बड़ा योग अंबुबासी है। इसलिए अंबुबासी मेले के दौरान बड़ी संख्या में तंत्र साधक भी नीलाचल पहाड़ पर अपनी साधना को पूरा करने के लिए पहुंचते हैं। कथाओं के अनुसार दक्ष की पुत्री सती ने अपने पिता की सहमति के बिना महादेव से विवाह किया था। महादेव को संपत्ति के बिना दक्ष को देखना तक गंवाना नहीं था। एक बार दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया। लेकिन उन्होंने अपने दामाद महादेव को यज्ञ में आमंत्रित नहीं किया। हालांकि, सती बिना बुलाए अपने पिता के यज्ञ स्थल पर पहुंच गईं। अपनी पुत्री को देखकर दक्ष का क्रोध उनके रोम-रोम तक पहुंच गया और वे महादेव को फटकारने लगे। अपने पति का अपमान सहन न कर पाने के कारण सती ने यज्ञ स्थल पर ही प्राण त्याग दिए। महादेव अपनी पत्नी की मृत्यु के दुःख में बेहद दुखी हो गए और सती के शरीर को अपने कंधों पर लेकर विश्व भ्रमण करने लगे। जैसे-जैसे वे इधर-उधर घूमते रहे, शरीर धीरे-धीरे सड़ने लगा और शरीर के हिस्से जगह-जगह गिर गए। ऐसे कई स्थान हैं जहां सती के शरीर के विभिन्न अंग गिरे थे, वहां-वहां तीर्थस्थल बन गया। कई लोगों का मानना है कि भगवान विष्णु ने सती के शरीर को शिव के कंधे पर सुदर्शन चक्र से काट दिया था। परिणामस्वरूप, सती के शरीर के हिस्से देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे और उन हिस्सों में एक शक्ति पीठ का निर्माण हुआ। इन्हीं में से एक है कामाख्या। कामाख्या मंदिर तक पहुंचने के लिए तीन विशेष रास्ते हैं। एक मालीगांव को मां कामाख्या मंदिर से जोड़ने वाली पक्की सड़क है। यह सुगम सड़क मां कामाख्या मंदिर तक ले जाएगी। अंबुबासी के दौरान कामाख्या मंदिर के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु इस सड़क का उपयोग करते हैं। एक सीढ़ीनुमा कामाख्या मंदिर और मालीगांव को जोड़ने वाला मार्ग है। यह सड़क भक्तों को पैदल मां कामाख्या मंदिर के परिसर में प्रवेश करने का मार्ग है। एक किंवदंती यह भी है कि इस सड़क का निर्माण नरकासुर ने किया था। ऐतिहासिक सड़क के रूप में जानी जाने वाली एक अन्य सड़क मेखेला उजावा सड़क है। किरात वंश का नरकासुर, प्रागज्योतिष का स्वामी, देवी कामाख्या का भक्त था। वह नीलाचल पहाड़ियों पर इस मंदिर की स्थापना करने वाले पहले व्यक्ति थे। किंवदंती है कि एक बार नरकासुर को देवी कामाख्या के दर्शन हुए। देवी की स्वर्गीय सुंदरता ने प्रागज्योतिषधिपति को मोहित कर दिया। उन्होंने देवी के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। देवी ने कहा कि देवी और नर्मानिक के लिए विवाह संबंध बनाना असंभव है। लेकिन जब नरकासुर ने उनसे शादी करने की जिद की तो देवी कामाख्या ने उससे छुटकारा पाने के लिए एक योजना बनाई। देवी ने कहा कि यदि नरकासुर मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए रातोंरात नीलाचल पहाड़ी के दक्षिण से मंदिर तक पत्थर की सीढ़ियां बना दे तो वह उससे विवाह करने के लिए राजी हो जाएंगी। देवी ने सोचा कि नरकासुर ऐसा नहीं कर सकता। लेकिन देवी का विचार गलत साबित हुआ और रात होने से पहले ही सीढ़ियां लगभग पूरी हो गईं। देवी ने देखा कि चीजें कठिन थीं; *इसलिए उन्हें साजिश का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।* उसने मुर्गे को बुलाने का आदेश दिया। रात होने से पहले ही मुर्गे ने बांग दे दी। देवी ने नरकासुर से कहा कि मुर्गे ने बांग दी है और अब सुबह हो गई है। नरकासुर शर्तों को पूरा नहीं कर सका। गुस्से में नरसाकुर ने मुर्गे का पीछा किया और जादुई मुर्गे को दो टुकड़ों में काट दिया।

# रंगापाड़ा में अजाप का अधिवेशन आयोजित



**शोणितपुर (हिंस)।** शोणितपुर जिलांतर्गत रंगापाड़ा धेंदाई चाय बागान के खेल मैदान में आज असम जातीय परिषद के भातृ संगठन जातीय चाय शक्ति के शोणितपुर जिला इकाई का अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन के दौरान लगभग चार सौ से अधिक लोगों के द्वारा असम जातीय परिषद में शामिल होने की पार्टी ने जानकारी दी। पार्टी के अध्यक्ष लुरिन ज्योति गोगोई की उपस्थिति में बिश्वनाथ और रंगापाड़ा के लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अधिवेशन क दौरान काफी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे। अपने संबोधन में गोगोई ने कहा कि धेंदाई चाय बागान के नजदीक गाभरु नदी के तट कटाव में चाय की खेती को काफी नुकसान हुआ है, लेकिन वर्तमान सरकार के मंत्री तथा रंगापाड़ा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वर्तमान में सांसद पल्लव लोचन दास ने कोई ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने कहा भाजपा को सिर्फ वोट से मतलब है। वोट मिलने के पश्चात बागान श्रमिकों से कोई मतलब नहीं रहता है। इस मौके पर पार्टी के अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## वज्रपात से हुई मां बेटी की मौत

**तिनसुकिया (हिंस)।** जिले के लेखापानी में रविवार को एक दुखद घटना हुई। घर में पोछा लगाने के समय हुए वज्रपात में मां-बेटी की करुणा मृत्यु हो गई। यह घटना आज दोपहर करीब 12.30 बजे घटित हुई, जब वज्रपात के साथ बारिश आई। लेखापानी थाना अंतर्गत तिनसुती नंबर 2 मैं यह वज्रपात यह घटना घटित हुई। मृतका की पहचान रंजीना भांगड़ा (32) और लड़की की पहचान दीपाली भांगड़ा (04) के रूप में हुई है। घटना के बाद मां-बेटी को उसके परिजनों की मदद से इलाज के लिए ले जाया गया। लेकिन, डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से परिवार के साथ-साथ पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# मेगा पावर कार्यों के चलते पूसीरे के कई ट्रेने रहेंगी रद्द व पुनर्निर्धारित



**गुवाहाटी (हिंस)।** पूर्व रेलवे के गुमानी- न्यू फरक्का जंक्शन- मालदा टाउन सेक्शन के जामिरघाटा स्टेशन पर ढांचागत विकास कार्यों के लिए दो दिवसीय मेगा पावर और ट्रैफिक ब्लॉक को ध्यान में रखते हुए कुछ ट्रेनें रद्द या पुनर्निर्धारित रहेंगी। पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के सीपीआरओ सब्यसाची डे ने रविवार को बताया है कि 27 जून को यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 12363 (कोलकाता- हल्दीबाड़ी) एक्सप्रेस; 28 जून को यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 12364 (हल्दीबाड़ी- कोलकाता) एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 13063 (हावड़ा- बालुरघाट) एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 13064 (बालुरघाट- हावड़ा) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके अलावा 27 जून को अगरतला से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 13174 (अगरतला- सियालदह) कंचनजंगा एक्सप्रेस 08.05 बजे के बजाय 14.05 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। 30 जून को सिलचर से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 13176 (सिलचर- सियालदह) कंचनजंगा एक्सप्रेस 11.35 बजे के बजाय 14.35 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। 28 जून को सियालदह से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 13175 (सियालदह- सिलचर) कंचनजंगा एक्सप्रेस 06.35 बजे के बजाय 12.35 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। 28 जून को हावड़ा से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 13053 (हावड़ा- राधिकापुर) कुलिक एक्सप्रेस 08.55 बजे के बजाय 12.25 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। 28 जून को कोलकाता से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 13161 (कोलकाता- बालुरघाट) एक्सप्रेस 12.55 बजे के बजाय 13.55 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। 28 जून को बालुरघाट से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 13432 (बालुरघाट- नवद्वीप धाम) एक्सप्रेस 14.30 बजे के बजाय 18.00 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। इसके अलावा, 1 जुलाई से 31 जुलाई तक यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 52539 (न्यू जलपाईगुड़ी- दार्जिलिंग) एसी पैसेंजर और 4 जुलाई से 1 अगस्त तक यात्रा शुरू करने वाली ट्रेन संख्या 52538 (दार्जिलिंग- न्यू जलपाईगुड़ी) एसी पैसेंजर संरक्षण में कमी के कारण रद्द रहेगी।

# रंगिया : ट्रक के कैबिन से संदिग्ध अफीम बरामद, दो गिरफ्तार



**रंगिया (विभास)।** रंगिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की रात्रि एक अभियान चलाकर एक ट्रक के कैबिन से भारी मात्रा में संदिग्ध अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार यह अभियान रंगिया थाना प्रभारी भाष्कर मल्ल पटवारी के नेतृत्व में तथा नगर परिदर्शक समर ज्योति डेका द्वारा रंगिया की बोरोलिया ब्रिज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर चलाया गया जिसके अंतर्गत बाहरी राज्य से आ रहे एक ट्रक जिसका पंजीकरण नंबर पीबी65बीसी 5967 को रोका गया और पुलिस ने दो व्यक्तियों क्रमशः सुखदेव पुत्र- लेट करमचंद, गांव- ओस्मानपुर थाना- नूरपुर, जिला- रूपनगर, पंजाब और हैप्पी सिंह पुत्र- लेट बलबिंदर सिंग, गांव- बोधोनी, थाना- फोवा, जिला- कुरूक्षेत्र, (हरियाणा) को पकड़ने में सफलता हासिल की तथा उक्त ट्रक के इंजन साइड कैबिन में छिपाकर रखी हुई 5.16 किलोग्राम संदिग्ध अफीम बरामद की गई। वाहन अंडों से लदा हुआ था जोकि हरियाणा से करीमगंज की ओर जा रहा था।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच पर *नॉलेज बैंक* का विमोचन

**होजाई (निसं)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच पर आधारित *नॉलेज बैंक* का हुआ विमोचन। गौरतलब है, नॉलेज बैंक के रचयिता पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष व वर्तमान में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मोहित नाहटा है। विमोचन के पश्चात नाहटा ने कहा कि मुझे आपके समक्ष *नॉलेज बैंक* प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है, जो एक व्यापक ई-पुस्तक है जिसमें मंच के बारे में प्रचुर मात्रा में जानकारी शामिल है। हमारे युवा सदस्यों को मंच से संबंधित विभिन्न विषयों तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए इस संसाधन को सावधानीपूर्वक संकलित किया गया है। यह स्वीकार करते हुए कि हमारे मंच के कई दस्तावेज, जैसे कि संविधान और शाखा मैनुअल, मुख्य रूप से हिंदी में उपलब्ध हैं, मैंने सभी के लिए पठनीयता और समझ सुनिश्चित करने के लिए उन्हें अंग्रेजी में अनुवाद करने और प्रस्तुत करने की पहल की है। उन्होंने आगे कहा यदि आपको इस ई-पुस्तक में कोई त्रुटि या चूक दिखे, तो कृपया उसे मेरे ध्यान में लाएँ ताकि मैं सामग्री को तुरंत अद्यतन कर सकूं। अंत में उन्होंने कहा मैं उन सभी लोगों की हार्दिक सराहना करता हूं जिन्होंने इस नॉलेज बैंक की तैयारी में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मेरा समर्थन किया है। इस दौरान पूर्वोत्तर प्रदेशिय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष पंकज जालान व महामंत्री सुभाष सुराणा सहित सभी सदस्यों ने अखिल भारतीय




मारवाड़ी युवा मंच की नॉलेज बैंक प्रस्तुत करने हेतु मोहित नाहटा को साधुवाद देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा की इस पुस्तक से युवा साथियों को मंच के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सहज रूप से जान सकेंगे। उक्त आशय की जानकारी पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के जनसंपर्क विभाग के समन्वय निखिल कुमार मुंदडा ने दी।

# अभिनय और फिल्म निर्माण पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

## प्रसिद्ध बॉलीवुड लेखक-निर्देशक सजिद सामजी के साथ काम करने का सुनहरा मौका

**गुवाहाटी (विभास)।** असम सहित पूर्वोत्तर के युवाओं को बॉलीवुड में अभिनय का मौका देने के उद्देश्य से अभिनय और फिल्म निर्माण पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र को संबोधित करने के लिए जू रोड़ स्थित ड्रीम हाउस म्यूजिक एंड फिल्म अकादमी परिसर में रविवार को बॉलीवुड लेखक-निर्देशक सजिद सामजी विशेष रूप से उपस्थित थे। दर्शकों को *सिंघम, सिम्बा, हाउसफुल 3, चेन्नई एक्सप्रेस* और *एंटरटेनमेंट* जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके लेखक-निर्देशक सजिद सामजी ने युवाओं को अभिनय एवं फिल्म निर्माण के गुर बताएं। इस दौरान सजिद श्याम जी ने कहां की यहां के युवाओं में हुनर की कोई कमी नहीं बस उन्हें जरूरत है तो उचित मंच की। ड्रीम हाउस म्यूजिक एंड फिल्म एकेडमी के माध्यम से यहां के बच्चे बॉलीवुड में अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। ड्रीम हाउस म्यूजिक एंड फिल्म अकैडमी असम सहित पूर्वोत्तर के युवाओं के लिए इस




सत्र के माध्यम से एक सुनहरा मौका भी लेकर आया है। सजिद सामजी ड्रीम हाउस अकादमी में नियमित सप्ताहांत अभिनय और फिल्म निर्माण कक्षाएं आयोजित करेंगे, जो छात्रों और उभरते प्रतिभाशाली अभिनेताओं व फिल्म निर्माताओं को उद्योग के उस्तादों से सीधे सीखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेंगा। तीन महीने के अल्पकालिक पाठ्यक्रम के बाद मुंबई में प्रतिष्ठित एसजे स्टूडियो में श्री सामजी के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। सजिद सामजी, अपने सहयोगी के साथ, अभिनय और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अपने व्यापक ज्ञान और अनुभव को साझा करते हुए छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। ये विशेष कक्षाएं प्रतिभागियों के कौशल को बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने, उन्हें सिनेमा की दुनिया में एक सफल करियर के लिए तैयार करने के लिए तैयार किया गया हैं। अभिनय, फिल्म निर्माण और सिनेमैटोग्राफी के चयनित छात्रों को सजिद सामजी के साथ सहयोग करने का असाधारण मौका मिलेगा। तीन महीने का लघु पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद, सजिद सामजी चयनित छात्रों के साथ मिलकर प्रति बैच एक लघु फिल्म बनाएंगे, जो उनके काम के वितरण और प्रदर्शन के लिए लोकप्रिय प्लेटफार्मों को परिलक्षित करेंगे। छात्र व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे और कुशल निदेशक के साथ काम करेंगे, जिससे उनके विकास को बढ़ावा मिलेगा और उनकी रचनात्मकता का पोषण होगा। इन लघु फिल्मों की शूटिंग मुंबई के प्रतिष्ठित एसजे स्टूडियो में होगी, जो उद्योग में सबसे प्रसिद्ध और अच्छी तरह से सुसज्जित स्टूडियो में से एक है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे छात्रों को उस स्टूडियो के भीतर होने वाले अन्य प्रोडक्शन हाउस की शूटिंग देखने का मौका मिलेगा। यह अमूल्य प्रदर्शन उनके कौशल को और बढ़ाएगा, उनके क्षितिज को व्यापक बनाएगा और उद्योग में उनके करियर के लिए एक मजबूत नींव रखेगा। ड्रीम हाउस अकादमी अपने छात्रों के लिए व्यापक अवसर प्रदान करने में विश्वास करती है। सजिद सामजी की परियोजनाओं पर काम करने के अलावा, अभिनय, फिल्म निर्माण और सिनेमैटोग्राफी के चयनित छात्रों को मुंबई में अन्य प्रमुख परियोजनाओं में भाग लेने का मौका भी दिया जाएगा। ड्रीम हाउस म्यूजिक एंड फिल्म एकेडमी की प्रबंध निर्देशिका नीता शर्मा ने कहा कि ड्रीम हाउस एकेडमी को साजिद सामजी के साथ भागीदार होने पर गर्व है और हमें विश्वास है कि यह सहयोग असम सहीत पूर्वोत्तर के महत्वाकांक्षी अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं के लिए सीखने के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। श्रीमती शर्मा ने आगे कहा कि अकादमी प्रतिभा को निखारने और छात्रों को उनके चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# समुद्री पड़ोसी देशों के साथ योग दिवस मनाकर लौटने लगे भारत के युद्धपोत

**- भारतीय युद्धपोतों ने योग दिवस मनाने के साथ अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लिया**

**- भारत और केन्या की नौसेनाओं ने साझेदारी में एक समुद्री अभ्यास भी किया**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** 'ओशन रिंग ऑफ योग' थीम के हिस्से के रूप में समुद्री पड़ोसी देशों के साथ 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए गए भारतीय नौसेना के युद्धपोत अब भारत लौटने लगे हैं। आईएनएस सुनयना ने मोम्बासा (केन्या), आईएनएस त्रिशूल ने टोमासिना (मेडागास्कर) और आईएनएस तरकश ने मस्कट (ओमान) के बंदरगाहों पर योग दिवस मनाने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। भारत और केन्या की नौसेनाओं ने स-झेदारी में एक समुद्री अभ्यास भी किया।



**आईएनएस सुनयना -** ओशन रिंग ऑफ योग विषय पर समुद्री पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में आईएनएस सुनयना ने 20-23 जून तक केन्या के मोम्बासा बंदरगाह का दौरा किया। वहां पहुंचने पर जहाज का स्वागत भारतीय उच्चायोग के प्रतिनिधियों ने किया। जहाज के कमांडिंग ऑफिसर ने केन्या नौसेना के डिप्टी कमांडर ब्रिगेडियर वाईएस अब्दी से मुलाकात की और संपूर्ण विश्व को एक साथ लाने की दिशा में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय नौसेना कर्मियों और केन्याई रक्षा बलों की भागीदारी में एक संयुक्त योग सत्र का आयोजन किया गया। भारत और केन्या की नौसेनाओं के चालक दलों ने बंदरगाह फेज के दौरान अग्निशमन और डैमेज कंट्रोल, बोर्डिंग अभ्यास, असंयमित खतरा सिमुलेशन तथा वीबीएसएस का अभ्यास किया। केन्या नौसेना के लिए जहाज पर एक एचएडीआर कैप्सूल का भी आयोजन किया गया। केन्याई रक्षा बल (केडीएफ) के प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओ ओगोला के सम्मान में भारतीय नौसेना के उप-प्रमुख वाइस एडमिरल संजय महेंद्रू ने सुनयना में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नैरोबी में भारत की उच्चायुक्त महामहिम नामग्या खंपा ने भी हिस्सा लिया। अपने संबोधन में जनरल फ्रांसिस ने केन्या नौसेना कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए भारतीय नौसेना के प्रति आभार जताया तथा दोनों देशों के बीच निरंतर सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

भारतीय नौसेना के उप-प्रमुख ने केन्या नौसेना के कमांडर मेजर जनरल जिमसन मुथाई को 200 लाइफ जैकेट उपहार में दीं। भारतीय नौसेना की सामाजिक आउटरीच गतिविधियों और सामुदायिक कल्याण के अनुरूप मोम्बासा के एक अनाथालय में रसद का वितरण किया गया। 23 जून को मोम्बासा से प्रस्थान होते समय आईएनएस सुनयना ने केन्या नौसेना के जहाज जसीरी के साथ पैसेज अभ्यास किया। मोम्बासा की यात्रा भारत और केन्या के बीच मजबूत एवं दीर्घकालिक संबंधों की पुष्टि करती है तथा समुद्री क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूती प्रदान करेगी।

**आईएनएस त्रिशूल -** अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ भारत के सौहार्दपूर्ण संबंधों को दर्शाते हुए आईएनएस त्रिशूल ने 19-22 जून तक मेडागास्कर के टोमासिना में एक बंदरगाह कॉल किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुए कार्यक्रम में जहाज की कंपनी, गवर्नर और मेयर कार्यालय के अधिकारी, मालागासी सशस्त्र बल, महिला पुलिस, भारत के राजदूत सहित भारतीय दूतावास के सदस्य आदि 352 कर्मी शामिल थे। इस कार्यक्रम में डॉक्टरों, नर्सों, भारतीय प्रवासियों के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। मेडागास्कर के अंत्सिरानाना क्षेत्र के गवर्नर रफी-डिसन रिचर्ड थिओडोर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। जहाज के कमांडिंग ऑफिसर ने मालागासी के गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात की। भारतीय और मालागासी सशस्त्र बलों के कर्मियों ने व्यापक स्तर पर व्यावसायिक बातचीत की। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग और आपसी समझ को बढ़ाना था। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर टोमासिना के द मेयर हॉल में एक बैंड प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के नौसेना बैंड और बेट्सिमिसारका लोकगीत समूह 'एसएएचवाई' ने गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में प्रदर्शन करके मनमोहक संगीत प्रस्तुतियां दीं। जहाज आईएनएस त्रिशूल 21 जून को मेडागास्कर के टोमासिना में पर्यटकों के लिए खुला रखा गया और लगभग 400 पर्यटक आए। भारतीय नौसेना के 'मैत्री के पुल' के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के मिशन के हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना के जहाजों को नियमित रूप से विदेशों में तैनात किया जाता है। तलवार श्रेणी के युद्धपोतों में से दूसरा आईएनएस त्रिशूल 25 जून, 2003 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। यह जहाज अत्याधुनिक हथियार और सेंसर पैकेज से सुसज्जित है तथा एक मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर भी इसमें शामिल है।

**आईएनएस तरकश -** भारतीय नौसेना के जहाज तरकश ने 19-22 जून तक मस्कट (ओमान) में बंदरगाह यात्रा की। इस दौरान जहाज ने योग दिवस पर कई गतिविधियां आयोजित कीं। 21 जून को कमांडिंग ऑफिसर ने जहाज के चालक दल के साथ इंडियन स्कूल मस्कट में योग यात्रा में भाग लिया। ओमान में भारत के राजदूत ने योग शुरू होने से पहले आईएनएस तरकश के कमांडिंग ऑफिसर को कार्यक्रम स्थल पर मौजूद करीब 2000 प्रतिभागियों के बीच सम्मानित किया। पोर्ट कॉल के दौरान जहाज के चालक दल ने ओमान के सशस्त्र बलों के सुल्तान के साथ बातचीत की। सुल्तान के सशस्त्र बल संग्रहालय और समुद्री सुरक्षा केंद्र, मस्कट ओमान का दौरा भी किया। इन कार्यक्रमों में भारतीय नौसेना और ओमान की रॉयल नेवी के बीच घनिष्ठ मित्रता के संबंध उजागर हुए।

## संवैधानिक मूल्यों के विपरीत था आपातकाल: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोकतंत्र के काले दिन उन मूल्यों के बिल्कुल विपरीत थे जिनका जश्न हमारा संविधान मनाता है। प्रधानमंत्री ने आपातकाल लागू होने की बरसी पर आज ट्वीट किया- मैं उन सभी स-हसी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और हमारी लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। आपातकाल के काले दिन हमारे इतिहास में एक अविस्मरणीय अवधि है, जो हमारे संविधान द्वारा मनाए गए मूल्यों के बिल्कुल विपरीत है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में आपातकाल के दौरान राजनीतिक बंदियों को दी गई यातनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमें लोकतंत्र के खिलाफ हुए इस अपराधों को याद रखना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के 102वें एपिसोड में कहा था कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हम अपने लोकतांत्रिक आदर्शों और संविधान को सर्वोपरि मानते हैं।



ऐसे में हम 25 जून को कभी नहीं भुला सकते। यह वही दिन है जब हमारे देश पर आपातकाल थोपा गया था। यह भारत के इतिहास का काला दौर था। लाखों लोगों ने आपातकाल का पूरी ताकत से विरोध किया था। लोकतंत्र के समर्थकों पर उस दौरान अत्याचार किया गया था। इतनी यातनाएं दी गईं कि आज भी मन सिहर उठता है। उन्होंने कहा था कि इन अत्याचारों पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं। स्वयं उन्हें भी पुस्तक लिखने का मौका मिला। कुछ दिनों पहले उन्होंने ऐसी एक पुस्तक देखी टॉर्चर ऑफ पॉलीटिकल प्रिजनर्स इन इंडिया। पुस्तक में वर्णन किया गया है कि इमरजेंसी के दौरान कैसे उस समय की सरकार लोकतंत्र के रखवालों पर क्रूरता से व्यवहार कर रही थी। इसके बारे में जानकार आज की युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के मायने और उसकी अहमियत समझने में और ज्यादा आसानी होगी।

## बरसात से दिल्ली और आसपास का मौसम सुहावना, राजधानी और मुंबई में मानसून कल दे सकता है दस्तक

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और समूचे एनसीआर में बरसात से मौसम खुशगवार और कुछ ठंडा हो गया है। देररात से शुरू बारिश अभी भी जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग का दावा है कि देश के पश्चिमी छोर पर समुद्र के किनारे स्थित मुंबई और दिल्ली में मानसून एक साथ दस्तक देगा। इसके 26 जून तक पहुंचने की संभावना है। आम तौर पर मानसून एक जून तक केरल, 11 जून तक मुंबई और 27 जून तक दिल्ली पहुंचता है। विभाग के अनुसार, चक्रवात बिपरजॉय के कारण इस पर असर पड़ा है। धीमी शुरूआत के बाद मानसून अब तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। मध्य भारत में मानसून निर्धारित समय से 10-12 दिन पीछे है। महाराष्ट्र, पूरे कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पूर्वोत्तर भारत, बंगाल, झारखंड व बिहार के कुछ हिस्सों सहित कई क्षेत्रों में पहुंच गया है। दक्षिण पश्चिमी मानसून के पहुंचने के कारण शनिवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश में अच्छी वर्षा हुई। पूर्वी उत्तर प्रदेश में मानसून के दस्तक देते ही भारी बारिश और आकाशीय बिजली से जानी क्षति होने लगी है। शनिवार को सोनभद्र, गाजीपुर, वाराणसी, जौनपुर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई। मानसून के आगामी दो दिनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ दिल्ली में भी पहुंचने की संभावना है। मानसून छत्तीसगढ़ से होता हुआ शनिवार को मध्य प्रदेश पहुंच गया। आज मध्य प्रदेश के सागर, नर्मदापुरम, शहडोल, रीवा, भोपाल, उज्जैन, इंदौर एवं जबलपुर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बरसात हो सकती है। अलीर-ाजपुर, झाबुआ एवं सागर जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी भी जारी की गई है।



## सुरक्षाबलों के लिए कठिन हो रहा है मणिपुर में अभियान चलाना

**-भीड़ के दबाव में सुरक्षाबलों को 12 केवाईकेएल उग्रवादियों को छोड़ना पड़ा**

**इंफाल, (हि.स.)।** मणिपुर में हिंसा से निपटना सुरक्षाबलों के लिए कठिन हो रहा है। एक और उपद्रवी तत्व हिंसा फैलाने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर कानून के अनुसार कार्रवाई करने की राह में सुरक्षाबलों को अनेक रुकावटें आ रही हैं। सुरक्षा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय महिला संगठन जवानों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा कर प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाओं का आरोप है कि इंफाल पूर्व के कांग्लातोंबी इलाके की महिलाओं ने कांग्लातोंबी बाजार बोर्ड की महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार किया। जिसके कारण महिलाओं ने केंद्रीय बलों का मुकाबला किया। यह घटना कांग्लातोमबी ब्रिज और कांग्लातोम्बी बाजार बोर्ड के बीच हुई। सूत्रों के अनुसार, कैप्टन मनिंगबा के नेतृत्व में मोटबुंग में तैनात केंद्रीय बलों की एक टीम कांगलातोम्बी पहुंची और मैतेई आवासों की तलाशी शुरू कर दी। आरोप लगाया गया है कि लगभग 15 कर्मियों की सुरक्षा बलों की एक टीम कांग्लातोंबी पहुंची, लेकिन केंद्रीय बलों को देखकर आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट एकत्र हो गए और सुरक्षाकर्मियों को वहां से लौट जाने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कम आबादी का फायदा उठाते हुए केंद्रीय बल कुकी उग्रवादियों के साथ मिलकर इलाके में मैतेई समुदाय को निशाना बना रहे हैं। सुरक्षा बलों ने रविवार की सुबह इंफाल में तलाशी अभियान शुरू किया था। रक्षा सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2015 के डोगरा हमले के छह मामलों का मास्टरमाइंड स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल मोइरांगथेम तम्बा उर्फ उत्तम समेत 12 उग्रवादियों को पकड़ लिया था, लेकिन महिलाओं और स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में तकरीबन 13 सौ से 15 सौ लोगों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया और भीड़ के दबाव में 12 केवाईकेएल उग्रवादियों को रिहा करना पड़ा। प्रवक्ता के अनुसार, महिलाओं के नेतृत्व वाली भीड़ के विरुद्ध बल प्रयोग करने से बचते हुए सभी 12 कैडरों को स्थानीय नेताओं के हवाले कर दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्थानीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के जरिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



## सुरक्षाबलों के लिए कठिन हो रहा है मणिपुर में अभियान चलाना

**इंफाल, (हि.स.)।** मणिपुर में हिंसा से निपटना सुरक्षाबलों के लिए कठिन हो रहा है। एक और उपद्रवी तत्व हिंसा फैलाने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर कानून के अनुसार कार्रवाई करने की राह में सुरक्षाबलों को अनेक रुकावटें आ रही हैं। सुरक्षा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय महिला संगठन जवानों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा कर प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाओं का आरोप है कि इंफाल पूर्व के कांग्लातोंबी इलाके की महिलाओं ने कांग्लातोंबी बाजार बोर्ड की महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार किया। जिसके कारण महिलाओं ने केंद्रीय बलों का मुकाबला किया। यह घटना कांग्लातोमबी ब्रिज और कांग्लातोम्बी बाजार बोर्ड के बीच हुई। सूत्रों के अनुसार, कैप्टन मनिंगबा के नेतृत्व में मोटबुंग में तैनात केंद्रीय बलों की एक टीम कांगलातोम्बी पहुंची और मैतेई आवासों की तलाशी शुरू कर दी। आरोप लगाया गया है कि लगभग 15 कर्मियों की सुरक्षा बलों की एक टीम कांग्लातोंबी पहुंची, लेकिन केंद्रीय बलों को देखकर आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट एकत्र हो गए और सुरक्षाकर्मियों को वहां से लौट जाने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कम आबादी का फायदा उठाते हुए केंद्रीय बल कुकी उग्रवादियों के साथ मिलकर इलाके में मैतेई समुदाय को निशाना बना रहे हैं। सुरक्षा बलों ने रविवार की सुबह इंफाल में तलाशी अभियान शुरू किया था। रक्षा सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2015 के डोगरा हमले के छह मामलों का मास्टरमाइंड स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल मोइरांगथेम तम्बा उर्फ उत्तम समेत 12 उग्रवादियों को पकड़ लिया था, लेकिन महिलाओं और स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में तकरीबन 13 सौ से 15 सौ लोगों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया और भीड़ के दबाव में 12 केवाईकेएल उग्रवादियों को रिहा करना पड़ा। प्रवक्ता के अनुसार, महिलाओं के नेतृत्व वाली भीड़ के विरुद्ध बल प्रयोग करने से बचते हुए सभी 12 कैडरों को स्थानीय नेताओं के हवाले कर दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्थानीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के जरिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



## दरबार साहिब में नतमस्तक हुए भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडे

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** भारत के सेना प्रमुख मनोज पांडे रविवार की सुबह परिवार समेत सचखंड दरबार साहिब में नतमस्तक हुए। मनोज पांडे के साथ उनकी पत्नी अर्चना पांडे तथा ब्रिगेडियर सीबीके बैनर्जी भी मौजूद थे। मनोज पांडे का यहां पहुंचने पर शिरोमणि कमेटी के उप सचिव शहबाज सिंह, सूचना अधिकारी अमृतपाल सिंह ने हरिमंदिर साहिब की मयार्दा, सिख परंपराओं तथा यहां के धार्मिक स्थलों के इतिहास के बारे में अवगत कराया। मनोज पांडे ने यहां माथा टेकने के बाद कुछ समय गुरबाणी कीर्तन भी सुना और अकाल तख्त साहिब पर जाकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। सेना प्रमुख को एसजीपीसी की तरफ से भगवंत सिंह सयालका, हरजपा सिंह सुलतानविंड, शिरोमणि कमेटी के ओएसडी सतबीर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से सम्मानित करते हुए दरबार साहिब का मॉडल व धार्मिक पुस्तकें प्रदान की। एसजीपीसी के सदस्य एडवोकेट भगवंत सिंह ने सेना प्रमुख के साथ सिखों के कई धार्मिक मामलों पर भी चर्चा की।

सेना प्रमुख मनोज पांडे ने यहां की यात्री किताब में लिखा कि हरिमंदिर साहिब में माथा टेकने तथा प्रमात्मा का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। परमात्मा के आगे अरदास है कि भारतीय सेना के सभी रैंकों को बेहतर स्वास्थ्य एवं खुशियां प्रदान करें।

## सीएम स्टालिन ने पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह को बताया क्रांतिकारी नेता

**चेन्नई (ईएमएस)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने पूर्व पीएम वीपी सिंह को क्रांतिकारी नेता बताया है। सीएम व द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने रविवार को दिवंगत नेता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्हें एक ह्लक्रांतिकारी नेताह्व बताया। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, सिंह और दिवंगत डीएमके प्रमुख एम. करुणानिधि ने वंचितों को सशक्त बनाने का एक लक्ष्य साझा किया था। स्टालिन ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की जयंती के अवसर पर, मैं एक क्रांतिकारी नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ थे। उन्होंने निडरता से सामाजिक न्याय का समर्थन किया और सभी को यह कहने के लिए प्रोत्साहित किया कि आरक्षण हमारा अधिकार है। वी.पी. सिंह की विरासत हमारे नेता थलाइवर कलैग्नार करुणानिधि की भावना से जुड़ी हुई है क्योंकि उन्होंने वंचितों को सशक्त बनाने का एक लक्ष्य साझा किया था। इस दौरान सीएम ने सिंह और करुणानिधि की एक पुरानी तस्वीर भी साझा की।



## अलकायदा आतंकी अब्दुल सामी को दिल्ली की तिहाड़ जेल से शिफ्ट करके जमशेदपुर लाया गया

**जमशेदपुर, (हि.स.)।** अलकायदा के आतंकी अब्दुल सामी को दिल्ली की तिहाड़ जेल से जमशेदपुर घाघीडीह सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया है। वह अलकायदा की शाखा अल-कायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़ा है। दिल्ली की पटियाला हाउस की विशेष न्यायालय ने अब्दुल सामी समेत चार आतंकियों को फरवरी में सजा सुनाई थी। जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के धतकीडीह निवासी अब्दुल सामी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हरियाणा के मेवात क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। अलकायदा इन इंडियन सब कंटिनेंट (एक्यूआइएस) के आतंकी अब्दुल सामी पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर मंसेरा में अलकायदा के आतंकी कैंप में हथियारों का प्रशिक्षण ले चुका है। अब्दुल सामी 2001 से कटक में मदरसा चलाने वाले मौलाना अब्दुल रहमान के संपर्क में था। वही इसे 2014 में दुबई के रास्ते पाकिस्तान ले गया था। वह पहले कराची में ठहरा, जहां उसकी मुलाकात एक्यूआईएस के भारत चीफ मोहम्मद आसिफ व अन्य आतंकियों से कराई गई। मंसेरा में सामी ने हथियार चलाने व बम फेंकने की ट्रेनिंग ली। ट्रेनिंग के बाद सामी 2015 में शारजाह होते हुए दिल्ली आ गया। वह पुलिस व इंटेलिजेंस से बचने के लिए मेवात में छिपकर रह रहा था। दिल्ली पुलिस ने उसे अपर जिला व सत्र न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय के न्यायालय में प्रोडक्शन वारंट पर पेश किया था। कागजी कार्रवाई के बाद न्यायालय ने उसे जमशेदपुर के घाघीडीह सेंट्रल जेल में भेज दिया।



दरअसल, अब्दुल सामी, अब्दुल रहमान कटकी, मौलाना कलीमुद्दीन, अब्दुल मसूद और नसीम समेत अन्य के विरुद्ध 25 जनवरी, 2016 को जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इन लोगों के खिलाफ आतंकवादी संगठन अलकायदा से जुड़ने, संगठन का विस्तार करने, जेहाद के लिए युवाओं को भड़काने और देशद्रोह का आरोप है। अब इस मामले को झारखंड एट-ीएस देख रहा है। देशभर में आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने और आतंकी समूह के लिए सदस्यों की भर्ती करने को लेकर दिल्ली की पटियाला हाउस की विशेष न्यायालय ने अलकायदा के चार आतंकियों को 14 फरवरी, 2023 को सजा सुनाई थी। कोर्ट ने अब्दुल सामी, ओडिशा के कटक जिला के जगतपुर के मौलाना मो. अब्दुल रहमान कासमी समेत मो. आसिफ और जफर मसूद को सात साल पांच माह सश्रम कार-ावास और 25-25 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई थी।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर करंट लगने से महिला की मौत

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शनिवार शाम से ही झमाझम बारिश हो रही है। इसी कारण कई जगहों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी क्रम में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में बारिश का पानी भर गया था। इसमें बिजली का तार टूटकर डूबा हुआ था, जिसके संपर्क में आने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पानी में बिजली का तार टूट कर गिर गया था और उसमें करंट दौड़ रहा था। जानकारी के मुताबिक महिला की पहचान प्रीत विहार निवासी साक्षी आहूजा के तौर पर हुई है। वह अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने जा रही थी कि करंट की चपेट में आ गई। इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। परिजनों के मुताबिक, साक्षी भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पर टैक्सी से उतरी। तेज बारिश की वजह से काफी जलभराव हो गया था और महिला लेट भी हो चुकी थी तो उसने पैदल ही जाने का निर्णय लिया, लेकिन कुछ ही दूरी पर पानी भरा हुआ था। जैसे ही महिला पानी में उतरी, तो पानी में करंट था। करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मृतक महिला के पिता लोकेश कुमार चोपड़ा का कहना है कि जब मुझे सूचना मिली कि मेरी बेटी साक्षी आहूजा की करंट लगने से मौत हो गई है, तब मैं पार्किंग एरिया में था। ये संबंधित अधिकारी की लापरवाही के कारण हुआ है। वहीं पुलिस ने बताया कि एक महिला के अचेतावस्था में होने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। साक्षी को उसकी बहन माध्वी चोपड़ा ने लेडी हार्डिंग मे-डिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## अभी अमेरिकी एमक्यू-9 बी ड्रोन की कीमतें तय नहीं : रक्षा मंत्रालय

**- अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर ड्रोन के दाम पर होगी बातचीत**

**- जनरल एटॉमिक्स से तालमेल करके अन्य देशों की तुलना में कम कीमत पर होगी खरीद**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने अमेरिका से खरीदे जाने वाले 31 एमक्यू-9बी ड्रोन को लेकर साफ किया है कि अभी इनकी कीमतें तय नहीं हुईं हैं, अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी। कीमत और खरीद की अन्य नियम एवं शर्तें अभी तय नहीं की गई हैं और ये बातचीत के अधीन हैं। एमओडी जनरल एटॉमिक्स (जीए) से तालमेल करके अन्य देशों की तुलना में सर्वोत्तम कीमत से खरीद करेगा। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 15 जून को तीनों सेनाओं के लिए 31 एमक्यू-9बी हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (हेल) रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम के अधिग्रहण के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। इसमें 16 स्काई गार्जियन और 15सी गार्जियन ड्रोन हैं। यह खरीद संयुक्त राज्य अमे-रिका से विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से की जानी है। एओएन में संबंधित उपकरणों के साथ खरीदे जाने वाले यूएवी की संख्या शामिल थी।



हालांकि, डीएसी ने एओएन में अमेरिकी सरकार से प्रदान की गई 3,072 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत का उल्लेख किया। अब रक्षा मंत्रालय ने साफ किया है कि अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी। रक्षा मंत्रालय ड्रोन का अधिग्रहण लागत की तुलना में जनरल एटॉमिक्स से तालमेल करके अन्य देशों को दी जाने वाली सर्वोत्तम कीमत से करेगा। ड्रोन की खरीद प्रगति पर है और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरी की जाएगी।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से अमेरिकी सरकार को एक अनुरोध पत्र (एलओआर) भेजा जाएगा, जिसमें त्रि-सेवा आवश्यकताओं, उपकरणों का विवरण और खरीद की शर्तें शामिल होंगी। एलओआर के आधार पर अमेरिकी सरकार और रक्षा मंत्रालय प्रस्ताव और स्वीकृति पत्र (एलओए) को अंतिम रूप देंगे, जहां उपकरण और खरीद की शर्तों के विवरण पर बातचीत की जाएगी। अमेरिकी सरकार की प्रस्तावित कीमत और शर्तों के अनुसार कीमतों को अंतिम रूप दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि ड्रोन की कीमत और खरीद की अन्य शर्तों का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया के कुछ हिस्सों में कुछ अटकलबाजी रिपोर्टें सामने आईं। मंत्रालय ने इसे खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की अटकलबाजी का उद्देश्य उचित अधिग्रहण प्रक्रिया को पटरी से उतारना है। कीमत और खरीद की अन्य नियम एवं शर्तें अभी तय नहीं की गई हैं और ये बातचीत के अधीन हैं। मंत्रालय ने मीडिया संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वे फर्जी खबरें, गलत सूचना न फैलाएं, जो सशस्त्र बलों के मनोबल पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं। साथ ही अधिग्रहण प्रक्रिया पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

# मुख्यमंत्री योगी ने गौतमबुद्धनगर में किया 1718 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास




**नोएडा, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गौतमबुद्धनगर जिले में 1718 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने नोएडा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में नई पहचान बना रहा है। वहीं विपक्षी दल भारत की इस विकास यात्रा में गतिरोध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर आपातकाल के लिए कांग्रेस पर हमला बोला और समाजवादी पार्टी को भी घेरा। आदित्यनाथ ने कहा कि 48 साल पहले कांग्रेस ने आपातकाल के जरिए लोकतंत्र का गला घोटने का प्रयास किया था। उस समय लोकतंत्र सेनानियों ने एकजुट होकर कांग्रेस के इस षड्यंत्र का विरोध किया था। यातनाएं सहकर लोकतंत्र को बचाने का काम किया था। मैं उनको नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि उस दौरान लोकनायक जयप्रकाश के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन हुआ था, जिसमें अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी समेत समूचा विपक्ष कांग्रेस के इस षड्यंत्र के खिलाफ एकसाथ था। मुख्यमंत्री ने कहा के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत नई पहचान बना रहा है। वैश्विक मंच पर भारत बेहतर वातावरण बनाने के लिए कार्य कर रहा है। आज भारत अमृत काल में चल रहा है। इस अनवरत यात्रा को कांग्रेस के साथ मिलकर जदयू, सपा, रालोद और अन्य दल एकजुट होकर इस यात्रा को रोकने का काम कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता सब जानती है और इनके भ्रष्ट कारनामों को भी जानती है। इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता इनको एक बार फिर सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि आज भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। जी-20 में विश्व की 65 प्रतिशत आबादी और 80 प्रतिशत संसाधन आते हैं। भारत को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाना है। अपनी नकारात्मक सोच के कारण 1947 में जन्मा पाकिस्तान आज रोटी-रोटी के लिए मोहताज है और दरिद्रता का सामना कर रहा है। जिस तरह भारत अपनी विकास यात्रा पर अनवरत चल रहा है, 2027 तक वह विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। इस अवसर पर गौतमबुधनगर के सांसद महेश शर्मा, सांसद सुरेंद्र नागर, पीडब्ल्यूडी मंत्री बृजेश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, विधायक पंकज सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन 25 जून 1975 : राजनाथ सिंह



**आगरा, (हि.स.)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के ही दिन 25 जून 1975 को कांग्रेस ने आपातकाल की घोषणा की थी। विपक्ष के सारे नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। भारतीय लोकतंत्र का वह सबसे काला दिन है। राजनाथ सिंह रविवार को आगरा के कागारौल में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि विपक्ष के नेता पटना में बैठक कर रहे हैं। विपक्षी कह रहे हैं आपातकाल जैसे हालात हैं।

मैं कहता हूं आंख में आंख डालकर राजनीति की जाती है। आंखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं की जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त बन रहा है। मोदी आज वैश्विक स्तर पर सबसे लोकप्रिय नेता हो गए हैं। यह हम सबका सम्मान है। पहले दुनिया भारत की बात को गंभीरता से नहीं लेती थी। आज भारत कोई बात बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। पहली बार अमेरिका के दोनों सदनों को संबोधित करने का अवसर मोदी को मिला है। राजनाथ ने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री मोदी को ऑस्ट्रेलिया का प्रधानमंत्री बॉस कह कर बुलाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन उनका ऑटोग्राफ लेना चाहते हैं और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्रपति उनके पैर छू कर आशीर्वाद लेते हैं। यह पूरे भारत और भारतवासियों का सम्मान है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और स्थानीय सांसद राजकुमार चाहर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बाबा विश्वनाथ के दर्शन का शुल्क बढ़ाये जाने पर अखिलेश ने कहा, भाजपा ने धर्म को व्यापार बना लिया



**लखनऊ, (हि.स.)।** बाबा विश्वनाथ के दर्शन पर शुल्क बढ़ाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निंदनीय बताया है। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने धर्म को व्यापार बना लिया है। अभी शुक्रवार को बनारस में बाबा विश्वनाथ के दर्शन और पूजा-पाठ के शुल्क में काफी इजाफा कर दिया गया। इसका विरोध बनारस में भी देखने को मिल रहा है। इससे पहले भी एक बार शुल्क बढ़ाया गया था, जिसके विरोध के बाद वापस ले लिया गया था। बढ़ाये गये शुल्क के खिलाफ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दोपहर बाद ट्वीट किया, भाजपा सरकार से आग्रह है कि बाबा विश्वनाथ जी के दर्शन पर शुल्क लगाकर गरीबों, सच्चे भक्तों व आम जनता से दर्शन का अधिकार न छीने। भाजपा ने धर्म को व्यापार बना लिया है। निंदनीय!

## बिजली कटौती को लेकर लोगों ने सड़क जाम कर किया हंगामा



**जालौन, (हि.स.)।** शहर में बेतहाशा बिजली कटौती से जनता परेशान है। बिजली समस्या को लेकर रविवार को भारी संख्या में लोगों ने सड़क जामकर हंगामा शुरू कर दिया। जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। सिटी मजिस्ट्रेट के आश्वासन पर लोगों ने जाम को खोल दिया है। उरई नगर में बिजली कटौती को लेकर मोहल्ला इंदिरा नगर के लोगों ने राठ रोड ओवर ब्रिज पर जाम लगा दिया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भी पुलिस-प्रशासन जाम को नहीं खुलवा सकी। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बिजली विभाग चोर... के नारे लगाए। हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पुहंचे सिटी मजिस्ट्रेट रामप्रकाश के आश्वासन के बाद लोग शांत होकर सड़क से हट गए। स्थानीय लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि पिछले एक महीने से विद्युत की लगातार कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से जीना दुश्वार हो गया है। बेतहाशा बिजली कटौती से बच्चे-बूढ़े सब परेशान हैं।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि में मातेश्वरी जगदंबा की पुण्यतिथि मनी



**रांची, (हि. स.)।** रांची के पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को प्रथम प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की पुण्य तिथि मनायी गयी। मौके पर आश्रम की संचलिका बी के राजमती ने कहा कि हम हर कार्य को एक सार्थक और बेहतर जीवन जीने के लिए कर सकतें हैं। उन्होंने जीवन में सुख शांति की अनुभूति और अपने कर्म को श्रेष्ठ बनाने के लिए संस्था की ओर से सिखाए जा रहे आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन में धारण करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ रक्षक मातेश्वरी जगदंबा ने इस धरा पर युगांतकारी परिवर्तन का संवाहक बनकर हजारों आत्माओं को मानस पटल पर परमपिता शिव के ईश्वरीय ज्ञान की जो अमिट छाप लगाई है, वह वर्तमान समय में लाखों मनुष्य आत्माओं के जीवन को आलोखिक कर रहा है। इस प्रकार मातेश्वरी जगदंबा के रूप में परमात्मा ने इस संसार में ब्रह्मा वत्सो तथा लाखो मनुष्य आत्माओं को मातृत्व की सुखद आंचल की छत्र छाया की पालना करके अपने ममता छाई स्वरुप को प्रकट किया है। ऐसे महान विभूति के पुण्य स्मृति दिवस पर हम सभी दिव्य गुणों को धारण करने पर विशेष संकल्प करेंगे। इस अवसर पर सभी लोगों ने माता के तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित कर जीवन में दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लिया।

## नितिन गडकरी से इस्तीफे की मांग कब करेंगे बिहार भाजपा के नेताः उमेश कुशवाहा



**पटना, (हि.स.)।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने किशनगंज पुल दुर्घटना पर भाजपा नेताओं को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने सवाल किया कि बीते दिनों भागलपुर में पुल का एक हिस्सा गिर जाने पर इस्तीफे की मांग करने वाले बिहार भाजपा के नेता आज किशनगंज में निमार्णाधीन पुल ध्वस्त होने पर मौन धारण क्यों किए हैं? वे अब नितिन गडकरी से इस्तीफे की मांग करना कब शुरू करेंगे? इनका दोहरा चरित्र फिर से बिहार की जनता के सामने बेनकाब हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार के भारत माला प्रोजेक्ट के तहत किशनगंज और कटिहार के बीच इस पुल का निर्माण हो रहा था। इसलिए भाजपा वालों को अब सांप सूंघ गया है। साथ ही सवाल किया कि अब भाजपा वाले सीबीआई जांच की मांग क्यों नहीं कर रहे हैं? इनका जमीर मर गया या अपने मालिक की चापलूसी में नीति-सिद्धान्तों को भी दफन कर दिए हैं? कुशवाहा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के गिरफ्त में फंस चुकी है। आज इनकी लापरवाही की वजह से जनता की गाढ़ी कमाई की बबादीं हो रही है लेकिन आश्चर्यजनक है कि भागलपुर की घटना पर छाती पीट रही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भी आज किशनगंज की घटना पर खामोश है। ये लोग अपनी राजनीतिक सुविधा की कसौटी पर घटनाओं का मूल्यांकन करते हैं।

## स्थानीय भाषाओं के संवर्धन की आवश्यकता : रामनाथ कोविंद



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने के लिए रविवार को सर्किट हाउस में आईएएस टॉपर कृतिका मिश्रा अपने पिता डॉ. दिवाकर मिश्रा के साथ पहुंची और उनसे मुलाकात किया।

**कानपुर, (हि.स.)।** संघ लोकसेवा आयोग परीक्षा में हिंदी माध्यम की आल इंडिया टॉपर आईएएस कृतिका मिश्रा को आर्शीर्वाद देते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं की महत्ता दी जाय। उन्होंने कहा कि न्यायालय तक जन भाषा की आवश्यकता है और प्रशासनिक सुविधाओं की जनता तक पहुंच बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषाओं के संवर्धन की आवश्यकता है। विपश्यना तकनीक का उल्लेख करते हुए दूरदर्शिता पर जोर दिया जाय। पूर्व

## भाजपा मुस्लिमों की हितैषी पार्टी : दानिश आजाद



**जालौन, (हि.स.)।** अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ बोर्ड राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी को एक बजे सर्किट हाउस पहुंचे। यहां पर उन्होंने भाजपा पार्टी के नेताओं से मुलाकात के बाद अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार के सफल नौ वर्ष पूरे होने पर युवाओं और अल्पसंख्यक तक भाजपा की नीतियां और पार्टी के संदेश को पहुंचाया जा रहा है। भाजपा सरकार मुस्लिमों की हितैषी पार्टी है। अल्पसंख्यक का सबसे ज्यादा विकास भाजपा पार्टी में हुआ है। वर्ष 2017 से योगी सरकार में मुसलमानों के लिए वफ्फ बोर्ड की संपति को कब्जा मुक्त किया जा रहा है। मदरसों में बेहतर तालीम दी जा रही है। विपक्ष के महागठबंधन को लेकर उन्होंने कहा ये फिल्म फ्लॉप साबित होगी।

## झारखंड के दो जिलों में एयरपोर्ट बनकर तैयार, जल्द ही शुरू होगी हवाई सेवा



**रांची, (हि.स.)।** राज्य के दो जिलों बोकारो और दुमका में जल्द ही हवाई सेवा शुरू होगी। बोकारो और दुमका एयरपोर्ट के निर्माण का काम पूरा हो गया है। बोकारो एयरपोर्ट में विमान के आवागमन को लेकर बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन से कहा गया कि वह डीजीसीए से लाइसेंस के लिए आवेदन करें। साथ ही दुमका एयरपोर्ट से परिचालन के लिए झारखंड सरकार से पत्र लिख कर डीजीसीए से लाइसेंस के लिए आवेदन करने को कहा गया है। इस संबंध में एयरपोर्ट निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि बोकारो के साथ दुमका से भी उड़ान शुरू हो जायेगी। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) प्रयासरत है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से भी इस संबंध में निर्देश प्राप्त हुआ है। देश में अन्य जगहों के साथ बोकारो और दुमका में परिचालन शुरू करना है। उन्होंने बताया कि बोकारो एयरपोर्ट पर एटीआर-72 विमान के आवागमन की सुविधा है जबकि दुमका एयरपोर्ट पर 90 सीटर विमान की आवागमन की सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि राजधानी रांची में बिरसा मुंडा और देवघर में एयरपोर्ट है। बोकारो और दुमका एयरपोर्ट के बाद जमशेदपुर में भी एयरपोर्ट प्रस्तावित है।

## इमरजेंसी थोपने वाली कांग्रेस की गोद में बैठे लालू और नीतीश : सुशील मोदी



**पटना, (हि.स.)।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि 48 वर्ष पूर्व देश में आपातकाल घोषित करने वाली कांग्रेस की गोद में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार बैठ गए हैं।देश में इमरजेंसी थोपने वाली कांग्रेस और उसका साथ देने वाले लालू-नीतीश को कभी बिहार की जनता माफ नहीं करेगी। सुशील मोदी ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि लालू-नीतीश सरकार ने बिहार में आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी है। विपक्षी एकता सम्मेलन के दौरान भाजपा के 100 से ज्यादा होर्डिंग को हटा दिया गया। विज्ञापन कंपनी को धमकी देकर जो बड़े होर्डिंग लगाए गए थे उन्हें भी उतरवा दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार में अखबारों को धमकी दी जा रही है कि अगर विपक्ष के समाचार प्रमुखता से छपे या अखबारों में सरकार की आलोचना हुई तो उनका विज्ञापन बंद कर दिए जायेंगे। परिणामतः विपक्ष के समाचारों के पर कतर कर दो कॉलम में छाप दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल के पंचायत चुनाव में नामांकन के दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकताओं की हत्या कर दी गई। कांग्रेस नेता अधीर रंजन को धरने पर बैठना पड़ा और केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति पर हाई कोर्ट जाना पड़ा लेकिन विपक्षी एकता में शामिल दल के किसी नेता ने अभी तक बंगाल की हिंसा की निंदा तक नहीं की है।

## आपातकाल में संघ कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व साहस का परिचय दिया : रामकुमार वर्मा



**लखनऊ, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र संघचालक राम कुमार वर्मा ने आपातकाल की यादें बताते हुए कहा कि बड़ा भयावह दृश्य था। जब 25-26 जून की रात को इस देश की प्रधानमंत्री ने इस देश पर आपातकाल लगाया था। भारत के इतिहास में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। आज भी स्मृति पटल पर उसकी तमाम स्मृतियां मिटी नहीं हैं। राम कुमार वर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाने के लिए आपातकाल लगाया था। आपातकाल में संघ कार्यकताओं ने अभूतपूर्व साहस का परिचय दिया। संघ के प्रचारकों ने भेष बदलकर भूमिगत रहते हुए कार्य किया। सीमापुर के नैमिषारण्य की एक बैठक में प्रान्त प्रचारक माधव जी देवड़े, सीतापुर विभाग प्रचारक शिवप्रसाद हरदोई के जिला प्रचारक हृदय नाथ सिंह समेत नौ प्रचारक गिरफ्तार कर लिये गये। माधव जी देवड़े के पकड़े जाने के बाद जनसंघ के संगठन मंत्री कौशल किशोर को प्रान्त प्रचारक घोषित किया गया। थोड़े दिन बाद बुलंदशहर में वह भी पकड़े गये। इसके बाद ओमप्रकाश को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रान्त प्रचारक बनाया गया। सीतापुर के जिला प्रचारक योगेन्द्र बाबा नहीं पकड़े गये। वह पुरानी धोती पहनकर,पीठ पर झोला डाले और दूसरे कंधे पर लोटा डोरी डाले कचहरी में बैठे रहते थे। वहीं से सारी गतिविधियों पर नजर रखते थे। रामकुमार वर्मा ने बताया कि सीतापुर जिले से 200 संघ कार्यकर्ता गिरफ्तार किये गये थे। जिला प्रचारक योगेन्द्र पकड़े गये कार्यकताओं के घरों से बराबर संपर्क में रहते थे। पकड़े गये कार्यकताओं का उत्पीड़न पुलिस ने किया। मुस्लिमों पर भी व्यापक अत्याचार किया गया। इस दौरान संघ कार्यकताओं ने अभूतपूर्व साहस का परिचय दिया। लोकसंघर्ष समिति का गठन कर भूमिगत तंत्र देशभर में खड़ा किया गया। 02 दिसम्बर 1975 को मुझे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ढ़ाई हजार से अधिक लोग गिरफ्तार किये गये थे। तत्कालीन परिस्थितियों की चर्चा करते हुए सह क्षेत्र संघचालक ने कहा कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला आया। कोर्ट ने इंदिरा के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया। इसके बाद सम्पूर्ण देश में उनके त्यागपत्र की मांग होने लगी। लोकनायक जय प्रकाश नारायण ने घोषणा कर दी कि 29 जून से देश में असहयोग आन्दोलन शुरू किया जायेगा। इंदिरा ने कुर्सी बचाने के लिए आपातकाल लगाया। जनता के समस्त लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिये गये। समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लगा दी गयी। लोक नायक जय प्रकाश नारायण, लोकबंधु राजनारायण, अटल बिहारी बाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। आपातकाल लगा तो देश में कई स्थानों पर संघ शिक्षा वर्ग चल रहा था। सभी संघ शिक्षा वर्गों को समाप्त किया गया। संघ कार्यकताओं की धर पकड़ तेज हो गयी। बिजनौर और शाहजहांपुर के जिला कार्यवाह पकड़े गये। विद्याभारती के संगठन मंत्री लज्जा राम तोमर अपनी पुत्री के विवाह का निमंत्रण पत्र बांट रहे थे, उन्हें गिरफ्तार किया गया। इसके बाद 04 जुलाई 1975 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समेत 24 संगठनों पर प्रतिबंध लगाया गया। देश में गिरफ्तारियों का दौर शुरू हुआ। संघ के प्रचारक भूमिगत आन्दोलन में जुट गये। जनता का पूरा सहयोग इस आन्दोलन में मिला। भय का वातावरण था। सह प्रान्त कार्यवाह पश्चिम उत्तर प्रदेश जग मोहन गर्ग को गिरफ्तार कर लिया गया।

## रांची के मोरहाबादी मैदान में सेना भर्ती रैली एक जुलाई से



**रांची, (हि.स.)।** मोरहाबादी मैदान में एक से नौ जुलाई तक अग्निवीरों की भर्ती होगी। यह सिर्फ पुरुषों के लिए होगा। इस संबंध में सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल राजेश कुमार ने सूचना जारी की है। इसके मुताबिक राज्य के सभी 24 जिलों के योग्य पुरुष कैंडिडेट सेना भर्ती रैली में शामिल हो सकते हैं।सामान्य प्रवेश परीक्षा में पास कैंडिडेट के रजिस्टर्ड मेल आईडी पर 12 जून को ही भर्ती कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र दिया जा चुका है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर दी गयी तिथि, समय और बताये गये स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है। किसी भी कैंडिडेट को ऑनलाइन जेनरेट किए गये रंगीन प्रवेश पत्र के बिना अनुमति नहीं मिलेगी। विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in से ले सकते हैं। इसके अलावा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक सेना भर्ती कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

## देश के माथे पर आपातकाल का कलंक लगाने वालों को देश कभी ना भूलेगा ना माफ करेगाः प्रवीण



**किशनगंज, (हि.स.)।** लोकतंत्र पर प्रहार करने का दुःखद दिन 25 जून 1975 को देश के माथे पर आपातकाल का कलंक लगाने वाली कांग्रेस के काले कारनामे को देश कभी ना भूलेगा ना माफ करेगा। उक्त बातें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने ने आज कही। वह आपातकाल के 48वीं बरसी पर आपातकाल देश के लिए काला अध्याय विषय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा स्वतंत्र भारत मे 25 जून 1975 के अर्द्धरात्रि को कांग्रेस द्वारा देश पर थोपे गये शर्मनाक आपातकाल के दौरान रात में सोते हुए लोकनायक जयप्रकाश नारायण सहित अटलबिहारी वाजपेयी, मोरारजी देसाई, चरण सिंह, राजनारायण, नानाजी देशमुख, कपूर्री ठाकुर जैसे अनेकों प्रमुख नेता सहित 21 महीने के आपात काल मे 1,10,000 लोगों गिरफ्तार कर प्रेस पर सेंसर लगा, अखबारों के जुबान पर ताले जड़ दिये गये और देशवासियों को भीषण यातनाएं सहने पर मजबूर कर दिया गया था। उन्होंने संविधान अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लगाए गए इमरजेंसी के विरुद्ध गम्भीर यातनाएं सह कर भी अपनी आवाज बुलंद करने वाले सत्याग्रहियों सेनानियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा एक परिवार की सत्ता की लालच ने संसद को निष्क्रिय बनाकर देश को रातों रात जेल में तब्दील कर दिया गया था, प्रेस, विपक्ष, न्यायालय, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खत्म कर लोकतंत्र की सांसे को जेल में कैद कर कांग्रेस अपना नंगा नाच करती रही।

## संपादकीय

# भारत को नीचा दिखाने वाली ताकतों में बढ़ेगी हताशा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के इस राजकीय दौरे से भारत की प्रतिष्ठा में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी का जिस गर्मजोशी के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति, उनकी सरकार और अमेरिका के नागरिक समाज ने स्वागत किया है, वह अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने उचित ही कहा कि उन्हें मिल रहा यह सम्मान भारत और 140 करोड़ जनता का सम्मान है। अमेरिका और भारत के संबंध पहले भी मजबूत रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से उनमें और अधिक गहराई आई है। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के संयुक्त वक्तव्यों में इसकी अनुभूति की जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को नीचा दिखाने की कोशिशें करनेवाली ताकतों और पाकिस्तान को भी अमेरिका से साफ संदेश दिया है कि भारत को कोई रोक नहीं सकता। दोनों देशों ने पाकिस्तान का नाम लेकर आतंकवाद के लिए उसकी आलोचना की है। आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि अमेरिका और भारत वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़े हैं और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलकायदा, आईएसआईएस, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, और हिज्बुल मुजाहिदीन सहित सभी संयुक्त राष्ट्र-सूचीबद्ध आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान दोहराया। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद, आतंकवादी हमलों के छद्म उपयोग की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया कि उसके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का उपयोग आतंकवादी हमले शुरू करने के लिए न किया जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने उन लोगों को भी सटीक उत्तर दिया, जो अल्पसंख्यकों के नाम पर भारत को बदनाम करने की साजिशें रच रहे हैं। भारत विरोधी इन ताकतों ने पत्रकार के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी से सवाल पूछा था कि भारत खुद को लोकतांत्रिक देश कहता है, पर कई मानवाधिकार संगठन कहते हैं कि आपकी सरकार अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव करती है। आप अपने देश में मुस्लिमों और दूसरे अल्पसंख्यकों के अधिकारों और बोलने की आजादी को सुरक्षित रखने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं? इसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्कुराते हुए और आत्मविश्वास के साथ ऐसा उत्तर दिया कि भारत को नीचा दिखानेवाली ताकतों की हताशा और अधिक बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले तो इस प्रश्न पर हैरानी जताई कि अमेरिका के प्रतिष्ठित समाचारपत्र वॉल स्ट्रीट जर्नल की पत्रकार बेतुके आरोपों पर भारत से यह प्रश्न पूछ रही हैं, जहाँ लोकतंत्र प्रखर रूप में फल-फूल रहा है। अमेरिका और भारत दोनों देशों के डीएनए में लोकतंत्र है। इस बात को प्रधानमंत्री मोदी ने ही नहीं अपितु अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने भी दोहराया। वास्तविकता भी यही है। भारत में प्रत्येक व्यक्ति को जिस प्रकार से अपने धर्म का पालन करने की स्वंतत्रता प्राप्त है, वैसी अन्यत्र कम ही देखने को मिलती है। अच्छा ही हुआ कि भारत के प्रधानमंत्री से अमेरिका में यह प्रश्न पूछा गया क्योंकि प्रधानमंत्री वहाँ जो उत्तर दिया है, वह समूची दुनिया ने सुना है। सच यही है कि भारत में जाति, पंथ, धर्म किसी भी तरह के भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है। भारत सरकार की सभी योजनाएं समान रूप से सबके लिए हैं। बहरहाल, मोदी और भारत विरोधी ताकतों की हताशा को बढ़ानेवाली एक और बात हुई कि जब प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी संसद को संबोधित कर रहे थे, तब उनके सम्मान में पूरे भाषण के दौरान अमेरिकी संसद में 14 बार 'स्टैंडिंग ओवेशन' मिला। अमेरिका के सांसद जिस प्रकार से भारत के प्रधानमंत्री मोदी के 'ऑटोग्राफ' और उनके साथ 'सेल्फी' लेने के लिए उत्साहित दिखे, उससे उनकी वैश्विक लोकप्रियता भी समझ आती है।

> राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलकायदा, आईएसआईएस, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, और हिज्बुल मुजाहिदीन सहित सभी संयुक्त राष्ट्र-सूचीबद्ध आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान दोहराया। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद, आतंकवादी हमलों के छद्म उपयोग की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया कि उसके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का उपयोग आतंकवादी हमले शुरू करने के लिए न किया जाए।

## भटकने के बजाए यदि गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है तो इसमे उसका धर्म कहां से आड़े आता है

# समान नागरिक अधिकारों के हक में

हरबंश दीक्षित

> दुर्भाग्यवश अनुच्छेद 44 की इस पवित्र मंशा को आगे बढ़ाने के बजाए उसको हमने अपनी फितरत के मुताबिक एक हौव्वा खड़ा कर दिया। उस पर तार्किक बहस करने के बजाए उसे साम्प्रदायिक रूप देकर अछूत बना दिया। सुप्रीम कोर्ट का आग्रह बेकार गया। अदालत के निर्देशों की हेठी की गयी। यह दस्तूर आज भी कायम है। इस मामले में तो हम लोकशाही की महान परम्पराओं से भी मुंह चुराने लगते हैं। इस विषय पर स्वस्थ बहस करने के बजाए इसके प्रस्तावकों की लानत सलामत करने लगते हैं और उसे तब तक जारी रखते हैं जब तक कि सामने वाला थक हार कर बैठ न जाए।

**संविधान** का अनुच्छेद 44 सबसे अधिक दुष्प्रचारित हिस्सों में से एक है। इस उपबन्ध के साथ बहुत अन्याय हुआ है। इसमें देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाने की बात कही गयी है। सरकार से अपेक्षा की गयी है कि वह पन्थ, क्षेत्र, भाषा कि दूसरे इस तरह का बंटवारा करने वाले आधारो की परवाह किए बगैर सभी के लिए एक जैसा कानून बनाए। ऐसी व्यवस्था बनाए जो मानवीय गरिमा का सम्मान करता हो, उसे सुरक्षा बोध दे और सभ्य समाज के मानकों पर खरा उतरे। दुर्भाग्यवश अनुच्छेद 44 की इस पवित्र मंशा को आगे बढ़ाने के बजाए उसको हमने अपनी फितरत के मुताबिक एक हौव्वा खड़ा कर दिया। उस पर तार्किक बहस करने के बजाए उसे साम्प्रदायिक रूप देकर अछूत बना दिया। सुप्रीम कोर्ट का आग्रह बेकार गया। अदालत के निर्देशों की हेठी की गयी। यह दस्तूर आज भी कायम है। इस मामले में तो हम लोकशाही की महान परम्पराओं से भी मुंह चुराने लगते हैं। इस विषय पर स्वस्थ बहस करने के बजाए इसके प्रस्तावकों की लानत सलामत करने लगते हैं और उसे तब तक जारी रखते हैं जब तक कि सामने वाला थक हार कर बैठ न जाए। वैसे तो हमारे देश में अधिकतर मामलों में एक जैसा कानून लागू होता है। जमीन की खरीद फरोख्त, किराएदारी और दीगर दीवानी मामलों में आजादी के पहले से ही एक जैसा कानून लागू होता है, लेकिन विवाह, उत्तराधिकार, वसीयत दत्तक ग्रहण जैसे मामलों में आजादी के पहले से ही अलग-अलग सम्प्रदायों के लिए अलग कानून रहे हैं। संविधान निर्माताओं ने महसूस किया कि विवाह और भरण पोषण से जुड़े मामलों का सम्बन्ध किसी पूजा पद्धति से नहीं है, बल्कि इसका सम्बंध इन्सानियत से है। निस्संतान व्यक्ति यदि किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी वंश परंपरा को आगे बढ़ाना चाहता है या उससे उसको सुरक्षा बोध का अहसास होता है, तो उससे किसी पूजा पद्धति की अवमानना कैसे हो सकती है। यदि किसी कानून से किसी महिला को सामाजिक सुरक्षा मिलती है या पति से अलग होने या पति के नाराज होने के बाद उसे दर-बदर भटकने के बजाए यदि गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है तो इसमे उसका धर्म कहां से आड़े आता है। महिला-पुरूष के वैवाहिक सम्बन्धों में यदि समानता सुनिश्चित की जाती है तो इससे किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मिन्दगी नहीं, अपितु गर्व होना चाहिए। आजादी के बाद इस दिशा में सकारात्मक पहल की गयी। समानता के सिद्धान्त को ध्यान में रखते हुए पारम्परिक हिन्दू विधि में व्यापक परिवर्तन किए गए। पहले, पुरूष एक से अधिक शादियां कर




सकता था, वहीं हिन्दू विवाह अधिनियम के जरिए उस पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। पति-पत्नी को विवाह विच्छेद करके सम्मान पूर्वक एक दूसरे से अलग रहने का अधिकार दिया गया। महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें भरण-पोषण का अधिकार दिया गया पिता की सम्पत्ति में बेटियों को भी अधिकार देने के परम्परा की शुरूआत हुई। सन्तान को गोद लेने के मामलों में भी पति के एकाधिकार को तोड़ते हुए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की गई। इनका सकारात्मक पहलू यह रहा कि हिन्दू कानून में किए जाने वाले सुधार दूसरे सम्प्रदायों में पहले से ही थे। मसलन, मुस्लिम कानून में बेटियों का उत्तराधिकार पहले से ही था। ईसाई कानून में पहले भी पुरूष को एक ही पत्नी रखने का अधिकार था। हिन्दू कानून में किए गए सुधारों में पारम्पारिक विधि की जगह मानवाधिकारों और समानता के सिद्धान्तों की तरजीह दी गयी, लेकिन वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरी जगहों पर ऐसा नहीं हो सका और उन्हें बेहतर होने के मौके से लगातार वंचित रखा गया। संविधान का अनुच्छेद 44 और अदालतों के कई निर्देश भी इस सोच पर बेअसर रहे। आधुनिक सोच का लाभ केवल हिन्दुओं तक ही सीमित न रहे और वह दूसरे मतावलम्बियों को भी हासिल हो इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रही हैं। मौहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो (1985) केस में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यन्त खेद का विषय है कि संविधान के अनुच्छेद 44 में तय की गई राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूह का संग्रह मात्र बन कर रह गई है। सरकारी उपेक्षा को ध्यान में रखते हुए अदालत ने कहा कि मुस्लिम समाज को इस मामले में पहल करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में वे दूसरों से पीछे न रहें। हैरानी की बात यह है कि शाहबानो के जिस मुदकमे में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों से इस दिशा में आगे बढ़ने की पहल का आवाहन किया, उसके दुष्प्रचार ने समान नागरिक कानून की पहल को सबसे मर्मांतक चोट पहुंचाई। शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला के गुजर-बसर के लिए कुछ धनराशि तय की। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 का क्रियान्वयन करते हुए इसे अन्जाम दिया गया और लोगों को आगे बढ़कर इस मुहिम को मूर्तरूप देने का आवाहन किया गया। परिणाम इसका ठीक उल्टा हुआ। इसे मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दखलंदाजी के रूप में प्रचारित किया गया। निहित हितों के संरक्षण हेतु कुछ लोगों ने इसे पूरे कौम की अस्मिता पर खतरा करार कर दिया। राजीव गांधी की प्रचण्ड बहुमत वाली सरकार भी उस वाग्जाल की आंधी का सामना नहीं कर सकी। उन्होंने मोहम्मद आरिफ खान जैसे प्रखर वक्ता को इसका उत्तर देने के लिए आगे किया, किन्तु सब बेकार रहा। सरकार को झुकना पड़ा। कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को गुजारे भत्ते के अधिकार से वंचित करना पड़ा। आरिफ खान जैसे व्यक्ति के राजनैतिक कैरियर को ग्रहण लग गया। संविधान की पराजय हुई और मानवता तथा समानता के उन सिद्धान्तों की बलि दी गई, जिसकी बुनियाद पर इस्लाम की स्थापना हुई थी। संदेश यह गया कि अब समान नागरिक कानून के लिए पहल मत करना। बाद के घटना क्रम बताते हैं कि लोगों ने इस संदेश को बखूबी याद रखा। तार्किक विचार धारा के लोग अपनी बात कहते रहे, सुप्रीम कोर्ट निर्देश जारी करता रहा और सरकार शाहबानो प्रकरण के निहितार्थ के सबक का पालन करती रही। शाहबानो प्रकरण के बाद सरला मुदगल (1995) तथा लिली थामस (2000) जैसे कई प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय ने समान नागरिक कानून के नहीं होने के दोषों को उजागर करते हुए इसका तुरन्त क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। वैवाहिक मामलों में वैयक्तिक विधि के दुरूपयोग से विचलित होकर अदालत ने कहा कि अब तो इसका दुरूपयोग कानून को धोखा देने के लिए होने लगा है। जब वैवाहिक साथी से छुटकारा पाना हो तो कुछ समय के लिए अपना धर्म बदलकर दूसरी शादी कर ली, क्योंकि दूसरे धर्म से जुड़े कानून में उसे मान्यता दी गयी है। उसके बाद अपनी मर्जी से तलाक देकर उस महिला से छुटकारा पा लिया क्योंकि उस धर्म का कानून इसकी इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट और दूसरे विद्धानों ने इसी कमी की ओर बार-बार इशारा किया, लेकिन हमारे राजनैतिक नेतृत्व के ऊपर इसका कोई असर नहीं पड़ा। अब तक ढाक के वही तीन पात रहे, क्योंकि वे शाहबानो प्रकरण से अभी भी सहमे हुए थे।

# आदिपुरुष फिल्म सिर्फ फिल्मकारों के लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए भी एक सबक है

> भगवान श्रीराम के जीवन पर बनी एक फिल्म को संवादों के कारण विवाद का सामना करना पड़ा यह दुखद है, परन्तु भूल सुधार के बाद आशा है कि अब बवंडर थम जाना चाहिए। वैसे इस विवाद से न केवल फिल्म निर्माताओं बल्कि लेखन व मंच से जुड़े हर व्यक्ति को बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। कला व लेखन में नवाचार सराहनीय है, पर इसका अर्थ ये नहीं कि किसी महापुरुष, देवी-देवता या ग्रन्थ से जुड़े तथ्यों व मर्यादा का उल्लंघन हो। दुनिया में श्रीराम व रामायण की लोकप्रियता का आधार केवल उस समय के नैतिक जीवन मूल्य ही नहीं, बल्कि भगवान वाल्मीकि जी व तुलसीदास जी द्वारा अपनी रचनाओं में प्रयुक्त शब्दों का माधुर्य, सौम्य शैली, शालीन संवादकला, देश, काल और वातावरण की गहन समझ भी बहुत बड़े कारण हैं। वाल्मीकिकृत रामायण हो या तुलसीदास जी की रामचरितमानस, कोई एक बार पढ़ना शुरू करे तो पाठक न केवल उस युग में पहुंच जाता है बल्कि आत्मिक आनन्द के सरोवर में उतर जाता है।

**यह** स्वागतयोग्य है कि 'आदिपुरुष' फिल्म के लेखक मनोज मुंतशिर व निर्देशक ओम राऊत ने विवादित संवाद हटाने की बात कही है। इन संवादों से पूरी फिल्म आलोचना के केन्द्र में आई और धार्मिक-राजनीतिक मंचों से लेकर सोशल मीडिया पर भी इसकी खूब निन्दा हुई। भगवान श्रीराम के जीवन पर बनी एक फिल्म को संवादों के कारण विवाद का सामना करना पड़ा यह दुखद है, परन्तु भूल सुधार के बाद आशा है कि अब बवंडर थम जाना चाहिए। वैसे इस विवाद से न केवल फिल्म निर्माताओं बल्कि लेखन व मंच से जुड़े हर व्यक्ति को बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। कला व लेखन में नवाचार सराहनीय है, पर इसका अर्थ ये नहीं कि किसी महापुरुष, देवी-देवता या ग्रन्थ से जुड़े तथ्यों व मर्यादा का उल्लंघन हो। दुनिया में श्रीराम व रामायण की लोकप्रियता का आधार केवल उस समय के नैतिक जीवन मूल्य ही नहीं, बल्कि भगवान वाल्मीकि जी व तुलसीदास जी द्वारा अपनी रचनाओं में प्रयुक्त शब्दों का माधुर्य, सौम्य शैली, शालीन संवादकला, देश, काल और वातावरण की गहन समझ भी बहुत बड़े कारण हैं। वाल्मीकिकृत रामायण हो या तुलसीदास जी की रामचरितमानस, कोई एक बार पढ़ना शुरू करे तो पाठक न केवल उस युग में पहुंच जाता है बल्कि आत्मिक आनन्द के सरोवर में उतर जाता है। एतिहासिक व पौराणिक विषयों पर लेखन कैसा हो इसको लेकर एक घटना बीआर चोपड़ा द्वारा निर्मित महाभारत धारावाहिक से जुड़ी है जो लेखकों के लिए प्रकाशस्तम्भ बन सकती है। जब चोपड़ा जी ने घोषणा कर दी कि महाभारत की पटकथा और संवाद राही मासूम रजा लिखेंगे तो उनके पास पत्रों का ढेर लग गया कि हिन्दू सारे मर गए हैं क्या, जो एक मुसलमान से लिखवा रहे हो? चोपड़ा जी ने ये बात रजा जी को बताई परन्तु उन्होंने इस बात को नजरंदाज कर अपना काम जारी रखा। आज 35 साल हो गए हैं, लेकिन क्या कोई ये कह सकता है कि रजा जी जैसे मुसलमान के लिखे संवादों में कोई कमी पेशी रह गई हो? महाभारत के संवाद लिखते समय लगता था कि मां सरस्वती स्वयं उनकी कलम पर विराजमान हो जाती रही होंगी। पात्रों के संवाद लिखते हुए रजा साहब घंटे छोड़िये कई-कई दिनों के लिये स्वयं को कमरे में बन्द कर लेते थे और अपना मन महाभारतकाल में ले जाते। भगवान श्रीकृष्ण के गुरु संदीपनि ऋषि के आश्रम वाले दृश्य लिखने के लिये वे सच में उज्जैन चले गए। उन्होंने महाभारत युद्ध के संवाद कुरुक्षेत्र के मन्दिरों में बैठकर लिखे, तब जाकर महाभारत एतिहासिक धारावाहिक बन पाया। कहने का भाव है कि इतिहास लिखने से पहले उस युग को जीना पड़ता है। शब्दों में माधुर्य, शैली में शालीनता लानी पड़ती है, जनभावनाओं को सामने रख कर कलमयज्ञ करना पड़ता है और तभी जाकर आप इतिहास व पौराणिक लेखन से न्याय कर पाते हैं। अतीत में भगवान श्रीराम के नाम पर अनेकों फिल्में व धारावाहिक बने और सभी ने सफलता के शिखरों को छुआ। कोरोनाकाल में दूरदर्शन पर दोबारा से रामानन्द सागर कृत रामायण धारावाहिक दिखाया गया तो उसने एक बार फिर लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित कर दिए। अब एक लम्बे अन्तराल के बाद भगवान श्रीराम पर आई आदिपुरुष से भी उम्मीद थी कि चलो किसी ने फिर रामायण को फिल्म का विषय बनाया परन्तु छोटी-सी चूक ने किरकिरी करवा दी। लोगों को इस कथानक पर आधारित फिल्म की कितनी प्रतीक्षा थी इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि फिल्म ने पहले ही दिन 140 करोड़ का व्यवसाय किया परन्तु विवाद के बाद उन्हीं लोगों को निराशा हाथ लगी। फिल्म को देख कर ऐसा लगता है कि लेखक ने रामायण क्या है, उसके अर्थ क्या हैं, वो युग कैसा था, अयोध्या कैसी थी, शायद ये सब सोचना भी जरूरी नहीं समझा। लेकिन पूरे प्रकरण से एक अच्छी बात सामने आई है कि हिन्दू समाज आस्थावान तो है मगर ऐसा धर्मान्धा नहीं कि धर्म के नाम पर हर चीज व हर बात को मान ले। आदिपुरुष के संवाद लेखक शायद भूल गए कि लोग चाहे रावण को खलनायक मानते हैं परन्तु इसका अर्थ यह भी नहीं कि उसके लिए गाली गलौच वाली भाषा का प्रयोग किया जाए और वह भी हनुमान जी के श्रीमुख से। सुन्दरकाण्ड में रावण के सामने हनुमान जी ने जिस कूटनयन योग्यता व शालीन भाषा का प्रयोग किया वह आज भी विदेश नीति के विद्यार्थी के शोध का विषय बन सकती है। फिल्म के संवाद केवल भाषागत अशिष्टता का विषय नहीं बल्कि खतरनाक बात यह है कि कुछ समय बाद यही तथ्यहीन बातें आगे जा कर प्रामाणिक मानी जाने लगती हैं। हिन्दू विरोधी व धर्म को अफीम कहने वाले तो वैसे भी ऐसे अवसरों की प्रतीक्षा में रहते हैं, इससे उन्हें हिन्दू आस्था पर आघात करने का नया अवसर मिलता है। लेकिन अब जब इन विवादित संवादों को वापस लेने की घोषणा की जा चुकी है तो इसका स्वागत होना चाहिए। कुछ संवाद विवादित होने का अर्थ ये नहीं कि फिल्मकारों का पुरुषार्थ ही गलत है या उनकी भावनाओं में खोट है। मनोज मुंतशिर ने ट्विटर पर ठीक ही लिखा है कि 'आदिपुरुष में 4000 से भी ज़्यादा पंक्तियों के संवाद मैंने लिखे, 5 पंक्तियों पर लोगों की भावनाएँ आहत हुईं, उन सैंकड़ों पंक्तियों में जहां श्रीराम का यशगान किया, माँ सीता के सतीत्व का वर्णन किया, उनके लिए प्रशंसा भी मिलनी थी, जो पता नहीं क्यों मिली नहीं।' देखने में आ रहा है कि फिल्म का विरोध करने वाले दो तरह के लोग हैं। आस्थावानों के विरोध का स्वागत है परंतु कुछ लिबरल वामपंथी शक्तियां इसलिए अधिक ऊंची आवाज में चिल्ला रहे हैं ताकि भविष्य में कोई फिल्मकार या लेखक हिन्दू मानबिन्दुओं पर लिखने से बचे। ज्ञात रहे कि रामानन्द सागर और बीआर चोपड़ा को भी इन वामपंथी शक्तियों ने तरह-तरह के तर्कों-कुतर्कों से घेरने का प्रयास किया था। जेएनयू से लेकर विदेशी विश्वविद्यालयों में कई सच्चे झूठे शोध करवा कर लोगों को बताने का प्रयास किया कि राम व रामायण काल्पनिक हैं, लेकिन जन आस्था के सामने ये सारे प्रयास धराशायी हो गए। अब आदिपुरुष को लेकर यही शक्तियां आस्थावान लोगों की आड़ में अपना हिन्दू विरोधी एजेण्डा आगे बढ़ा रही हैं। आदिपुरुष फिल्म के निर्देशक ओम राऊत इससे पहले तानाजी मालुसरे नामक फिल्म बना कर एक ऐसे मराठा योद्धा को प्रकाश में ला चुके हैं जिसने मुगल सल्तनत की ईंट से ईंट बजा कर रख दी थी।

## देश दुनीया से

# शिक्षा पर भारी न पड़े कृत्रिम बुद्धिमत्ता

**प्रोद्योगिकी** मनुष्य और समाज को बदलती है। बिजली आई, तो इंसानों की रातें बदल गईं। कृषि ने बस्तियों व सभ्यता की शुरुआत की। टीकों और एंटीबायोटिक्स से कई बीमारियां खत्म हुईं या काबू में आ गईं, और महज एक सदी के भीतर इंसानों की जीवन-प्रत्याशा दोगुनी हो गई। इन प्रौद्योगिकियों और उनके प्रभावों ने हमारी दुनिया को वैसा बना दिया, जैसा आज है। हमारे शरीर-विज्ञान पर भी प्रौद्योगिकी का गहरा असर है। जैसे, आग खाना पकाने की तकनीक है, पर प्रजातियों के विकास-क्रम में इसने हमारे पाचन तंत्र को अन्य स्तनधारियों से अलग कर दिया। प्रौद्योगिकी का हमारे व्यक्तिगत व्यवहार पर पड़ने वाला असर महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव पैदा कर सकता है। कृषि ऐसा ही एक उदाहरण है। अब हम व्यवहार परिवर्तन के एक और ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जो स्थायी और परिवर्तनकारी सामाजिक प्रभाव पैदा कर भी कर सकता है और नहीं भी। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि हम उस प्रौद्योगिकी का कैसे इस्तेमाल करते हैं? स्मार्टफोन और सोशल मीडिया सामाजिक संबंधों को खत्म कर रहे हैं। हम बेशक इस बात को लेकर अफसोस जताते हैं, लेकिन शायद ही कभी यह समझने का प्रयास करते हैं कि ये सब मिलकर किस तरह की सुनामी लाने जा रहे हैं। 'साल 2012 के बाद से, जब से स्मार्टफोन की पहुंच में वृद्धि हुई है और इंटरनेट का उपभोग बढ़ा है, दुनिया भर में किशोरों की मानसिक सेहत कमजोर हुई है'। यह निष्कर्ष उस शोध का है, जो 37 देशों में जीन एम ट्वेंज, जोनाथन हैड्ट और उनके साथियों द्वारा किया गया था। ट्वेंज की किताब जेनरेशन्स इस मसले पर विस्तार से चर्चा करती है। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट चौंकाने वाली घटना है। 2012 के बाद से खुद को नुकसान पहुंचाने, अस्पताल में भर्ती होने और आत्महत्या की दर दोगुनी हो गई है। बेशक, व्यापक असरंदाज होने वाली ऐसी परिघटनाओं की मूल वजह साबित करने में अधिक समय लगेगा, मगर स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के सीधे प्रभाव को नजरंदाज नहीं कर सकते हैं। इस 'डिजिटल जटिलता' का दूसरा प्रभाव हमारी 'एकाग्रता' पर पड़ा है, जिसे अब शोध से साबित किया जा चुका है। यह जटिलता 'अटेंशन इकोनॉमी' (सूचना प्रबंधन का एक ऐसा दृष्टिकोण, जिसमें हमारी एकाग्रता को एक उत्पाद माना जाता है) का आधार है। यह हमारा ध्यान खींचने और उस पर एकाधिकार स्थापित करने में सफल होता है, जबकि ध्यान अथवा एकाग्रता हमारे लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। जब तक आप ध्यान नहीं देंगे, कुछ नहीं होगा। रिश्तों से लेकर, समस्या समाधान की समझ बनाने और तरक्की करने तक, हर चीज पर ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसे में, यदि आपका ध्यान आपसे छीन लिया जाए, तो सब कुछ प्रभावित होता है। हमारी एकाग्रता पर डिजिटल जटिलता के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक उदाहरण पेश करता हूं। जो लोग अधिकतर डिजिटल माध्यमों पर पढ़ते हैं, वे उसे सतही तौर पर पढ़ते हैं। ऐसे कई प्रमाण हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि डिजिटली पढ़ने से विषय की समझ, उसकी अवधारणा और उसके उपयोग की क्षमता में गिरावट आती है। इसका उन बच्चों पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है, जो डिजिटल उपकरणों पर ही हमेशा नजर गड़ाए रहते हैं। फंक्शनल मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एफएमआरआई) अध्ययनों से पता चलता है कि डिजिटल पाठकों में मस्तिष्क के हिस्से पूरी तरह विकसित नहीं हो पाते। इस कारण, लोग सार्थक और उपयोगी पढ़ने की क्षमता खो रहे हैं। प्रौद्योगिकी हमेशा बुरी नहीं होती। बिजली, कृषि और आग जैसी चीजें हमारे लिए अच्छी साबित हुई हैं, लेकिन परमाणु प्रौद्योगिकी जैसी प्रौद्योगिकियां हमें गर्त में ले गई हैं। वैज्ञानिक प्रगति और उनका इस्तेमाल आधुनिक जीवन की नींव है। हालांकि, इस प्रगति के नकारात्मक असर भी हैं, जिनमें से कुछ तो अप्रत्याशित हैं। चूंकि नकारात्मक नतीजों से बचना मुश्किल जान पड़ता है, इसलिए नई प्रौद्योगिकियों को विनियमित और नियंत्रित करने का प्रयास किया जाना जरूरी है। यह बात उस तकनीक के लिए भी समान रूप से महत्वपूर्ण है, जो पूरी दुनिया में उम्मीद व अभिशाप, दोनों नजरिये से देखी जा रही है, यह है- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- एआई)।

> 'साल 2012 के बाद से, जब से स्मार्टफोन की पहुंच में वृद्धि हुई है और इंटरनेट का उपभोग बढ़ा है, दुनिया भर में किशोरों की मानसिक सेहत कमजोर हुई है'। यह निष्कर्ष उस शोध का है, जो 37 देशों में जीन एम ट्वेंज, जोनाथन हैड्ट और उनके साथियों द्वारा किया गया था। ट्वेंज की किताब जेनरेशन्स इस मसले पर विस्तार से चर्चा करती है। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट चौंकाने वाली घटना है। 2012 के बाद से खुद को नुकसान पहुंचाने, अस्पताल में भर्ती होने और आत्महत्या की दर दोगुनी हो गई है।

## अमृत कलश

# अहंकार और प्रेम

**जीवन** का साधारण प्रेम भी अहंकारी आदमी नहीं कर सकता, क्योंकि प्रेम के लिए झुकना एक अनिवार्य शर्त है। तुम तो प्रेम में भी दूसरे को झुकाने की कोशिश लगे रहते हो। यही पति–पत्नी का संघर्ष है सारी दुनिया में, दोनों एक दूसरे को झुकाने की कोशिश में लगे होते हैं। पति चाहता है पत्नी को झुका ले, पत्नी चाहती है पति को झुका ले। उनकी सारी कूटनीति, प्रत्यक्ष–परोक्ष में एक ही होती है, कैसे दूसरे को झुका लें। अच्छे–अच्छे बहाने खोजे जाते हैं, दूसरे को झुकाने के लिए। पत्नी अपने ढंग से खोजती है; उसके ढंग स्त्रैण होते हैं। लेकिन वह भी झुकाने की तरकीबें खोजती रहती है। स्त्रैण होने के कारण उसके ढंग बड़े परोक्ष होते हैं, प्रत्यक्ष नहीं होते। पति को अगर पत्नी को झुकाना है तो वह कभी–कभी पत्नी को सीधा मार देता है। पत्नी को अगर पति को झुकाना है तो वह अपने को पीट लेती है। फर्क जरा भी नहीं है। प्रयोजन एक ही है। और निश्चित ही पत्नी ज्यादा जीतती है, क्योंकि परोक्ष, उसके मार्ग सूक्ष्म हैं। पति के जरा आदिम हैं ज्यादा सुसंस्कृत नहीं हैं, स्त्री का मार्ग ज्यादा सुसंस्कृत है। इसलिए वह जीतती है। उसका मार्ग ज्यादा कोमल है। उसको अगर पति को जीतना है तो वह रोने लगती है। पति को अगर पत्नी पर कोई विरोध हुआ है तो वह क्रोधित होता है। पत्नी उदास होती है। उदासी क्रोध का छिपा हुआ ढंग है। यह तुम चकित होओगे जानकर कि उदास आदमी क्रोध को दबा रहा है, इसलिए उदास है। वह दबा हुआ क्रोध है, वह पी गया क्रोध है। लेकिन जब कोई उदास होता है तो दया ज्यादा आती है। कोई क्रोध कर रहा हो तो उससे तो लड़ने की भी सुविधा है, लेकिन कोई क्रोध न कर रहा हो, सिर्फ रो रहा हो, तो उससे कैसे लड़ोगे? इसलिए सौ में निन्यानबे पुरुष हार जाते हैं।

## बोध कथा

# स्वर्ग और नर्क

**एक** संतपुरुष और ईश्वर के मध्य एक दिन बातचीत हो रही थी। संत ने ईश्वर से पूछा, "भगवन ! मैं जानना चाहता हूँ कि स्वर्ग और नर्क कैसे दिखते हैं।" ईश्वर संत को दो दरवाजों तक लेकर गये। उन्होंने संत को पहला दरवाज़ा खोलकर दिखाया। वहां एक बहुत बड़े कमरे के भीतर बीचोबीच एक बड़ी मेज रखी हुई थी। मेज पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पकवान रखे हुए थे जिन्हें देखकर संत का मन भी उन्हें चखने के लिये लालायित हो उठा। लेकिन संत ने यह देखा कि वहां खाने के लिये बैठे लोग बहुत दुबले-पतले और बीमार लग रहे थे। ऐसा लग रहा था कि उन्होंने कई दिनों से अच्छे से खाना नहीं खाया था। उन सभी ने हाथों में बहुत बड़े-बड़े कांटे-चम्मच पकड़े हुए थे। उन काँटों-चम्मचों के हैंडल 2-2 फीट लंबे थे। इतने लंबे चम्मचों से खाना खाना बहुत कठिन था। खाना मुंह में न जाकर उनके ऊपर गिर रहा था I संत को उनके दुर्भाग्य पर तरस आया। ईश्वर ने संत से कहा, "आपने नर्क देख लिया।" फ़िर वे एक दूसरे कमरे में गये। यह कमरा भी पहले वाले कमरे जैसा ही था। वैसी ही मेज पर उसी तरह के पकवान रखे हुए थे। वहां बैठे लोगों के हाथों में भी उतने ही बड़े कांटे-चम्मच थे लेकिन वे एक दूसरे को खिला रहे थे और सभी खुश लग रहे थे और हँसी-मजाक कर रहे थे। वे सभी बहुत स्वस्थ प्रतीत हो रहे थे। संत ने ईश्वर से कहा, "भगवन ! मैं कुछ समझा नहीं।" ईश्वर ने कहा, "सीधी सी बात है, स्वर्ग में सभी लोग एक दूसरे के बारे में सोचते हैं। परन्तु नर्क में लालची और लोभी लोग हैं जो सिर्फ़ अपने बारे में ही सोचते हैं।"

## नागरिक बोध

# भारत अमेरिका की दोस्ती के नए दौर में आश्चर्यचकित है दुनिया

**भारत** अमेरिका की दोस्ती के इस नए और आश्चर्य पैदा करने वाले राजकीय संबंध से दुनिया को समझ मे नही आ रहा है कि आखिर हो क्या रहा है? विश्व की महाशक्ति अमेरिका किसी को घास नही डालती है। भारत पर आफरीन अमेरिका ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिकी संसद में बोलने का मौका दिया। इस ऐतिहासिक घटना पर दुनिया की नजर थी। मोदी ने सारा क्रेडिट भारत के 140 करोड़ लोगों को दिया। हालांकि, अमेरिका भारत पर किस हद तक भरोसा कर रहा है। संसद में मोदी के स्वागत के बाद स्पष्ट हो गया है। पीएम ने कहा गॉड ब्लेस अमेरिका, के इस सम्मानजनक शब्द के बदले में राष्ट्रपति बाइडन ने भारत के साथ भरोसा और सम्मान का रिश्ता बताया। चीन की बढ़ती ताकत को भारत ही चुनौती दे सकता है। अमेरिका के आंख की किरकिरी बना चीन को मात देने के लिए भारत से अच्छा विकल्प अमेरिका के पास हो नही सकता है। भारत सक्षम देश है। अमेरिका और भारत मिलकर दुनिया की समस्या को निपटने के लिए अमेरिका की दोस्ती महत्वपूर्ण है। चीन, रूस और उत्तर कोरिया की बढ़ती तानाशाही पर भारत लगाम लगा सकता है। इस कार्य को बखूबी भारत अच्छे से कर सकता है। इसके लिए अमेरिका भारत को सम्मान देकर भारत के कंधे पर बन्दूक रखना चाहता है। दुनिया की ताकत अमेरिका अपना वर्चस्व बरकरार रखने के लिए भारत जैसे शक्तिशाली देश से दोस्ती कर दुनिया पर प्रभुत्व स्थापित करने की सोच रहा है। झुकाने के लिए विवश कर रहा है। अमेरिका चाहता है कि भारत विकसित देश बने। सोलोमन टापू का झुकाव चीन की तरफ है। जोकि क्वाड देशो के लिए चिंता का विषय है। इस अहम मुद्दे को धार देने के लिए अमेरिका भारत को काबिल मानता है। अमेरिका चाहता है कि प्रशांत सागर के साथ अन्य ऐशियाई देशो को संगठित करके उसका नेतृत्व भारत करे जिससे चीन का प्रभाव कम हो सके। इस चिन्ताजनक मुद्दे के परिणाम को अमेरिका भांप चुका है। जबकि ताइवान पर अमेरिका ने चीन को हमला नही करने की चेतावनी दी थी। अमेरिका में संसद में मोदी का स्वागत भारत की साख में वृद्धि हुई है। दुनिया किस ऐंगल से दोनों देशों की दोस्ती निहारती है। यह उनका नजरिया है। लेकिन किसी खास मकसद से अमेरिका ने भारत को इतनी इज्जत और अहमियत दी है। भारत के बढ़ते वर्चस्व से चीन और पाकिस्तान बौखलाए हुए है। मोदी, बाइडन और जिल के बीच भेंट सौगातों के इस ऐतिहासिक पल को दुनिया ने देखा। लेकिन मोदी का शानदार स्वागत इतिहास के पन्नो में समेटने के लिए अमेरिका ने दोस्ती का नया दौर शुरू किया है। यह दशकों तक याद रहेगा।



# खर्चों में 85 अरब की कटौती करेगा पाकिस्तान, आईएमएफ से आर्थिक मदद के लिए जद्दोजहद कर रहा देश

**इस्लामाबाद ।**
**पाकिस्तान इस समय आर्थिक संकट से जूझ रहा है। शनिवार को पाकिस्तान के वित्त मंत्री ने कहा कि आईएमएफ द्वारा निर्धारित कठोर शर्तों को पूरा करने के लिए करों के माध्यम से 215 अरब रुपये जुटाएंगे।**

### पाकिस्तानी संसद में बैठक

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ नेशनल असेंबली में वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट पर हुई चर्चा की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन वित्त मंत्री इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान सभी औपचारिकताओं को पूरा करने की कोशिश कर रहा है। आईएमएफ का कहना है कि ऋण से पहले इसे पूरा कर लें। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केवल 215 बिलियन रुपये के अंतिम कर पर सहमति हुई है। इससे देश के गरीब और मध्यम लोगों पर बोझ नहीं पड़ेगा।

### पाकिस्तान को अब तक नहीं मिल सकी ऋण राशि

साल 2019 में आईएमएफ कुछ शर्तों को पूरा करने के बाद पाकिस्तान को छह बिलियन अमेरिकी डॉलर देने के लिए राजी हुआ था। योजना में कई बार दिक्कतें भी आई, जिस वजह से अभी तक पाकिस्तान को पूरा ऋण नहीं मिल सका है। आईएमएफ के एमडी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच हुई बैठक के बाद संघीय कैबिनेट का एक सदस्य पेरिस से तकनीकी दौर की वार्ता में शामिल हुआ।

### खर्चों पर कटौती करेगा पाकिस्तान

नेशनल असेंबली में दोनों पक्षों ने लंबित मुद्दों पर चर्चा की। पाकिस्तान ने बजटीय आंकड़ों पर आईएमएफ के विचारों को मान लिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के खर्चों में 85 अरब रुपये की कटौती करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कटौती का असर प्रस्तावित सालाना बजट, कर्मचारियों के वेतन और पेंशन वृद्धि पर नहीं पड़ेगा। बैठक में पाकिस्तान ने आईएमएफ को आश्वासन दिया है। पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज जारी करने के लिए आईएमएफ की संतुष्टि जरूरी है। बता दें, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में पिछले कई वर्षों से गिरावट आ रही है। पाकिस्तान में इस समय रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल भरा हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### हॉन्गकॉन्ग से लॉस एंजेलिस जा रहे विमान का फटा टायर, आपातकालीन निकासी के दौरान 11 यात्री घायल



**हॉन्गकॉन्ग ।** हॉन्गकॉन्ग के कैथे पैसिफिक विमान को तकनीकी समस्या के चलते शनिवार सुबह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले रोक दिया गया। आपातकालीन निकासी के दौरान 11 यात्री घायल हो गए। बता दें, हॉन्गकॉन्ग से लॉस एंजेलिस जा रहे विमान में 17 क्रू सदस्य और 293 यात्री सवार थे। कैथे विमान कंपनी ने एक बयान जारी कर बताया कि जब विमान उड़ान भरने वाला था, तभी चालक दल को कुछ तकनीकी समस्या का पता चला, जिसके बाद उड़ान को रद्द करने का फैसला लिया गया। वहीं, एक मीडिया रिपोर्ट की माने तो घटना के पीछे का कारण विमान का एक टायर अत्यधिक गर्म होना बताया जा रहा है। कहा जा रहा कि टायर बहुत ज्यादा गर्म हो गया था, जिससे कारण वह फट गया। बयान में कहा गया है कि विमान में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद यात्रियों को सुरक्षित उतारना मकसद था। इसलिए यात्रियों को पांच डोर एस्केप स्लाइड्स का उपयोग करके विमान से बाहर निकाला गया। इसी दौरान, 11 यात्री घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। कैथे कंपनी ने कहा कि अस्पताल से नौ लोगों को छुट्टी मिल गई है, उन्हें घर भेज दिया गया है। फिलहाल, अस्पताल में दो यात्री भर्ती हैं। कैथे ने कहा कि इन यात्रियों और उनके परिवार का ध्यान रखा जाएगा, जिस भी सहायता की जरूरत होगी हम करेंगे। विमान कंपनी ने यात्रियों से माफी भी मांगी है।

### अंतरिक्ष में ज्यादा दूर तक कर सकेंगे अध्ययन, भारतीय विमान धमाके की 38वीं बरसी पर श्रद्धांजलि



**वाशिंगटन ।** भारत द्वारा अमेरिका की आर्टेमिस संधि पर हस्ताक्षर के बाद नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि इससे अंतरिक्ष व पृथ्वी के अध्ययन में सहयोग बढ़ेगा, यह खुशी का मौका है। उन्होंने भारतीय नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि अब हम अध्ययन के लिए अंतरिक्ष में कहीं ज्यादा दूर जाने के बारे में सोच सकेंगे, अपने लक्ष्यों की ओर शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से बढ़ेंगे। मुश्किल वक्त में एक दूसरे की मदद भी कर पाएंगे। नासा की आर्टेमिस संधि विभिन्न देशों के बीच अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए व्यावहारिक नियम तय करती है। भारत को मिलाकर 27 देश इसमें शामिल हो गए हैं। ये सभी चंद्रमा और मंगल ग्रह के लिए नासा के मिशन आर्टेमिस का भी हिस्सा बनेंगे। वहीं अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि द्विपक्षीय सहयोग के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होने वाला कदम है। भारत एक जिम्मेदार अंतरिक्ष शक्ति है और सहयोग व प्रगति के लिए नये समझौतों का समर्थन करता है। यह संधि अंतरिक्ष के लिए नियम आधारित अध्ययन को महत्व देगी। हम सभी का मानना है कि यह न केवल ज्ञान की तलाश और अज्ञात को जानने का रास्ता है, बल्कि इससे मानवता को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी।

### अमेरिका की खुफिया एजेंसी का बड़ा दावा, कहा- वुहान की लैब से लीक नहीं हुआ था कोरोना वायरस

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी अधिकारियों ने एक खुफिया रिपोर्ट जारी करके उन लोगों के उठाए कुछ बिंदुओं को



खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया है कि कोविड-19 वायरस चीन की एक प्रयोगशाला से लीक हुआ था। रिपोर्ट में दोहराया गया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की राय इसको लेकर विभाजित है कि महामारी की उत्पत्ति कैसे हुई। इसका एक कारण चीन द्वारा स्वतंत्र समीक्षा में रोड़ा अटकाना भी रहा है। यह रिपोर्ट अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के कहने पर जारी की गई। कांग्रेस ने मार्च में एक विधेयक पारित करके वुहान वायरस संस्थान से संबंधित खुफिया रिपोर्ट को खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने के लिए अमेरिकी गुप्तचर एजेंसी को 90 दिनों का वक्त दिया था। रिपोर्ट में कहा गया कि प्रयोगशाला में काम करने वाले शोधकर्ताओं का 2019 में बीमार पड़ना व उन्हें श्वास संबंधी लक्षण होना भी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचाते। अमेरिकी एजेंसियां ये जानकारी महामारी की उत्पत्ति को लेकर कयास का न तो समर्थन करती हैं और न उसे खारिज करती हैं।

# पेशावर में बंदूकधारियों ने सिख व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की, बलूचिस्तान में आत्मघाती हमला

**पेशावर ।**
**पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ लक्षित हमला करने का मामला सामने आया है। शनिवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक सिख की गोली मारकर हत्या कर दी। पिछले 48 घंटों में यक्का तूत इलाके में हमले की दूसरी घटना है। इससे पहले, शुक्रवार को पैरों में गोली मारकर एक सिख को घायल कर दिया था। पेशावर के रशीद गढ़ी से मनमोहन सिंह शहर की तरफ जा रहे थे। जब वह गुलदारा चौक ककशाल के पास पहुंचे। उसी दौरान कुछ हथियारबंद बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। घटना यक्का तूत पुलिस स्टेशन इलाके में हुई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि मनमोहन सिंह को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।**



### सिखों पर पहले भी होते रहे हमले

मार्च 2023 में अज्ञात हमलावरों ने शहर में एक सिख व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पेशावर में लगभग 15 हजार सिख रहते हैं। पेशावर में सिख समुदाय के अधिकांश लोग कारोबारी हैं और बड़ी संख्या में फार्मेसी के क्षेत्र से जुड़े हैं। सितंबर 2022 में पेशावर में एक प्रसिद्ध सिख हकीम (यूनानी चिकित्सा व्यवसायी) की उनके क्लिनिक के अंदर अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। 2018 में, पेशावर में सिख समुदाय के एक प्रमुख सदस्य चरणजीत सिंह की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। इसी तरह, शहर में 2020 में न्यूज चैनल के एंकर रविंदर सिंह की हत्या कर दी गई थी। 2016 में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेशनल असेंबली के सदस्य सोरेन सिंह की भी पेशावर में हत्या कर दी गई थी। पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है।

### पाक आत्मघाती हमले में पुलिसकर्मी की मौत

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक आत्मघाती हमले में शनिवार को एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। यह हमला बलूचिस्तान के तुरबत में हुआ जब महिला आत्मघाती हमलावर ने पैरामिलिट्री फ्रंटियर्स कॉर्प्स (एफसी) के एक वाहन को निशाना बनाया।

पुलिस ने कहा, हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और एक महिला पुलिसकर्मी घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच के लिए साक्ष्य एकत्र किए। प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हमला समूह के मजीद ब्रिगेड की सामिया कलंदरानी बलूच ने किया था।

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर अब्दुल कुदूस बिजेंजो ने विस्फोट की निंदा की और हमले पर खेद व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने मारे गए और घायल अधिकारियों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, आतंकवाद का उद्देश्य विकास प्रक्रिया को रोकना और सुरक्षा बलों को डराना है। आतंकवादियों के बुरे इरादे कभी सफल नहीं होंगे। यह प्रांत कई वर्षों से आतंकवाद और उग्रवाद से जूझ रहा है, जिसमें विभिन्न आतंकवादी समूह सुरक्षा बलों और नागरिकों को निशाना बनाकर हमले कर रहे हैं।

### पाकिस्तान ने कथित संघर्ष विराम उल्लंघन पर जताया विरोध

पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर भारतीय बलों द्वारा कथित संघर्ष विराम उल्लंघन पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को भारत के प्रभारी को तलब किया। आरोप लगाया कि घटना में दो नागरिकों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पाक ने आरोप लगाया कि इस तरह के कृत्य 2003 के संघर्ष विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

# ब्रिटेन के साथ भारत की गहरी दोस्ती का लाभ उठाएं प्रधानमंत्री सुनक, पूर्व डिप्टी पीएम ने दिया सुझाव



**लंदन ।**
**ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के करीबी सहयोगी और पूर्व उप प्रधानमंत्री डोमिनिक राब ने पीएम सुनक से भारत के साथ नए व्यापार और रक्षा सौदे करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस समय ब्रिटेन को भारत के साथ गहरी दोस्ती का लाभ उठाना चाहिए। राब का मानना है कि ब्रिटेन के पहले भारतीय प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों में भारत से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है।**

डोमिनिक राब ने पिछले महीने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनपर बुरे बर्ताव करने के आरोप लगाए गए थे। जानकारी के अनुसार, न्याय मंत्रालय और व्हाइटहॉल के अन्य विभागों में राब पर डराने धमकाने का आरोप लगा था, जिसके बाद उन्होंने न्याय सचिव और उप प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। वरिष्ठ कंजर्वेटिव सांसद राब पर लोगों के साथ बुरा व्यवहार करने का आरोप था। इसे लेकर कई बार शिकायत भी की गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राब लोगों को इतना डराते धमकाते थे कि सामने वाला व्यक्ति रो जाता था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, राब ने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन के समय जो समझौता होने की उम्मीद थी वह अटक गई। सुनक भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री हैं जिसका वह फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा व्यवसाय की दौड़ में ब्रिटेन फ्रांस से पिछड़ सकता है।

उन्होंने सुझाव दिया कि भारत की रूसी हथियारों पर निर्भरता को कम करने के लिए ब्रिटेन को कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वहीं 30 वर्षों के भीतर यूरो क्षेत्र से आगे निकलने की भविष्यवाणी की गई है, इसलिए व्यापार के अवसर बहुत अधिक हैं।

# चीन दौरे पर जाएंगे नेपाल के पीएम प्रचंड, बोले- मुझे विश्वास है भारत की तरह मेरी यह यात्रा भी सफल होगी

**काठमांडू ।**
**हाल ही में भारत यात्रा पर आए नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड सितंबर में चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाने योजना बना रहे हैं। प्रचंड ने कहा कि मेरी राय में भारत यात्रा बहुत सफल रही और मुझे विश्वास है कि मेरी प्रस्तावित चीन यात्रा भी सफल होगी। विदेश मंत्री एन पी सऊद ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री की चीन यात्रा की तैयारियां चल रही हैं और सटीक तारीख अभी तय नहीं हुई है।**



प्रचंड की यात्राओं को नेपाल के भारत और चीन के साथ संबंधों में संतुलन बनाए रखने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले साल दिसंबर में पद संभालने के बाद प्रचंड की यह दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी सेंटर (सीपीएन-एमसी) के 68 वर्षीय नेता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप में भारत का दौरा किया था।

विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नेपाली विदेश मंत्रालय फिलहाल प्रधानमंत्री की यात्रा की तारीख और कार्यक्रम तय करने में लगा हुआ है। सूत्रों ने बताया कि प्रचंड ने सीपीएन-एमसी के एक वरिष्ठ नेता के माध्यम से चीनी नेतृत्व को चीन यात्रा की अपनी इच्छा से अवगत कराया है।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने गुरुवार को कांतिपुर टेलीविजन से कहा था कि उनकी चीन यात्रा की तारीख तय हो गई है। हालांकि, उन्होंने इसका खुलासा करने से परहेज किया। अपनी भारत यात्रा को बेहद सफल करार देते हुए प्रचंड ने कहा, ''मेरी राय में, यात्रा ऐतिहासिक रूप से सफल रही और मुझे विश्वास है कि मेरी प्रस्तावित चीन यात्रा भी सफल होगी।

# बकरीद पर अफगानिस्तान में पसरा सन्नाटा, नहीं खरीद रहा कोई कपड़े; दुकान पड़ी खाली

**काबुल।**

बकरीद पर अफगानिस्तान में सन्नाटा पसरा हुआ है। दर्जी और कपड़ा विक्रेताओं की दुकानें खाली पड़ी हुई है, जिसके कारण वित्तीय स्थिति पर भी प्रभाव पड़ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी काबुल में बिक्री काफी कम हो रही है। दर्जी और कपड़ा विक्रेताओं ने अपनी परेशानी व्यक्त करते हुए कहा कि काबुल में आर्थिक चुनौतियों और बेरोजगारी के कारण उनके काम पर काफी प्रभाव पड़ रहा है। अफगानिस्तान में लगभग 35 सालों से एक दर्जी की दुकान पर काम कर रहे बुरहानुल्लाह बताते है कि वह अपने परिवार में कमाने वाले एकमात्र शख्स है। देश की आर्थिक चुनौतियों को वह अपनी बिक्री कम होने का कारण बताते हैं। बुरहान ने कहा कि पिछले साल की तुलना में काम में बदलाव आया है। ज्यादातर अफगानी कपड़े ही इस्तेमाल होते हैं...लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। अन्य दर्जी जमालुद्दीन ने कहा कि पहले हमारे पास बहुत काम था और बहुत सारे ग्राहक थे, लेकिन अभी हमारे अधिकांश ग्राहक देश से बाहर चले गए हैं। इस बीच, काबुल के दूसरे कोने में भी कुछ कपड़े और कपड़े बेचने वाले खराब हालात को लेकर चिंतित हैं। कपड़े बेचने वाले अब्दुल फतह ने कहा, हमारा काम अच्छा नहीं है क्योंकि लोग इन दिनों खरीदारी में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।



### अफगानिस्तान में बढ़ती गरीबी

कपड़ा विक्रेता अब्दुल फहीम ने कहा, पहले लोगों के पास काम और नौकरियां थीं और उनके पास पैसे थे और वे अपने परिवारों के साथ खरीदारी के लिए आते थे। लेकिन, अब पिछली सरकार की तुलना में हमारा काम अच्छा नहीं है। हर साल ईद-उल-अजहा के आगमन के साथ ही देश में बहुत से लोग उत्साह से कपड़े खरीदते हैं, लेकिन इस साल देश में गरीबी और चुनौतियों के कारण वे इस तरह से ईद नहीं मना सकते हैं।

## नवाज शरीफ को 37 साल पुराने मामले में राहत

# इन कानूनों में बदलाव के बाद बरी करने को मजबूर हुई अदालत

**इस्लामाबाद ।**
**पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को बड़ी राहत दी है। अदालत ने उन्हें 37 साल पुराने एक रिश्वत के मामले में बरी किया है। मामला देश के एक प्रमुख मीडिया हाउस के मालिक को रिश्वत के रूप में कीमती सरकारी जमीन हस्तांतरित करने सें जुड़ा है।**

अदालत ने यह फैसला तब सुनाया है जब कुछ दिनों पहले उनके छोटे भाई प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने राजनेताओं पर लगे आजीवन प्रतिबंध को हटाने के लिए कानूनों में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं।

नवाज शरीफ को 2017 में सर्वोच्च न्यायालय ने अयोग्य करार दिया था। 2018 में पनामा पेपर्स मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद वह आजीवन सार्वजनिक पद धारण करने के लिए अयोग्य हो गए थे।



अदालत के एक अधिकारी ने बताया, लाहौर की एक जवाबदेही अदालत ने तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ को 37 साल पहले पंजाब का मुख्यमंत्री रहने के दौरान लाहौर में जंग/जियो मीडिया समूह के मालिक मीर शकील-उर-रहमान को 54 कनाल (6.7 एकड़) कीमती राज्य भूमि के अवैध हस्तांतरण से संबंधित मामले में बरी कर दिया।

अधिकारी ने कहा, न्यायाधीश राव अब्दुल जब्बार ने उन्हें तब बरी कर दिया जब देश की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था (राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो) ने अदालत को बताया कि उसके कानून में हाल के संशोधनों (शहबाज शरीफ नीत गठबंधन सरकार द्वारा) के बाद यह मामला उसके दायरे में नहीं आता। अदालत इस मामले में मीर शकील-उर-रहमान को पहले ही बरी कर चुकी है।

राष्ट्रीय जवाबेदी ब्यूरो (एनएबी) के पहले आरोपपत्र में नवाज शरीफ पर अपने पद का दुरुपयोग करने और एक ही ब्लॉक में एक-एक कनाल के 54 कीमती भूखंडों में छूट को मंजूरी देकर रहमान को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया था। यह फार्म लाहौर के एमए जौहर टाउन के नहर तट पर एच-ब्लॉक के रूप में स्थित है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ नवंबर 2019 से ब्रिटेन में निर्वासन में रह रहे हैं। लंदन रवाना होने से पहले नवाज शरीफ अल-अजीजिया मिल्स भ्रष्टाचार मामले में सात साल की जेल की सजा काट रहे थे। लाहौर उच्च न्यायालय ने चिकित्सा आधार पर जमानत दी थी।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख और अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान आरोप लगाते रहे हैं कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने शरीफ को जेल से भगाने की पैंतरेबाजी की थी और बाद में उनके साथ एक समझौता किया था। वहीं, पीएमएल-एन का कहना है कि आम चुनाव की तारीख की घोषणा होने के बाद उसके सर्वोच्च नेता पाकिस्तान लौट आएंगे। मौजूदा सरकार का कार्यकाल 13 अगस्त को समाप्त होने के बाद अक्टूबर में देश में चुनाव होने हैं।

# लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश




**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** पंजाब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम लेकर फिरौती मांगने वाले गिरोह के एक सदस्य को टीडीआई वेलिंगटन सिटी मोहाली से गिरप्तार किया है। जबरन वसूली करने वाला यह गिरोह मोहाली, चंडीगढ़ और आसपास के इलाकों में सक्रिय था। एआईजी एसएसओसी अश्वनी कपूर ने रविवार को बताया कि मलोआ चंडीगढ़ निवासी विशाल कुमार को गिरफ्तार किया गया है, जो स्थानीय सैलून में काम करता था। पुलिस टीम ने उसके पास से .32 बोर की पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किये हैं। उन्होंने बताया कि विशाल कुमार के लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े होने और धमकी भरे फोन कॉल मिलने के उपरांत पंजाब पुलिस ने इस मामले की व्यापक जांच शुरू की। खुफिया जानकारी इकट्ठी करने के उपरांत विशाल कुमार और उसके साथी गांव घंगरोली, समाना, पटियाला निवासी कश्मीर सिंह उर्फ बोबी की पहचान हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने संभावित ठिकानों पर छापेमारी की और टीडीआई वेलिंगटन सिटी से विशाल कुमार को गिरप्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि अभी कश्मीर उर्फ बोबी को गिरप्तार नहीं किया जा सका है और पुलिस टीमें उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही हैं। एआईजी कपूर ने बताया कि कश्मीर उर्फ बोबी चंडीगढ़, मोहाली और आसपास के इलाकों में नाइट क्लबों और बार के मालिकों सहित अमीर व्यक्तियों को फोन करके फिरौती मांगता था, जबकि विशाल इन व्यक्तियों से फिरौती की रकम वसूलने के लिए उनको डराता-धमकाता था।

## दरबार साहिब में नतमस्तक हुए भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडे

**चंडीगढ़( हि.स. )।** भारत के सेना प्रमुख मनोज पांडे रविवार की सुबह परिवार समेत सचखंड दरबार साहिब में नतमस्तक हुए। मनोज पांडे के साथ उनकी पत्नी अर्चना पांडे तथा ब्रिगेडियर सीबीके बैनर्जी भी मौजूद थे। मनोज पांडे का यहां पहुंचने पर शिरोमणि कमेटी के उप सचिव शहबाज सिंह, सूचना अधिकारी अमृतपाल सिंह ने हरिमंदिर साहिब की मर्यादा, सिख परंपराओं तथा यहां के धार्मिक स्थलों के इतिहास के बारे में अवगत कराया। मनोज पांडे ने यहां माथा टेकने के बाद कुछ समय गुरबाणी कीर्तन भी सुना और अकाल तख्त साहिब पर जाकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। सेना प्रमुख को एसजीपीसी की तरफ से भगवंत सिंह सयालका, हरजपा सिंह सुलतानविंड, शिरोमणि कमेटी के ओएसडी सतबीर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से सम्मानित करते हुए दरबार साहिब का मॉडल व धार्मिक पुस्तकें प्रदान की। एसजीपीसी के सदस्य एडवोकेट भगवंत सिंह ने सेना प्रमुख के साथ सिखों के कई धार्मिक मामलों पर भी चर्चा की।

*भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मेलन*

# आत्मनिर्भर से देश और देशवासी मजबूत हुए : पूनियां




**बीकानेर ( हि.स. )।** भाजपा की ओर से रविवार को रविंद्र रंगमंच पर प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां व प्रदेश मंत्री श्रवणसिंह बगड़ी वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 9 साल के शासन में रही उपलब्धियों को लेकर प्रबुद्धजन से संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पूनिया ने कहा कि नौ साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार में डिजिटल युग की शुरुआत हुई। जिससे आमजन के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की साख बढ़ी है। भारत की सेनाएं सुदृढ़ हुई हैं। आत्मनिर्भर भारत से देश और देशवासी मजबूत हुए हैं। आज देश की अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। डिजिटल युग की शुरुआत हुई। वहीं उन्होंने आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले सभी सेनानियों को नमन किया। प्रबुद्धजन संवाद सम्मेलन में महापौर सुशीलाकंवर, संगठन प्रभारी दशरथसिंह, नोखा से भाजपा विधायक बिहारीलाल विश्नोई, भाजपा के शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, देहात प्रभारी ओम सारस्वत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामगोपाल सुथार, ताराचंद सारस्वत, एड. मुमताज अली भाटी के अलावा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बिहारी सिंह राठौड़, ओम सारस्वत, कार्यक्रम सहसंयोजक अशोक भाटी सहित आयोजन में शिक्षाविद, डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट, चार्टर्ड अकाउंटेंट और शिक्षक, जिले भर के संगठन के पदाधिकारियों के साथ ही विधायक और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# चार जिलों में पुलिस ने 1623 स्थानों पर दी एक साथ दबिश

**बीकानेर ( हि.स. )।** अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बीकानेर संभाग के चारों जिलों में एक साथ दबिश देते हुए पुलिस ने बड़ी संख्या में कार्रवाई की है, वहीं अवैध शराब भी पकड़ी है। पुलिस ने करीब पांच सौ लोगों को गिरफ्तार किया है। रेंज पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन के आदेश पर हो रही है। यह चौथा मौका है जब बीकानेर रेंज के बीकानेर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में एक साथ कार्रवाई की गई है। वांछित अपराधियों और असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए 1727 पुलिस अधिकारियों और जवानों की 322 टीमों ने 1623 स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान 94 स्थाई वॉरंटी, 485 से अधिक अलग अलग अपराधों में लिप्त अपराधियों को दबोचा है। पुलिस महानिदेशक ओमप्रकाश के अनुसार आर्म्स एक्ट में तीन मामलों में तीन गिरफ्तारी की गई है। जिनसे पिस्टल, कारतूस बरामद किये गए हैं। अवैध शराब के 28 प्रकरण बने हैं। जिसमें 137 लीटर से अधिक शराब जब दी गई है। एनडीपीसी के 11 प्रकरण में 14 अपराधियों से 246 किलो डोडा पोस्त, 3500 नशीली दवाइयां बरामद की गई है। वही जुआ सट्टे में 17 अपराधियों को किया गया गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू के पुलिसकर्मियों ने सुबह से रात सुबह से रात तक कार्रवाई को अंजाम दिया।

# गुरुग्राम की तर्ज पर फरीदाबाद में बनेंगे अंडरपास व यू-टर्न : मनोहर लाल




**फरीदाबाद ( हि.स. )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मिलेनियम सिटी गुरुग्राम की तर्ज पर अब ओल्ड, न्यू तथा ग्रेटर फरीदाबाद को अंडर पास व यू-टर्न से जोड़ा जाएगा। इसके लिए हरियाणा सरकार बड़ी योजना बना रही है। इसके बाद ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म हो जाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिवादों की सुनवाई कर रहे थे। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 15 परिवाद रखे गए जिनमें से 13 परिवादों का निपटान किया। शेष दो मामले अगली बैठक में रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, डबुआ कॉलोनी एनआईटी के विजय कुमार की शिकायत पर सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादी का स्पेशल केस बनाकर एचएसवीपी बोर्ड के समक्ष रखकर इन्हें वैकल्पिक प्लाट दिया जाए और मुआवजा भी दिया जाए। एक अन्य शिकायतकर्ता सत्येंद्र दुग्गल की सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि बड़े शहरों में बहु-मंजिला भवनों में आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकार 13 हाइड्रोलिक प्लेटफार्म मशीनें खरीदने जा रही हैं। जल्द ही इसका सारा प्रोसेस पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता हमारी मालिक है। हम उनके सेवक के तौर पर कार्य करते हैं। जनसेवा के सिद्धांत पर चलते हुए वे हर शनिवार को दस हजार लोगों से ऑडियो माध्यम से बातचीत करते हैं। अब तक प्रदेश के दो लाख लोगों से बातचीत कर चुके हैं। बल्लभगढ़ शहर से निकलने वाले गंदे नाले से जुड़े परिवाद की सुनवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आकाश सिनेमा की दीवार तोड़ कर इस नाले की तुरंत प्रभाव से सफाई कराई जाए। दिल्ली मुंबई वडोदरा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य के कारण सीवरेज लाइन में आई रुकावट दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सहित संबंधित विभागों को 3 दिन में कार्रवाई करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के सेक्टर 59 में फेज 2 इंडस्ट्री एरिया में जल्द से जल्द सीवरेज कनेक्शन करने के भी निर्देश दिए।

## भिवानी में हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**भिवानी ( हि.स. )।** रविवार की सुबह हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। साथ ही यह बारिश किसानों के लिए भी सोना बनकर बरसी है। किसानों का कहना है कि इस बारिश से कपास, ग्वार, ज्वार, बाजरे, ईख की पैदावार में बढ़ोत्तरी होगी। भिवानी ही नही, बल्कि दक्षिण हरियाणा में मानसून ने दस्तक दे दी है। मानसून आने से लोगो को गर्मी से राहत मिली है, वही किसान भी खुश हुए है उनके लिए तो जैसे आसमान से बारिश नही बल्कि सोना बरस रहा हो। भिवानी में बारिश से किसान व आमजन खुश है। बारिश आने की वजह से किसानों की फसलों को काफी फायदा होगा। किसानों को पानी खेती के लिए मिल गया।

## बड़े शहरों की तर्ज पर झालावाड़ को दिया जाएगा हेरिटेज लुक

**झालावा ( हि.स. )।** शहर झालावाड़ को हेरिटेज लुक देने के लिए नगरपरिषद की ओर से कार्य शुरू किया गया है। रविवार को शहर की सार्वजनिक स्थल की दीवारों पर कलर का काम शुरू किया गया है। झालावाड़ नगर परिषद सभापति प्रदीप सिंह राजावत ने बताया कि कार्यभार संभालने के बाद से ही उन्होंने पार्षदों के साथ मिलकर शहर को हेरिटेज लुक देने के लिए कई तरह के काम हाथ में लिए हैं। ऐसे में रविवार को शहर की बदरंग दीवारों पर रंग रोगन करवा कर दीवारों पर राजस्थान की गौरव पूर्ण संस्कृति को उकेरा जाएगा। इससे दीवारों को देखकर शहरवासी एवं राहगीरों को अच्छा महसूस होगा और शहर में आने जाने वाले पर्यटकों को भी सुंदरता का अनुभव होगा। शहर पर्यटन की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। शहर एवं शहर के आसपास कई दार्शनिक स्थल है। उन स्थलों को भी इन पेंटिंगों के माध्यम से प्रचारित किया जाएगा। इससे झालावा? आने वाले पर्यटकों को भी इन स्थलों की जानकारी होगी।

# भिवानी पुलिस व बदमाशों में फिर हुई मुठभेड़




**भिवानी ( हि.स. )।** भिवानी में एक बार फिर पुलिस और बदमाशों में फिल्मी अंदाज में मुठभेड़ हुई, पर हत्या के आरोपी व दलु गैंग का सरगना पहाड़ से गिर कर घायल हो गया। जिसके पास से दो देशी पिस्टल व दो दर्जन कारतूस बरामद हुए हैं। इस बदमाश पर हत्या, हत्या के प्रयास, लड़ाई झगड़े समेत आर्म्स एक्ट के एक दर्जन मामले दर्ज हैं। रविवार की सुबह जब तोशाम क्षेत्र के पिंजौखरा गांव में भिवानी सीआईए-1 टीम हत्या के आरोपी व दलु गैंग के सरगना बदमाश दलवीर को पकड़ने गई, तब बदमाश दलवीर उर्फ दलु ने पुलिस टीम पर फायर किए और भागने लगा। पिंजौखरा गांव में जहां ये बदमाश छुपा था, वो पहाड़ के नीचे एक बंद क्रेशर था। जब ये फ़ायर कर भागते हुए पहाड़ पर चढ़ा तो अचानक पहाड़ से गिर कर घायल हो गया। तभी पुलिस ने इसे दबोच लिया। फ़िलहाल घायल बदमाश दलवीर उर्फ दलु को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि तोशाम क्षेत्र में काशी गैंग व दलु गैंग के बीच कई सालों से टकराव चल रहा है। इसी के चलते दलु गैंग का सरगना दलवीर हत्या के केस में फरार चल रहा था। पुलिस को काफी समय से इसकी तलाश थी। देर रात सीआईए-1 टीम को गुप्त सूचना मिली की दलु गैंग का सरगना दलवीर अपने गांव पिंजौखरा के पहाड़ के पास बंद पड़े क्रेसर में छापा है तो सीआईए-1 टीम ने सुबह 4 बजे दबिश दी। सीआईएम-प्रथम टीम के इंचार्ज इंस्पेक्टर योगेश हुड्डा ने बताया कि बदमाश दलवीर ने खुद को घिरा देश पुलिस टीम पर दो फायर किए और भाग कर पहाड़ पर चढ़ने लगा, तभी वो फिसल कर गिरा और उसकी टांग टूट गई। जब उसे गिरफ्तार किया तो उसके पास दो देशी पिस्टल और 24 कारतूस बरामद हुए। उन्होंने बताया कि दलवीर पर हत्या, हत्या के प्रयास, लड़ाई झगड़े व आर्म्स एक्ट के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

## कुलगाम में एक गैर स्थानीय महिला सहित दो लोग मृत पाए गए

**कुलगाम ( हि.स. )।** कुलगाम जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर एक गैर-स्थानीय महिला सहित दो लोग रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फैयाज अहमद लोन पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला नामक व्यक्ति निवासी खोखरहामा कुलगाम गसीराना गांव के एक बगीचे में मृत पाया गया। उन्होंने कहा कि राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि बगीचे में एक शव पड़ा हुआ है जिसके आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करने हेतु उसे अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से मोटरसाइकिल नम्बर जेके18सी-7233 और एक बोतल भी बरामद की गई है। अधिकारी ने कहा इसी तरह की एक घटना काजीगुंड में भी सामने आई है। बिजनौर उत्तर प्रदेश की एक गैर स्थानीय महिला को आपातकालीन अस्पताल काजीगुंड के पास अपने किराए के कमरे में लटका हुआ पाया गया। उन्होंने कहा कि कानूनी औपचारिकताओं के लिए शव को आपातकालीन अस्पताल काजीगुंड में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच पुलिस ने दोनों घटनाओं का संज्ञान ले लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# मानसून की पहली बारिश ने नगर परिषद की खोली पोल, पूरा शहर जलमग्न



**कठुआ ( हि.स. )।** जिला कठुआ में मानसून की पहली बारिश ने जिला प्रशासन एवं नगर परिषद की पोल खोल के रख दी है। मात्र एक घंटे तक हुई जोरदार बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया। शहर के सभी वार्डों की गलियां तलाब में तबदील हो गईं और लोगों के घरों में पानी घुस गया। बीते एक सप्ताह से कठुआ में उमस भरी गर्मी ने लोगों को काफी परेशान कर रखा था, हर एक उमस भरी गर्मी से परेशान था। सभी इंद्रदेव से बारिश के लिए प्रार्थना करते नजर आते थे। लेकिन रविवार की सुबह से ही अचानक घने बादलों ने कठुआ जिले को घेर लिया। करीब दोपहर दो बजे बारिश इतनी तेज हुई कि देखते ही देखते पूरा शहर जलमग्न हो गया। शहर के मुख्य शहीदी चैक, मुखर्जी चैक, पारलीबंड, मुख्य बाजार सहित सभी वार्ड़ों में जगह-जगह पानी भर गया। वही कठुआ के औद्योगिक क्षेत्र स्थित चक राम सिंह गोविंदसर में भी मोहल्लों में पानी भर गया। जिसके चलते पानी लोगों के घरों में घुस गया, जिससे लोगों का काफी नुकसान हुआ है। वहीं मौसम विभाग की माने तो आने वाली पांच दिनों में बारिश के लगातार आसार हैं। वहीं दूसरी ओर बारिश से नेशनल हाईवे पर पानी की निकासी ना होने से पानी जमा हो गया, जिसकी वजह से लोगों को आने जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बरसात आते ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा बनाए गए पानी की निकासी के लिए नाले की सफाई ना होने के चलते नेशनल हाईवे पर बारिश का सारा पानी जमा हो जाता है। इसी बीच लोगों ने कहा कि नगर परिषद को चाहिए कि बरसात मौसम शुरू होने से पहले ही नालों की सफाई करवानी चाहिए ताकि बरसात में शहर में जलभराव की स्थिति पैदा ना हो।

# फर्जी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवा कर कांस्टेबल बना आरोपित गिरफ्तार




**चित्तौड़गढ़ ( हिस )।** जिला चित्तौड़गढ़ पुलिस की वर्ष 2015 में हुई भर्ती में कांस्टेबल पद पर चयनित जालौर जिले के सुरेश विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर अपनी जगह किसी अन्य को बैठा कर पास हो नौकरी में चयन हुआ था। सुरेश विश्नोई भर्ती परीक्षा में खुद नहीं बैठ अपनी जगह किसी और को बैठा कर पास हुआ था। मामले में डीएसपी बुद्धराज टांक में सदर थाने पर प्रकरण दर्ज कराया है। आरोपित वर्तमान में बाड़मेर जिले के नागाणा थाने में पदस्थापित था। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने बताया कि वर्ष 2018 में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा हुई थी। इसमें चयनित दिनेश कुमार विश्नोई का बायोमीट्रिक मिलान परीक्षा के दौरान लिए बायोमीट्रिक से नहीं हुआ था। इस पर एसपी कार्यालय के कांस्टेबल लिपिक जाकीर हुसैन ने सदर चितौडगढ पर प्रकरण दर्ज कराया था। इसमें अभ्यर्थी जालौर के मालवाडा थाना चितलवाना निवासी दिनेश पुत्र मांगीलाल विश्नोई को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में उसने अपने स्थान पर अपने भाई गणपत विश्नोई द्वारा परीक्षा देना बताया। इस पर वर्ष 2020 में उक्त प्रकरण के जांच अधिकारी तत्कालीन डिप्टी अमितसिंह ने गणपत पुत्र मांगीलाल विश्नोई निवासी मालवाडा थाना चितलवाना जिला जालौर को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों भाइयों ने अनुसंधान के दौरान बताया कि कांस्टेबल सुरेश पुत्र भीखाराम विश्नोई निवासी डेडवा थाना सांचोर जिला जालौर के स्थान पर भी अन्य व्यक्ति ने परीक्षा दी थी। इस पर जांच पुलिस उप अधीक्षक वृत्त चितौडगढ ने की और कांस्टेबल सुरेश कुमार के विवादित हस्ताक्षर की जांच की गई। परीक्षा के दौरान किए हस्ताक्षर और बाद वाले हस्ताक्षर का मिलान नहीं हुआ। इस पर कांस्टेबल सुरेश कुमार के खिलाफ धारा प्रकरण दर्ज किया गया। सदर थानाधिकारी हरेन्द्रसिंह सिंह सौदा के निर्देशन में एएसआई अशोक कुमार, हैड कांस्टेबल जगदीश, बलवन्त सिंह की एक विशेष टीम का गठन किया गया।

# जेकेएएसीएल कठुआ का तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव बनी में शुरू




**कठुआ ( हि.स. )।** जिला कठुआ की पहाड़ी तहसील बनी के मेला ग्राउंड में तीन दिवसीय छिंझ मेला रविवार को शुरू हो गया है। जिसमें जम्मू-कश्मीर कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी उप कार्यालय कठुआ द्वारा पहाड़ी सांस्कृतिक मंच बनी के सहयोग से एक रंगारंग संगीत और नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सचिव जेकेएएसीएल भरत सिंह जेकेएएस के समग्र मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डीडीसी कठुआ अध्यक्ष महान सिंह मुख्य अतिथि, डीडीसी बनी रीता ठाकुर सम्मानित अतिथि जबकि सतीश शर्मा एसडीएम बनी विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि महान सिंह ने कहा कि मैं प्रत्येक कलाकार की प्रस्तुति देखकर आश्चर्यचकित रह गया और अकादमी के अधिकारियों से इस कार्यक्रम को वार्षिक आयोजन बनाने का अनुरोध किया ताकि बनी की कला और संस्कृति को संरक्षित किया जा सके। वहीं रीता ठाकुर ने भी कलाकारों द्वारा शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए जेकेएएसीएल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल हमेशा संस्कृति को कला के संरक्षण के अगले स्तर पर ले जाती है। कार्यक्रम की शुरुआत नाट्य रूट्स डांस ग्रुप जम्मू के जीवंत डोगरी नृत्य ठंडा पानी पिन्दे ने पहाड़ी लोक से हुई। इसके बाद सुभाष चंदर एंड पार्टी कुड डांस, युधिष्ठर गुप्ता एंड पार्टी डोगरी लोक गीत की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का समापन राम दित्ता एंड पार्टी द्वारा डोगरी लोक गीतरू की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुआ। धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए एसडीएम बनी सतीश शर्मा ने जम्मू-कश्मीर कला, संस्कृति एवं भाषा अकादमी उप कार्यालय कठुआ के प्रयासों की सराहना की। मेले राम सेवानिवृत्त जेडईओ ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।



# अनेको पीएसयू स्टॉक ने दिया निवेशकों को सबसे ज्यादा डिविडेंड

**नई दिल्ली।**
भारतीय बाजार में कई कंपनी कारोबार करते हैं। इन कंपनियों में की निवेशक निवेश करते हैं। निवेशक अपने पोर्टफोलियो में लाभांश स्टॉक को भी शामिल करते हैं। निवेशक बाजार की गतिविधियों के बावजूद लगातार भुगतान की पेशकश करते हैं। पिछले 12 महीने में पीएसयू सेक्टर में इन 10 कंपनियों के स्टॉक में सबसे ज्यादा लाभांश दिया गया है। आइए जानते हैं कि वो 10 स्टॉक कौन से हैं

**कोल इंडिया** - पिछले 12 महीनों में कोल इंडिया की डिविडेंड यील्ड 10 फीसदी से ज्यादा है। कंपनी ने एक साल की अवधि में 23.25 रुपये का लाभांश दिया है।

**ओएनजीसी** - ओएनजीसी ने पिछले 12 महीनों में प्रति इक्विटी शेयर पर कुल 14 रुपये का लाभांश दिया है। कंपनी की डिविडेंड यील्ड 9 फीसदी है।

**आरईसी** - पिछले 12 महीनों में आरईसी की डिविडेंड यील्ड लगभग 8 फीसदी है। कंपनी ने इस अवधि में निवेशकों को कुल 13.05 रुपये का लाभांश दिया है।

**ऑयल इंडिया** - ऑयल इंडिया ने पिछले 12 महीनों में प्रति इक्विटी शेयर 19.5 रुपये का लाभांश देने का एलान किया है। कंपनी की डिविडेंड यील्ड 8 फीसदी है।

**बामर लॉरी** - बामर लॉरी ने पिछले 12 महीनों में प्रति इक्विटी शेयर 30 रुपये का कुल लाभांश घोषित किया है। कंपनी की डिविडेंड यील्ड 7 प्रतिशत है।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र** - पिछले 12 महीनों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की डिविडेंड यील्ड 6 तक पहुंच गई है। पिछले एक साल में कंपनी ने निवेशकों को 1.8 रुपये का लाभांश दिया है।

**केनरा बैंक** - केनरा बैंक ने पिछले 12 महीनों में प्रति इक्विटी शेयर पर कुल 18.5 रुपये का लाभांश देने का ऐलान किया है। कंपनी की डिविडेंड यील्ड 6प्रतिशत है।

**पॉलीप्लेक्स कॉर्पोरेशन** - पिछले 12 महीनों में पॉलीप्लेक्स कॉर्पोरेशन ने प्रति इक्विटी शेयर 3.5 रुपये का लाभांश दिया है। कंपनी की डिविडेंड यील्ड 6प्रतिशत हो गया है।

**नाल्को** - पिछले 12 महीनों में नाल्को की डिविडेंड यील्ड लगभग 6 फीसदी है। कंपनी ने 1 साल में निवेशकों को कुल 5 रुपये का लाभांश दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेमीकंडक्टर सेक्टर में एक लाख लोगों को मिलेगी नौकरी: राजीव चंद्रशेखर, भारत में 80,000 से एक लाख तक रोजगार के अवसर मिलेंगे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तीन प्रमुख घोषणाओं से भारत में 80,000 से एक लाख तक रोजगार उपलब्ध होगा। यह बात एक संवाददाता सम्मेलन में मंत्री ने कही। चंद्रशेखर ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने अकेले पिछले दो वर्षों में 10-12 लाख नौकरियां पैदा कीं। भारत में मेमोरी चिप्स बनाने के लिए माइक्रोन जैसी नवीनतम घोषणाएं हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कम से कम 80,000 से 1 लाख तक नई नौकरियां होंगी। वाशिंगटन डीसी में माइक्रोन के भारतीय-अमेरिकी अध्यक्ष और सीईओ संजय मेहरोत्रा से मोदी की मुलाकात के बाद गुजरात में 2.75 अरब डॉलर की नई सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा स्थापित करने की घोषणा की। परियोजना के दो चरणों में पूरा किया जाएगा। इसमें माइक्रोन का निवेश 825 मिलियन तक होगा और अगले कई वर्षों में 5,000 नई प्रत्यक्ष माइक्रोन नौकरियां और 15,000 सामुदायिक नौकरियां पैदा होंगी। वहीं अमेरिका स्थित सेमीकंडक्टर कंपनी एप्लाइड मटेरियल्स ने भी चार वर्षों में 400 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ भारत में एक सहयोगी इंजीनियरिंग केंद्र बनाने की योजना की घोषणा की। सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए वेफर-फैब्रिकेशन उपकरण और संबंधित सेवाओं के अमेरिकी आपूर्तिकर्ता लैम रिसर्च ने भारत में 60,000 उच्च-तकनीकी इंजीनियरों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम की घोषणा की है। चंद्रशेखर ने कहा कि यह सिर्फ एक शुरूआत है क्योंकि अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है।

### भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर ने बताया कब कम होगा लोगों पर ईएमआई का बोझ, वित्त वर्ष में 6.5प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक खुदरा महंगाई दर को 4 प्रतिशत के नीचे लाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अल नीनो में इसमें एक चुनौती बन सकता है। कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से विकास कर सकती है। दास की ओर से कहा गया है कि महंगाई के मोर्चे पर हम लगातार नजर रख रहे हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई की औसत दर 5.1 प्रतिशत रह सकती है। हम लगातार महंगाई को 4 प्रतिशत के नीचे लाने का प्रयास कर रहे हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ब्याज दरों का महंगाई से सीधा संबंध होता है। अगर खुदरा महंगाई दर 4 प्रतिशत या उसके नीचे चली जाती है तो आरबीआई ब्याज दरों को कम कर सकता है। पिछले साल मई 2022 से लेकर आरबीआई रेपो रेट में 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर चुका है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं, एक साल से ज्यादा समय से स्थिर हैं दाम

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए लीटर है तो डीजल 89.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। एक साल से ज्यादा समय से पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव नहीं हुआ है। साल से ज्यादा समय से नहीं बदले पेट्रोल-डीजल के दाम आखिरी बार 21 मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था। तब पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क घटाया गया था। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम 9.5 रुपए और 7 रुपए कम हो गए थे। हालांकि इसी महीने 10 जून को पंजाब सरकार ने पेट्रोल वैट दर में करीब 1.08प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे पेट्रोल प्रति लीटर 92 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। जबकि डीजल वैट दर में 1.13प्रतिशत बढ़ोतरी होने से यह 90 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। वहीं जुलाई 2022 में, महाराष्ट्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर में 5 रुपए और 3 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी।



26-जून को खत्म हो रही हायर-पेंशन अप्लाय करने की डेडलाइन

# इस ऑप्शन को चुनने से कितनी बढ़ जाएगी पेंशन, अप्लाय करने की पूरी प्रोसेस

**नई दिल्ली।**
कर्मचारी पेंशन योजना से हायर पेंशन के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 26 जून 2023 को खत्म हो रही है। हालांकि, आवेदकों को ईपीएफओ पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन जमा करने में कई तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हायर पेंशन के लिए अप्लाय करने की ओरिजिनल डेडलाइन 3 मार्च थी, जिसे दो बार बढ़ाया जा चुका है। पहले इसे बढ़ाकर 3 मई और फिर 26 जून किया गया। यहां हम हायर पेंशन ऑप्शन के लिए अप्लाय करने की पूरी प्रोसेस और एलिजिबिलिटी के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।




पहले प्रोविडेंट फंड के बारे में जानें, इससे हायर पेंशन ऑप्शन को समझना आपके लिए आसान हो जाएगा।

**हर ईपीएफओ मेंबर के दो अकाउंट होते हैं:**

1. कर्मचारी भविष्य निधि
2. कर्मचारी पेंशन योजना

हर महीने एम्प्लॉई की बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ता से 12प्रतिशत रकम काटकर ईपीएफ अकाउंट में जमा की जाती है। इतनी ही राशि एम्प्लॉयर भी एम्प्लॉई के अकाउंट में जमा करता है। हालांकि, एम्प्लॉयर का पूरा योगदान ईपीएफ अकाउंट में नहीं जाता। एम्प्लॉयर के 12प्रतिशत योगदान का बड़ा हिस्सा ईपीएफ और एक हिस्सा ईपीएस अकाउंट में जाता है।

कर्मचारी पेंशन योजना 1995 यानी ईपीएस -95 को 16 नवंबर 1995 को लागू किया गया था। ईपीएस अकाउंट में मैक्सिमम कॉन्ट्रीब्यूशन के लिए 1 सितंबर 2014 से पहले 5000/6500 रुपए का कैप था। इसके बाद कैप बढ़ाकर 15,000 कर दिया गया।

16.11.1995 से 07.10.2001 तक पेंशन कैप 5,000 रुपए था। यानी मैक्सिमम 417 रुपए ही ईपीएस अकाउंट में जा सकते थे। 08.10.2001 से 31.08.2014 तक पेंशन कैप 6,500 रुपए था। यानी मैक्सिमम 541 रुपए ही ईपीएस अकाउंट में जा सकते थे। 01.09.2014 से आज तक। पेंशन कैप 15000 रुपए कर दिया गया। यानी मैक्सिमम 1250 रुपए पेंशन फंड में जा सकते हैं।

**इसे एक उदाहरण से समझते हैं** - मान लीजिए कि आप जनवरी 2010 में ईपीएफ स्कीम में शामिल हुए हैं। सैलरी (बेसिक + डीए) 20,000 रुपए थी। तो योजना में शामिल होने की तारीख से 31 अगस्त 2014 तक मंथली कॉन्ट्रीब्यूशन कुछ ऐसा होता: 6,500 रुपए का 8.33प्रतिशत = 541 रुपए। नियमों में बदलाव के बाद 1 सितंबर 2014 से योगदान: 15,000 रुपए का 8.33प्रतिशत = 1250 रुपए। यानी आपकी सैलरी 20,000 रुपए थी तब भी पेंशन फंड में कॉन्ट्रीब्यूशन कैप के हिसाब से होता।

**हायर पेंशन क्या है** - मार्च 1996 में ईपीएस -95 के पैरा 11(3) में एक प्रावधान जोड़ा गया। इसमें ईपीएफओ मेंबर्स को अपने पेंशन कॉन्ट्रीब्यूशन में पूरी सैलरी (बेसिक + महंगाई भत्ता) के 8.33प्रतिशत तक बढ़ाने की अनुमति दी गई। यानी उन्हें ज्यादा पेंशन पाने का मौका दिया गया। ईपीएफओ ने कर्मचारियों को हायर पेंशन योगदान के लिए जॉइंट ऑप्शन फॉर्म दाखिल करने के लिए केवल छह महीने का समय दिया था। जिन लोगों ने इस ऑप्शन को चुना था उनकी पूरी सैलरी का 8.33प्रतिशत कॉन्ट्रीब्यूशन पेंशन फंड में 31 अगस्त 2014 तक जाता रहा। नियमों में बदलाव के बाद 1 सितंबर 2014 से पहले ईपीएफओ में शामिल हुए सभी लोगों को हायर पेंशन ऑप्शन चुनने का मौका दिया गया। इसके लिए 6 महीने की डेडलाइन तय की गई। जॉइंट ऑप्शन फॉर्म को भरने की आखिरी तारीख 28/02/2015 थी। कई कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं थी कि हायर पेंशन के लिए उन्हें जॉइंट ऑप्शन चुनना है। कुछ ने कहा कि जॉइंट ऑप्शन चुनने के बाद भी उनके फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया गया। ऐसे में कई कर्मचारी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए।

**सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 4 बड़ी बातें कही** - जो लोग 01/09/2014 को सर्विस में थे। उन्होंने जॉइंट ऑप्शन चुना, लेकिन रिजेक्ट हो गया। वो हायर पेंशन ऑप्शन चुन सकते हैं। जो लोग 01/09/2014 को सर्विस में थे और उन्होंने जॉइंट ऑप्शन नहीं चुना, ऐसे लोग भी हायर पेंशन के लिए क्लेम कर सकते हैं। जो लोग 01/09/2014 से पहले रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने जॉइंट ऑप्शन चुना, लेकिन रिजेक्ट हो गया वे भी इसके लिए एलिजिबल हैं। जो लोग 01/09/2014 से पहले रिटायर हो चुके हैं। उन्होंने जॉइंट ऑप्शन नहीं चुना। ऐसे लोग हायर पेंशन के लिए क्लेम नहीं कर सकते।

**हायर पेंशन चुनने से क्या बदलेगा** - हायर पेंशन का ऑप्शन चुनने पर रिटायरमेंट के बाद मिलने वाला लमसम अमाउंट घट जाएगा, लेकिन पेंशन बढ़ जाएगी। जानकारों का मानना है कि इस योजना के फायदे और नुकसान दोनों हैं। अगर नौकरी में कुछ साल ही बचे हैं तो कर्मचारी का फोकस एकमुश्त राशि पर होना चाहिए। अगर नौकरी में अभी और साल बाकी हैं तो हायर पेंशन को एक विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है। नीचे दिए एक कैलकुलेशन से इसे समझते हैं इससे साफ है कि हायर पेंशन ऑप्शन में पेंशन फंड में ज्यादा रुपए जमा होंगे। यानी ऐक्स्ट्रा अमाउंट (8330-1250= 7,080) रुपए एम्प्लॉई के ईपीएफ से ईपीएस अकाउंट में पूरे सर्विस पीरियड के लिए ट्रांसफर हो जाएगा। सर्विस पीरियड यानी जॉइनिंग डेट से रिटायरमेंट डेट तक।

सरकार ने ड्रोन एक्सपोर्ट के नियम में बदलाव किए

# बिना लाइसेंस के 25 किलोमीटर तक की रेंज वाले ड्रोन हो सकेंगे एक्सपोर्ट, मैन्युफैक्चरिंग को मिलेगा बढ़ावा



**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों के इस्तेमाल वाले ड्रोन के एक्सपोर्ट नियमों में बदलाव किए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट करते हुए कहा, भारत में ड्रोन मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देते हुए सिविलियन यूज वाले ड्रोन के एक्सपोर्ट रिस्ट्रिक्शन में ढील दी जा रही है। इसका मतलब है कि अब यह स्पेशल केमिकल ऑर्गेनिज्म्स मटेरियल एंड टेक्नोलॉजी की लिस्ट में शामिल नहीं रहेंगे। साल 2030 तक भारत को ड्रोन मैन्यूफैक्चरिंग का हब बनाने के पीएम मोदी के मिशन की दिशा में यह बड़ा कदम है। इंडस्ट्री को मेरी बधाइयां 25 किलोमीटर या उससे कम दूरी तक जाने वाले ड्रोन आसानी से एक्सपोर्ट हो सकेंगे डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने बताया कि सिविलियन यूज के कुछ खास स्पेसिफिकेशन वाले ड्रोन और मानवरहित हवाई वाहनों के एक्सपोर्ट को ड्रोन एक्सपोर्ट के जनरल अथॉरिटी के तहत मंजूरी दी गई है। इसमें 25 किलोमीटर या उससे कम दूरी तक जाने वाले और 25 किलो से कम वजन वाले को ले जाने की कैपेसिटी वाले ड्रोन को छूट मिलेगी। एक्सपोर्ट के लिए एससीओएमईटी लाइसेंस की जरूरत नहीं इस छूट के बाद अब इस कैटेगरी के ड्रोन्स को एक्सपोर्ट करने के लिए एससीओएमईटी लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी। अपेक्स इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट स्मित शाह ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ड्रोन मैन्युफैक्चरर को हर बार एक्सपोर्ट ऑर्डर मिलने पर परमीशन और लाइसेंस का जरूरत होती थी। नियमों में ढील से सिविलियन ड्रोन का एक्सपोर्ट काफी आसान हो जाएगा। 10,000 ड्रोन एक्सपोर्ट करने का लक्ष्य पूरा होगा गरुड़ एयरोस्पेस के फाउंडर और अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा, इससे हमें न केवल अपने ऑर्डर भेजने में मदद मिलेगी, बल्कि दुनिया भर के 100 देशों में 10,000 ड्रोन एक्सपोर्ट करने का हमारा लक्ष्य भी पूरा होगा।

# सबसे स्थिर मुद्रा बन रहा है रुपया: आरबीआई, रुपए में उतार चढ़ाव का स्तर 2008 से सबसे कम स्तर पर

**नई दिल्ली।**
भारतीय रुपया उभरते बाजार की मुद्राओं की तुलना में तो सबसे स्थिर मुद्रा बन रहा है। इसमें उतार चढ़ाव का स्तर 2008 से सबसे कम स्तर पर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अर्थव्यवस्था की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में यह कहा है। मुद्रा में निहित अस्थिरता वह पैमाना है, जिससे उसके बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव का पता चलता है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्र की अगुवाई वाली टीम ने कहा है, कि प्रमुख मुद्राओं में भारतीय रुपया कम अस्थिरता वाली मुद्रा बनकर उभरा है, जिसमें 2023 के सिर्फ 1 महीने के दौरान उतार-चढ़ाव रहा है। हालांकि यह भी स्पष्ट किया गया है कि उक्त विचार व्यक्तिगत हैं और यह रिजर्व बैंक के विचारों को नहीं दर्शाता है। वित्त वर्ष 23 में डॉलर के मुकाबले 7.8 प्रतिशत लुढ़कने के बाद भारतीय रुपया इस वित्त वर्ष में स्थिर हो गया और उसके बाद मुद्रा उतार चढ़ाव मामूली हुआ व 0.2 प्रतिशत की मजबूती आई। गिरावट की प्रमुख वजह यूरोप में युद्ध और वैश्विक केंद्रीय बैंकों की सख्ती रही है। 2023 में डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 0.95 प्रतिशत मजबूत हुई है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि मई 2023 में पिछले माह की तुलना में 40 मुद्रा के रियल प्रभावी विनिमय दर के हिसाब से रुपया 1.2 प्रतिशत मजबूत हुआ है। मई 2023 में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 0.4 प्रतिशत कमजोर हुआ है, जो ज्यादातर ईएमई मुद्राओं की तर्ज पर है। रिपोर्ट में कहा गया है, कैलेंडर वर्ष 2023 (9 जून तक) के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अरब डॉलर बढ़ा है, जो विदेशी मुद्रा रखने वाले प्रमुख देशों में दूसरा सबसे बड़ा भंडार है। जून में मौद्रिक नीति को विराम देने को लेकर रिपोर्ट में कहा गया है कि नीतिगत दर में बदलाव न होने से मौद्रिक नीति से प्रभावी तरीके से कम अवधि के हिसाब से रियल नीतिगत दर में सख्ती आई है। महंगाई दर अधिक रहने से निजी खपत पर होने वाले खर्च में कमी आ रही है जिसका नतीजा कंपनियों की बिक्री में सुस्ती और क्षमता निर्माण में निजी निवेश में गिरावट के रूप में सामने आ रहा है। बुलेटिन में कहा गया है कि महंगाई दर कम करने की जरूरत है, जिससे उपभोक्ता व्यय में वृद्धि करने के साथ कंपनियों के राजस्व एवं लाभप्रदता को बढ़ाया जा सके।

# तकनीकी शिक्षा सुधार के लिए 20 अरब रुपये देगा विश्व बैंक, साढ़े तीन लाख विद्यार्थियों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।**
विश्व बैंक ने भारत के सरकारी तकनीकी शिक्षण संस्थानों में तकनीकी शिक्षा में सुधार के लिए 20.94 अरब रुपये कर्ज देने की मंजूरी दी है। योजना के तहत अगले पांच सालों में सभी राज्यों से चुने गए करीब 275 सरकारी तकनीकी संस्थानों के 3.50 लाख छात्रों को लाभ मिलेगा। विश्व बैंक के अनुसार, परियोजना के जरिये इन संस्थानों में शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास और उन्हें रोजगार परक बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा उद्यमिता और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। परियोजना के हिस्से के रूप में विद्यार्थियों की उन्नत पाठ्यक्रम, नई तकनीक और संचार में पहुंच बढ़ेगी।




### साढ़े तीन लाख छात्र होंगे लाभांवित

अमेरिका स्थित विश्व बैंक के कंट्री निदेशक ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा कि परियोजना की सहायता से अगले पांच वर्षों के दौरान 275 सरकारी तकनीकी संस्थानों के साढ़े तीन लाख से अधिक छात्रों को लाभ मिलेगा। भारत में तकनीकी शिक्षा का धीरे-धीरे विस्तार हो रहा है। 2011-12 में भारत के 40,000 कॉलेजों में 29 मिलियन छात्र पंजीकृत थे। जबकि, 2019-20 में 40,000 विश्वविद्यालयों में 39 मिलियन छात्र पंजीकृत हैं। भारतीय शिक्षा प्रणाली में हाल ही में तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षमताओं में बढ़त पाई गई है।

### प्लेसमेंट में भी मिलेगा लाभ

भारत शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा है। तकनीकी संस्थानों में अनुसंधान, उद्यमिता और नवाचार के साथ-साथ बेहतर प्रशासन पर अधिक जोर दिया गया है। परियोजना के तहत छात्रों को संचार और जलवायु लचीलेपन में उभरती प्रौद्योगिकियों सहित उन्नत पाठ्यक्रम तक पहुंच मिलेगी। छात्रों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट में भी लाभ मिलेगा। परियोजना भारत की नई शिक्षा नीति, 2020 का समर्थन करेगी। परियोजना नौकरियों और व्यावसायिक अवसरों के लिए छात्र को तैयार करती है। छात्रों को अपने पाठ्यक्रम समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा महिला छात्रों से भी आग्रह किया जाएगा कि वह सलाहकारों और पूर्व छात्रों के साथ जुड़े। वर्तमान में स्नातक इंजीनियरिंग छात्रों की संख्या कुल छात्रों के मुकाबले 30 प्रतिशत से भी कम है। साथ ही अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं की महिलाएं अब भी वंचित है।

इस हफ्ते ओपन होंगे 2 आईपीओ

# साइएंट डीएलएम और आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी में निवेश का मौका, मिनिमम इन्वेस्टमेंट 14,784 रुपए

**नई दिल्ली।**
**इस हफ्ते शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए 2 इनिशियल पब्लिक ऑफर ओपन होंगे। इसमें साइएंट डीएलएम और आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी शामिल हैं। साइएंट डीएलएम इलेक्ट्रिक मैन्युफैक्चरिंग सर्विस उपलब्ध कराने वाली कंपनी है। वहीं, आइडियाफोर्ज ड्रोन बनाने वाली कंपनी है। आइए इन दोनों आईपीओ के बारे में एक-एक करके जानते हैं।**




### साइएंट डीएलएम

साइएंट डीएलएम इस आईपीओ के जरिए कंपनी 567 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इस इश्यू के लिए कंपनी ने 250-265 रुपए प्राइस बैंड तय किया है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 27 जून से 30 जून तक अप्लाई कर सकेंगे।

इसमें रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 56 शेयरों के लिए अप्लाई कर सकते हैं। यदि वह आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 265 रुपए के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाई करते हैं, तो उनको 14,840 रुपए इन्वेस्ट करने होंगे।

### मैक्सिमम 13 लॉट के लिए बिडिंग कर सकते हैं रिटेल निवेशक

साइएंट डीएलएम के आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 728 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 192,920 रुपए खर्च करने होंगे।

### आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड

आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए 592 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इस इश्यू के लिए कंपनी ने 638-672 रुपए प्राइस बैंड तय किया है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 26 जून से 29 जून तक अप्लाई कर सकेंगे। इसमें रिटेल निवेशक एक लॉट यानी 22 शेयरों के लिए अप्लाई कर सकते हैं। यदि वह आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 672 रुपए के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाई करते हैं तो उनको 14,784 रुपए लगाने होंगे।

### मैक्सिमम 13 लॉट के लिए बिडिंग कर सकते हैं रिटेल निवेशक

आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड के आईपीओ के लिए भी रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 286 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 192,192 रुपए खर्च करने होंगे।

### दोनों आईपीओ में 10प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व

दोनों कंपनियों ने अपने-अपने आईपीओ का 70प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व रखा गया है। इसके अलावा 10प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी 15प्रतिशत हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है।

# मशहूर फिल्म निर्माता कुलजीत पाल का निधन

मशहूर फिल्म निर्माता कुलजीत पाल का 90 साल की उम्र में निधन हो गया। पाल की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। उनके निधन की खबर से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में शोक फैल गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार यानी 25 जून को किया जाएगा। शोक सभा 29 जून को होगी। कुलजीत के मैनेजर संजय बाजपेयी के मुताबिक, कुलजीत की तबीयत कई दिनों से ठीक नहीं थी। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। कुलजीत का अंतिम संस्कार 25 जून को दोपहर 12 बजे सांताक्रूज श्मशान घाट पर किया जाएगा। कुलजीत के परिजनों ने 29 जून को एक शोक सभा का भी आयोजन रखा है। कुलजीत पाल ने ही बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा को पहला ब्रेक दिया था, लेकिन किन्हीं कारणवश उनकी यह फिल्म पूरी नहीं हो सकी थी।



कुलजीत की कई फिल्मों ने बॉलीवुड में नाम कमाया। कुलजीत ने 'अर्थ', 'आज', 'परमात्मा', 'वासना', 'दो शिकारी', 'आशियाना' और कुछ अन्य फिल्मों का निर्माण किया। उन्होंने बॉलीवुड में फिल्म 'आज' से डेब्यू किया था। इस फिल्म में राजीव बटिया ने भी अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

# आमिर खान ने कराई सोनू निगम और भूषण कुमार के बीच सुलह

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार और गायक सोनू निगम के बीच का विवाद किसी से छुपा नहीं है। दोनों के बीच साल 2020 में लड़ाई इतनी बढ़ गई थी कि दोनों एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे थे। अब खबर हैं कि उन्होंने अपने बीच के मनमुटाव को खत्म कर दिया है। सोनू निगम और भूषण ने तीन साल बाद फिर से एक-दूसरे से हाथ मिला लिया है। सोनू ने टी-सीरीज के बैनर तले कई फिल्मों और म्यूजिक एल्बम्स के लिए गाना गाया है। दोनों के बीच थोड़ा मनमुटाव था, जो अब सुलझ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा का म्यूजिक टी-सीरीज के पास था। आमिर चाहते थे कि उनकी फिल्म के लिए सोनू निगम गाए। इसके बाद भूषण कुमार ने सोनू से मिले और बात की। आखिर में दोनों ने अपने बीच की नाराजगी को भुलाने का फैसला किया। लाल सिंह चड्ढा के बाद भूषण कुमार ने अपनी फिल्म शहजादा के लिए भी सोनू निगम के साथ हाथ मिलाया। सोनू निगम ने फिल्म का टाइटल ट्रैक गाया था। इसके बाद भूषण कुमार की फिल्म आदिपुरुष के गाने





जय श्री राम कवर के लिए भी सोनू निगम अन्य सिंगर्स के साथ शामिल हुए थे। सोनू निगम ने कहा, इस कोई बड़ी बात न बनाएं। शांति और प्यार ही कायम रहना चाहिए। साल 2020 में सुशांत सिंह राजपूत के सुसाइड के बाद नेपोटिज्म का मुद्दा खूब उठा था। कई आउटसाइडर्स ने बॉलीवुड के मेकर्स और डायरेक्टर्स पर गुस्सा निकाला, तब वहीं सोनू निगम ने म्यूजिक माफिया पर बात की। लोगों को लगा कि वह भूषण कुमार के बारे में बात कर रहे हैं। बात इतनी बढ़ी कि सोनू और भूषण ने एक-दूसरे पर खुलेआम वार किया। फिर भूषण की पत्नी दिव्या खोसला ने भी सोनू को मुंहतोड़ जवाब देकर कहा था कि वह भी आउटसाइडर थे और उन्हें उनके ससुर गुलशन कुमार ने मौका दिया था।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'आदिपुरुष' की कमाई गिरावट जारी

बॉलीवुड स्टार प्रभास, कृति सेनॉन और सैफ अली खान की अभिनीत फिल्म 'आदिपुरुष' को रिलीज हुई एक सप्ताह से ऊपर हो गया। एक तरफ इस फिल्म की जमकर आलोचना हो रही है। इन सबका असर फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर भी दिख रहा है। फिल्म रिलीज होने के बाद पहले तीन दिन तक दमदार रहे फिल्म के कलेक्शन में सोमवार से गिरावट देखी गई। आठवें दिन भी हालात जस के तस बने रहे। शनिवार और रविवार को वीकेंड होने के कारण दर्शकों की थोड़ी भीड़ होने की उम्मीद थी, लेकिन ये साफ है कि लोगों ने नौवें दिन भी फिल्म नहीं देखने का फैसला किया। हालांकि निमार्ताओं और लेखकों ने कुछ संवादों में बदलाव किया है, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हुआ है। दूसरे शनिवार को 'आदिपुरुष' ने करीब 5.25



करोड़ की कमाई की। फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 268.55 करोड़ हो गया है।

उम्मीद थी कि फिल्म पहले तीन दिन में अच्छा प्रदर्शन करेगी, लेकिन पहले दिन भारत में 86.75 करोड़ की कमाई करने वाली फिल्म ने चौथे दिन सिर्फ 16 करोड़ की कमाई की। पहले सोमवार की कमाई में सबसे ज्यादा गिरावट का रिकॉर्ड भी 'आदिपुरुष' के नाम है। यह भी कहा जा रहा है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो फिल्म अगले हफ्ते तक उतर जाएगी। हाल ही में ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इस फिल्म के निमार्ताओं के खिलाफ एफआईआर की मांग की थी। पहले ही दिन यह फिल्म नकारात्मक समीक्षाओं और विवादित संवादों के कारण विवादों में घिर गई थी।

# हैले बीवर ने मुंह से धुंए के कश उड़ाकर फैंस को किया मदहोश

एक्ट्रेस हैले बीवर की धुंए के कश के साथ बोल्ड तस्वीर सामने आई है। हैले बीवर सोशल मीडिया की दुनिया में काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड अवतार की तस्वीरें अक्सर फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में हैले ने अपनी कुछ स्टाइलिश और कातिलाना अंदाज की तस्वीरें इंस्टग्राम पर शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। वीबर इन तस्वीरों में हैले ब्लैक ब्लेजर के साथ मैचिंग शॉर्ट्स और शूज पहने काफी स्टाइलिश और बोल्ड लग रही हैं। अपने हाथ में उन्होंने आउटफिट से मैचिंग पर्स कैरी किया हुआ है। चेहरे पर ब्लैक गॉग्लस लगाकर और बालों का लो बनाकर उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है और अपने लुक से सबको मात दे रही हैं। कई तस्वीरों मे



वह कैमरे के सामने अपना दिलकश अंदाज दिखा रही है, जबकि कइयों में वह अपने मुंह से धुंए के कश उड़ाती दिख रही हैं। फैंस हैले की इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट कर उनके लुक की तारीफ भी कर रहे हैं।

# मूवी माफिया फिल्म के खिलाफ चला रहे कैम्पेन: कंगना

## - एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर कर लगाई फटकार

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की पंगा क्वीन के नाम से मशहूर एक्ट्रेस कंगना रनौत के प्रोडक्शन में बनी पहली फिल्म टीकू वेड्स शेरू रिलीज हो गई है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अवनीत कौर के साथ रोमांस करते नजर आ रहे हैं। अमेजन प्राइम वीडियो पर आई इस फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कुछ इस फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। वहीं कुछ फिल्म को खराब रिव्यू दे रहे हैं। इसी बीच कंगना रनौत एक बार फिर मूवी माफिया पर भड़क गई हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर कर मूवी माफिया को फटकार लगाई है। कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर यह दावा किया है कि मूवी माफिया उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इतना ही नहीं कंगना ने यह तक लिखा है कि मूवी माफिया



उनकी फिल्म के खिलाफ कैम्पेन चला रहे हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मेरी फिल्म स्ट्रीम कर रही है। आप खुद फिल्म देख सकते हैं या आप आपने दोस्तों से फिल्म का रिव्यू पूछ सकते हैं। इन फेक पेड रिव्यूज को मत देखिए और हां, फिल्म देखने के बाद अपना फीडबैक जरूर दीजिएगा।कंगना अपनी पोस्ट की शुरूआत में लिखती हैं, कुछ लोग मुझे मैसेज करके इस बात की जानकारी दे रहे हैं कि उन्हें फिल्म में इस्तेमाल की गई शायरी बहुत पंसद आई है। बता दूं, ये सारी शायरियां मैंने खुद लिखी हैं। कंगना ने आगे लिखा, मूवी माफिया मेरी फिल्म को नुकसान पहुंचाने के लिए सबकुछ कर रहे हैं। फेक रिव्यूज लिखवा रहे हैं। फिल्म के खिलाफ अभियान शुरू करवा रहे है। खैर, इन सबको छोड़िए।

# सुजॉय लस्ट स्टोरीज 2 के प्रचार में व्यस्त

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के फिल्म निर्देशक सुजॉय घोष अपने अगले निर्देशन लस्ट स्टोरीज 2 के प्रचार में व्यस्त हैं। उन्होंने संकलन में एक लघु फिल्म का निर्देशन किया है, जिसमें तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने अभिनय किया है। फिल्म निमार्ता से कहानी फ्रेंचाइजी के भविष्य के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, वास्तव में मैं नहीं जानता। ये विद्या बालन का सवाल है। आप उससे पूछो। हमने वास्तव में नहीं सोचा है। मुझे पहले द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स को खत्म करना होगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सेंसरशिप के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ह्लयह एक बहुत बड़ा सवाल है। कभी-कभी आपको महसूस होता है कि कुछ निश्चित समय पर वे इसके प्रभाव के लिए बहुत अधिक दुरुपयोग कर रहे हैं। तो मेरी बात यह होगी कि ऐसा सिर्फ इसलिए न करें



क्योंकि आप कर सकते हैं। सिर्फ इसलिए कि हमें एक माध्यम दिया गया है जहां हमें अपमानजनक शब्द का उपयोग करने की अनुमति है, या अंतरंगता में थोड़ा आगे बढ़ने की अनुमति है, लेकिन हमें इसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। अपनी बात को आगे जारी रखते हुए सुजॉय घोष कहते हैं, हमें खुद ही इसे नियंत्रण में रखना चाहिए, हमें किसी और को यह बताने की जरूरत नहीं है कि हमें क्या करना है। लेकिन मुझे लगता है कि हम सभी इतने परिपक्व हैं कि इसे इस तरह से संभाल सकें जो दर्शकों को पसंद आए। यही मेरा अन्य फिल्म निमार्ताओं से भी अनुरोध होगा, जिनमें मैं भी शामिल हूं। मालूम हो कि बालीवुड के फिल्म निर्देशक सुजॉय घोष झंकार बीट्स और कहानी श्रृंखला के निर्देशन के लिए लोकप्रिय हैं। सुजॉय इन दिनों करीना कपूर खान, जयदीप अहलावत और विजय वर्मा को लेकर फिल्म बना रहे हैं।

# फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर की शूटिंग पूरी



अपकमिंग फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के समापन के अवसर पर एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में फिल्म के निर्माण के कई खास पल शामिल हैं। वीडियो के साथ अभिनेता ने लिखा, वीर सावरकर फिल्म की शूटिंग का समापन हो चुका है। इस फिल्म के लिए मैं मर चुका हूं और वापस भी आ चुका हूं। अभी के लिए, मेरी टीम, कलाकारों और क्रू को हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने अच्छे और बुरे समय में मेरे साथ दिन-रात काम किया और इसे संभव बनाया। अभिनेता ने कहा कि आखिरकार अब मैं ठीक से खा सकता हूं, इसलिए स्वादिष्ट भोजन की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

वैसे, शूटिंग की इस लंबी अवधि के दौरान मैंने क्या खाया और क्या नहीं खाया, इसे लेकर बहुत सारी गलतफहमियां हैं और मैं इसे जल्द ही स्पष्ट करूंगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने कहा था कि नेताजी सावरकर से प्रेरित नहीं थे क्योंकि वे विपरीत विचारधारा के थे।

# एक्टर-आर्टिस्ट बने रहने से मिलती है संतुष्टि: खुराना

## -आयुष्मान का नया गाना 4 जुलाई को रिलीज होगा

**मुंबई (ईएमएस)।** वर्ल्ड म्यूजिक डे पर बालीवुड एक्टर, गायक आयुष्मान खुराना खुलासा किया कि उनका नया गाना रतन कालिया 4 जुलाई को रिलीज होगा। उनके पास पानी दा रंग, साडी गली आजा, मिट्टी दी खुशबू, यहीं हूं मैं जैसे कई हिट गाने हैं। आयुष्मान ने कहा, मैं एक एक्टर-आर्टिस्ट बना रहूंगा, इससे संतुष्टि मिलती है। जब मुझे एक्टर के रूप में अच्छी, फ्रेश, डिसरप्टिव फिल्मों का हिस्सा बनने का मौका मिलता है तो मैं उत्साह से भर जाता हूं और यही फीलिंग मुझे तब भी मिलती है, जब मैं किसी नई म्यूजिक से जुड़ता है। मुझे लगता है कि मैं दोनों में नयापन खोजता हूं, क्योंकि मौलिकता मुझे



हमेशा आकर्षित करती है। उन्होंने आगे कहा- मैं अपने करीबी फ्रेंड-कंपोजर और लॉन्ग टाइम क्रिएटिव कोलैबोरेट रोचक कोहली के साथ अगले महीने टी-सीरीज के साथ अपने नए गाने रतन कालियान को रिलीज करने की तैयारी कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि लोगों को नया गाना पसंद आएगा। हम हमेशा म्यूजिकल हिट देने में कामयाब रहे हैं और मेरी कामना है कि यह भी चार्टबस्टर बने। शुक्र है, मुझे रतन कालियान के लिए दर्शकों से बहुत प्यार मिला है जिन्होंने इसे सुना है! मैं नए ट्रैक पर उनकी प्रतिक्रियाओं का इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं किस्मत वाला हूं कि मैं एक्टिंग कर सकता हूं और गा सकता हूं और लिख सकता हूं। मैं इस गिफ्ट के लिए आभारी हूं, जो मुझे मिला है। जब मैं स्क्रीन पर या म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान लोगों का मनोरंजन करता हूं और लोग मेरे म्यूजिक पर थिरकते हैं, तब मैं वास्तव में जीवंत महसूस करता हूं।

# उर्फी की बड़ी बहन का वीडियो हो रहा वायरल

अपने फैशन को लेकर हमेशा ट्रोलर्स के निशाने पर रहने वाली उर्फी जावेद की बडी बहन उरूसा जावेद का इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उर्फी की बड़ी बहन उरूसा बैले डांस करती दिख रही हैं, फैंस को ये वीडियो खूब पसंद आ रहा है। उर्फी जावेद की तीन बहनें और एक भाई हैं, तीनों बहनें काफी पॉपुलर हैं, टीवी की ड्रामा क्वीन उर्फी जावेद को तो आप जानते ही हैं। लेकिन उनकी बहन उरूसा जावेद को देखा है? जी हां, उर्फी की तरह उनकी बहन उरूसा भी काफी ग्लैमरस हैं। इन दिनों उरूसा जावेद का इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह



बैले डांस से हर किसी को इंप्रेस कर रही हैं। उनके डांस और लटके-झटकों को देख फैंस जमकर उनकी तारीफ भी कर रहे हैं। आपको भी उरूसा जावेद का डांस और ग्लैमरस अंदाज दिखाते हैं। उर्वशी जावेद ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर कई बैले डांस वीडियो शेयर किए हुए हैं। कुछ समय पहले उन्होंने कौन दिसा गाने पर बैले डांस किया था। इस वीडियो में वह ब्लैक ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। फैंस ने उनके डांस और स्टेप्स की तारीफ की। साथ ही उनकी तुलना छोटी बहुन उर्फी से भी कर डाली।

# विद्या बालन आ रही है फिल्म नीयत को लेकर

**-अंधे हत्याकाण्ड को सुलझाती नजर आएंगी विद्या**

**मुंबई (ईएमएस)।** बीते साल ओटीटी प्लेटफार्म पर जलसा में नजर आई बालीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन एक बार फिर से दर्शकों को अपने साथ जोड़ने आ रही है। इस बार विद्या बालन सिनेमाघरों में अपनी फिल्म नीयत को लेकर आ रही हैं। यह एक मर्डर मिस्ट्री है जिसमें में जासूस बनकर इसे सुलझाती नजर आएंगी। अनु मेनन द्वारा निर्देशित यह सस्पेंस से भरी फिल्म है। विद्या बालन इस मूवी में जासूस मीरा राव के रोल में नजर आएंगी, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करती देखी जाएंगी। विद्याबालन ने हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया है, जिसे देखने के बाद प्रशंसकों का कहना है कि एक और बेहतरीन अभिनय से सजी फिल्म देखने का मौका मिलेगा। कुछ फैंस ने विद्या बालन के लुक को देखकर कयास लगाए हैं कि यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म नाइव्स आउट का रीमेक है। नीयत फिल्म की शूटिंग यूके में की गई है। फिल्म में विद्या बालन के अलावा राम कपूर और राहुल बोस की एक्टिंग भी देखने को मिलेगी। यह मूवी




7 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी।फिल्म का ट्रेलर कल रिलीज होगा। विद्या बालन ने फिल्म का टीजर शेयर किया, जिसकी शुरूआत एक आवाज के साथ होती है। टीजर के वॉइसओवर में कहा जाता है, संदिग्ध आ रहे हैं, मकसद बन रहे हैं, तैयार हो जाओ दोस्तों, एक सीक्रेट आ रह है। जैसा की समझ में आ रहा है, फिल्म की कहानी मर्डर मिस्ट्री के आसपास घूमती है। हालांकि, असली कातिल कौन है? यह देखना काफी दिलचस्प होगा। इसी के साथ मर्डर मिस्ट्री के टीजर में एक जासूस के रूप में विद्या बालन का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है। नीयत का टीजर कई लोगों को पसंद आ रहा है।

## सूडोकु नवताल- 6473

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6472 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## शब्दजाल - 7220

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छ | त्ती | स | घं | टे | द | रि | बु | लं | दी | क |
| दो | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ता | ली |
| उ | उ | ला | ल | को | ठी | ची | ता | रा | ऊं | क |
| स्ता | ज | स | दो | पु | ज | न | ही | न | चे | क |
| द | खु | चो | द | लू | लं | का | रो | ग | लो | क |
| जी | द | ल | रों | य | ख | धुं | ना | हि | ग | को |
| ती | लो | लै | ड़ी | की | प | ध | श | चु | र | ल |
| क | र्ज | ला | ई | धा | बा | क | गो | ल | नौ | ण |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | रा | री | श | प | ती |
| तें | दु | ज | प | व | जी | र्त | त | बें | हा | त |
| क | दु | नू | रा | नी | ल | गा | य | द | प | थ |

*शब्द जाल में डैनी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

छत्तीस घंटे, बुलंदी, दो उस्ताद, लालकोठी, चोरों की बारात, चुनौती, लैला मजनू, धुंध, ऊंचे लोग, हीरो

### शब्दजाल - 7219 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | ज | क | व | ई | ह | ट | झ | क | चि |
| अ | च | र | ठि | रिं | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ग | र | ह | ना | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ना |
| झ | स | गा | ई | ल | क | आ | ह | ऊं | र | ह |
| ई | रा | र | ष | हा | मि | श | च | स | चा | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ना | त | उ | न | ई |
| मि | ट | बु | अ | म | रा | ई | ह | त | ह | क |
| हं | जी | वा | उ | क | छ | सौ | न | रा | जू | ट |
| गा | थो | तें | ब | ह | ज | दा | ने | ई | र | द |
| ई | ल | प | का | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ई | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-6173

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | 3 | 6 | | 2 |
| | 35 | | 30 | 1 | 32 | |
| 4 | 1 | 5 | | | 7 | 3 |
| | 26 | 2 | 34 | 4 | 31 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | |
| | 29 | 4 | 40 | 5 | 34 | 6 |
| 5 | | 3 | | | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6172 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 39 | 1 | 29 | 6 | 26 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 30 | 2 | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 30 | 6 | 39 | 4 | 35 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# फुटबॉल एसएएफएफ चैंपियनशिप : भारत ने नेपाल को 2–0 से हराया, सेमीफाइनल में जगह बनाई ; छेत्री–सिंह ने दागे गोल

**बेंगलुरु।**
भारत ने शनिवार को बेंगलुरु के श्री कांतीरावा स्टेडियम में नेपाल पर 2–0 से जीत के साथ एसएएफएफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।कप्तान सुनील छेत्री और महेश सिंह ने 2 गोल दागे। वहीं, नेपाल एक भी गोल नहीं कर सका। इसके साथ ही भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

### भारतीय मैनेजर के अंडर खेली टीम

कोच इगोर स्टिमैक को पाकिस्तान के खिलाफ रेड कार्ड मिलने के बाद भारत के असिस्टेंट कोच महेश गावली ने टीम को मैनेज किया। गावली ने शुरूआती प्लेइंग इलेवन में 8 चेंज किए। यंग खिलाड़ी जैसे उदंता सिंह, महेश सिंह, रोहित कुमार, मेहताब सिंह, आकाश मिश्रा और राहुल भेके ने स्टार्ट किया। वहीं, अनुभवी खिलाड़ी जैसे संदेश जिंगान, प्रिथम कोटल, अनवर अली और गोलकीपर अमरिंदर सिंह सभी बेंच पर बैठे रहे।

### नेपाल ने शुरुआत में अच्छा गेम खेला

नेपाल ने शुरुआत में शानदार गेम खेला। कुछ शॉट्स भी लगाए, लेकिन, एक भी गोल नहीं कर सके। इसके बाद थ्रो इस पर भी मौका मिला, लेकिन कुछ हो नहीं सका।

### छेत्री ने लगाया 91वां इंटरनेशनल गोल

घंटे भर के ठीक बाद 61वें मिनट में सुनील छेत्री के 91वें इंटरनेशनल गोल की बदौलत भारत दिलाई। लेफ्ट साइड से शानदार क्रॉस को छेत्री ने लिया और डिफेंडर को छकाते हुए अंदर पहुंचा दिया।

### सिंह ने दोगुनी की लीड

महेश सिंह ने 70वें मिनट में भारत की बढ़त दोगुनी कर दी, जब छेत्री ने बॉक्स के अंदर एक डिफेंडर को छकाया, लेकिन शॉट नहीं लग सका। उनके एटेम्पट को गोलकीपर ने रोक दिया, लेकिन बॉल क्रॉसबार से बाहर आ गई और महेश अपने सिर से गेंद को अंदर डालने के लिए सही जगह पर थे।

### पाकिस्तान को कुवैत ने 4-0 से हराया

अपने पिछले मैच में भारत के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन का सामना करने के बाद, पाकिस्तान बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा था। हालांकि, उन्हें कुवैत ने हरा कर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### विमेंस एशेज...तीसरे दिन टैमी ब्यूमोंट का दोहरा शतकः इंग्लैंड 463 पर ऑलआउट; ऑस्ट्रेलिया को 92 रन की बढ़त



**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के नॉटिंघम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड विमेंस टीम के बीच विमेंस एशेज का टेस्ट मैच खेला जा रहा है। शनिवार को मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड ने 463 रन बनाकर अपनी पहली पारी में ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट ने दोहरा शतक (208) लगाया। वह टीम की आखिरी बैटर के रूप में आउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 473 रन बनाए थे, इस तरह उन्हें 10 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने बगैर नुकसान के 82 रन बना लिए। अब उनकी बढ़त 92 रन की हो चुकी है। टीम की ओपनर बेथ मूनी (33) और फीब लीचफील्ड (41) नॉटआउट लौटीं। तीसरे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 218/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन की शुरुआत टैमी ब्यूमोंट (100) और नेट सीवर (41) ने की। इंग्लैंड को दिन का पहला झटका नेट सीवर के रूप में लगा। नेट सीवर 78 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर का शिकार बनी। गार्डनर ने उन्हें कप्तान एलिसा हिली के हाथों कैच कराया। ब्यूमोंट एक एंड पर टिकी रहीं, लेकिन दूसरे छोर पर किसी का साथ नहीं मिला। सीवर के बाद डैनी व्याट ही 44 रन की पारी खेल सकीं। उनके अलावा बाकी बैटर्स में सोफिया डंकली 9, एमी जोन्स 13, सोफी एक्लेस्टन 17 और लौरेन फिलर 11 ही रन बना सकीं। कैट क्रॉस और लौरेन बेल अपना खाता नहीं खोल पाईं।

### अल्कारेज पहली बार ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में, सेबेस्टियन कोर्डा से होगी भिड़ंत

**नई दिल्ली ।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज ने क्वींस क्लब टेनिस चैंपियनशिप में पूर्व चैंपियन ग्रिगोर



दिमित्रोव को 6-4, 6-4 से हराकर घास वाले कोर्ट (ग्रासकोर्ट) पर पहली बार एटीपी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वालिफाई के जरिए टूर्नामेंट में जगह बनाने 2014 के चैंपियन दिमित्रोव के खिलाफ अल्कारेज की यह आठ मैचों में आठवीं जीत है। सेमीफाइनल में उनके सामने सेबेस्टियन कोर्डा की चुनौती होगी। कोर्डा ने ब्रिटेन के कैमरून नौरी को 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। अल्कारेज की तरह वह भी एटीपी टूर्नामेंट में घास वाले कोर्ट पर पहली बार के सेमीफाइनल में पहुंचे है। दूसरी वरीयता प्राप्त होल्गर रूने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर का सामना करेंगे। रूने ने लोरेंजो मुसेटी 6-4, 7-5 जबकि डी मिनौर ने गैर वरीयता प्राप्त फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो 6-4, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी। नौरी के बाहर होने का मतलब है कि 11 साल में पहली बार एकल या युगल में ब्रिटेन के किसी भी खिलाड़ी की अंतिम हफ्ते में चुनौती नहीं बची है। शीर्ष वरीय बारबोरा क्रेजिसकोवा बर्मिंघम चेक गणराज्य की लिंडा फरुहवरतोवा को 6-3, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गईं।

### भारतीय खिलाड़ियों का पदक जीतने का सिलसिला जारी, रोल स्केटिंग में तीन स्वर्ण सहित जीते नौ पदक



**नई दिल्ली ।** बारिश के कारण स्पेशल ओलंपिक के सातवें दिन शुक्रवार को बर्लिन में कई आउटडोर खेल स्थगित करने पड़े। लेकिन इस दौरान, भारतीय खिलाड़ियों का पदक जीतने का सिलसिला जारी और रोलर स्केटिंग में कई पदक अपने नाम किए। रोल स्केटिंग में भारतीय खिलाड़ियों ने नौ पदक (3 स्वर्ण, 5 रजत, 1 कांस्य) जीते। निसार (30 मीटर स्लैलम) ने रोल स्केटिंग में स्वर्ण जीता, जबकि दो गुणा 100 मीटर में आर्यन व अभिजीत ने स्वर्ण अपने नाम किए। भारत ने शुक्रवार तक अपने कुल पदकों की संख्या 95 कर ली। उसने 33 स्वर्ण, 37 रजत और 25 कांस्य पदक जीते थे। जूडो में भी भारतीय खिलाड़ियों ने पदक जीते। सुहालिया परवीन ने रजत पदक जीता था तो उसके बाद पुरुष लेवल दो वर्ग में प्रिंस सोलंकी ने कांस्य पदक जीता, जबकि महिला लेवल तीन वर्ग में मुस्कान ने स्वर्ण हासिल किया। टेबल टेनिस में भारत के तीन पदक पक्के किए।

### वर्ल्ड –कप क्वालिफायर...नीदरलैंड ने नेपाल को हराया

# वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे के साथ सुपर–6 में क्वालिफाई किया ; मैक्स ओक्क्डाउड ने बनाए 90 रन

**हरारे।**
क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालिफायर रोमांचक हो चला है। शनिवार को जिम्बाब्वे ने वेस्टइंडीज को 33 रन से हराया। वहीं ग्रुप–ए के अन्य मुकाबले में नीदरलैंड ने नेपाल को हराकर सुपर–6 स्टेज में क्वालिफाई कर लिया। इस हार के साथ नेपाल की टीम के साथ एलिमिनेट हो गई और ग्रुप–ए में जिम्बाब्वे, नीदरलैंड के साथ वेस्टइंडीज ने भी अगले राउंड में क्वालिफाई कर लिया। टूर्नामेंट में रविवार को ग्रुप–बी के 2 मैच होंगे। श्रीलंका के खिलाफ आयरलैंड और स्कॉटलैंड के खिलाफ ओमान भिड़ेगी। इन मैचों के नतीजों से सुपर–6 स्टेज की 2 और टीमें तय हो सकती हैं।

### 167 ही बना सका नेपाल

हरारे के ताकाशिंघा स्पोर्ट्स क्लब में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी नेपाल की शुरुआत खराब रही। टीम ने तीसरे ही ओवर में ओपनर आसिफ शेख का विकेट गंवा दिया। वह अपना खाता भी नहीं खोल सके। साथी ओपनर कुशल भुर्तेल ने भीम शर्की के साथ 46 रन की पार्टनरशिप की। लेकिन 20 रन के अंदर दोनों आउट हो गए। कुशल ने 27 और भीम ने 22 रन बनाए, इस बीच आरिफ शेख भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान रोहित पौडेल ने 33 रन बनाकर पारी संभाली, लेकिन नेपाल का कोई भी बैटर ज्यादा देर टिक नहीं सका। ज्यादातर बैटर्स सेट होने के बाद अपना विकेट दे कर चले गए और टीम 44.3 ओवर में 167 रन पर ऑलआउट हो गई। नीदरलैंड्स से वान बीक ने 4 विकेट लिए। वहीं बास डी लीड और



विक्रमजीत सिंह को 2–2 विकेट मिले, क्लैटॉन फ्लॉयड और आर्यन दत्त को 1–1 विकेट मिला।

### नीदरलैंड्स को ओपनर्स ने दिलाई मजबूत शुरुआत

168 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी नीदरलैंड को मैक्स ऑक्क्डाउड और विक्रमजीत सिंह ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 13 ओवर में 86 रन की पार्टनरशिप की। विक्रमजीत 30 रन बनाकर आउट हुए और ओपनिंग साझेदारी टूटी। वेसली बारेसी भी 3 रन बनाकर आउट हो गए। 96 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद बास डी लीड ने मैक्स के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों में 62 रन की पार्टनरशिप हुई। मैक्स ऑक्क्डाउड अपने शतक के करीब थे, लेकिन 90 रन के स्कोर पर बोल्ड हो गए। उनके बाद तेजा निदामानुरु ने डी लीड के साथ कोई और विकेट नहीं गिरने दिया और टीम को 28वें ओवर में जीत दिला दी।

### सुपर-6 की 3 टीमें तय

नेपाल को हराने के साथ ही नीदरलैंट्स ने सुपर–6 स्टेज में क्वालिफाई कर लिया। टीम ग्रुप–ए में 4 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई। 6 पॉइंट्स के साथ जिम्बाब्वे पहले और 4 पॉइंट्स के साथ वेस्टइंडीज तीसरे नंबर पर है। वेस्टइंडीज शनिवार को ही जिम्बाब्वे के खिलाफ हार कर तीसरे स्थान पर पहुंची। ग्रुप–ए में 2 मैच और बाकी हैं। लेकिन लास्ट पोजिशन पर मौजूद अपना आखिरी मैच जीतकर भी 2 पॉइंट ही हासिल कर पाएगी, जो सुपर–6 स्टेज में क्वालिफाई करने के लिए काफी नहीं है। नेपाल ने अपने चारों लीग मैच खेल लिए हैं और टीम 2 ही पॉइंट हासिल कर सकी।

### 3 टीमें और होंगी क्वालिफाई

ग्रुप–ए की 3 टीमें तय होने के बाद ग्रुप–बी से भी 3 टीमें सुपर–6 स्टेज के लिए क्वालिफाई करेंगी। श्रीलंका और स्कॉटलैंड 2–2 मैच जीतकर 4 पॉइंट्स के साथ टॉप–2 पोजिशन पर हैं। ओमान 3 मैचों में 2 जीत के साथ तीसरे नंबर पर है। वहीं आयरलैंड एक भी मैच नहीं जीत सकीं, इसलिए वे चौथे और पांचवें नंबर पर है। टूर्नामेंट में रविवार को श्रीलंका–आयरलैंड और स्कॉटलैंड–ओमान के बीच मैच होगा। श्रीलंका अगर जीत गई तो सुपर–6 में क्वालिफाई कर जाएगी, वहीं हारने पर उन्हें क्वालिफाई करने के लिए अपना अगला मैच जीतना ही होगा। आयरलैंड जीती तो उन्हें अगला मैच जीतकर बाकी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। स्कॉटलैंड और ओमान के बीच वर्चुअल नॉकआउट होगा, जो भी टीम जीतेगी वो सुपर–6 में पहुंच जाएगी। अगर ओमान हारी तो उन्हें बाकी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा, वहीं स्कॉटलैंड हार गई तो वह अपना आखिरी मैच जीतकर भी क्वालिफाई कर सकती है।

### सुपर-6 से वनडे वर्ल्ड कप में कैसे क्वालिफाई करेंगी टीमें

वर्ल्ड कप क्वालिफायर में 10 टीमों को 5–5 के 2 ग्रुपों में बांटा गया। दोनों ग्रुप की 3–3 टॉप टीमें सुपर–6 में पहुंचेंगी। सुपर–6 में टीमें अपने पिछले ग्रुप की टीमों को छोड़कर बाकी टीमों से मैच खेलेंगी। साथ ही उनके ग्रुप स्टेज के पॉइंट्स भी काउंट होंगे। ग्रुप–ए में फिलहाल जिम्बाब्वे, नीदरलैंड्स और वेस्टइंडीज क्वालिफाई कर चुकी हैं। ऐसे में वेस्टइंडीज के नीदरलैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले मैचों के पॉइंट्स भी काउंट होंगे। यानी वेस्टइंडीज की टीम 2 और जिम्बाब्वे 4 पॉइंट्स के साथ सुपर–6 स्टेज में पहुंचेगी। सुपर–6 में फिर टॉप–2 पोजिशन पर रहने वाली टीमें फाइनल में जाएंगी और फाइनल खेलने वाली टीमें भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर जाएंगी।

# जॉन सीना ने साझा की पीएम मोदी की तस्वीर, दिखा डब्लूडब्लूई स्टार-एक्टर का सिग्नेचर पोज,वायरल पोस्ट





**नई दिल्ली ।**
**भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों मिस्त्र के दौरे पर हैं। इससे पहले वह अमेरिका में थे। यहां उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति और अन्य नेताओं के अलावा कई बड़ी हस्तियों से मुलाकात की। उन्होंने एलेन मस्क के साथ भी मुलाकात की। मोदी भारत के बाहर भी काफी लोकप्रिय हैं और इसका प्रमाण उनकी इस अमेरिका यात्रा में मिला।**

विदेश में भी लोग बड़ी संख्या में उनका भाषण सुनने आए। अब डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार जॉन सीना ने पीएम मोदी की एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन के साथ नजर आ रहे हैं। इस फोटो में पीएम मोदी हाथ से कुछ ऐसा इशारा कर रहे हैं, जो जॉन सीना के सिग्नेचर पोज से मिलता है। तस्वीर में पीएम मोदी बाइडन दंपत्ति से बातचीत के दौरान अपने चेहरे के सामने अपनी हथेली दिखाते नजर आ रहे हैं। जॉन सीना ने इस तस्वीर को बिना किसी कैप्शन के साझा किया। हालांकि, सीना के प्रशंसकों ने इस तस्वीर के जॉन सीना के लोकप्रिय यू कांट सी मी मूव से जोड़कर देखा और कहा कि पीएम मोदी भी उनके फैन हैं।

यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। लोगों ने पोस्ट पर हास्यास्पद टिप्पणियों की बाढ़ ला दी, जिनमें से कुछ ने कहा, मोदीजी सीना के प्रशंसक हैं, इसकी पुष्टि हो गई है। वहीं, एक और यूजर ने लिखा मैं इस तस्वीर में केवल जो और जिल को देख सकता हूं। पीएम मोदी ने हाल ही में देश में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने के साथ अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा संपन्न की है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के व्हाइट हाउस में राजकीय रात्रिभोज किया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ राजकीय लंच में भी वह शामिल हुए थे। वर्तमान में, वह अपने दो देशों के दौरे के दूसरे चरण में मिस्त्र की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं।

# जूनियर हॉकी विश्व कप में भारत को आसान ड्रॉ, पहला मैच दक्षिण कोरिया के साथ

**नई दिल्ली ।**
**भारत 2023 एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप के शुरुआती दिन पांच दिसंबर को ग्रुप सी में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट का आयोजन पांच से 16 दिसंबर तक बुकित जलील स्थित नेशनल हॉकी स्टेडियम में होगा। भुवनेश्वर में हुए पिछले विश्व कप (2021) में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को ग्रुप चरण में अपेक्षाकृत आसान ड्रॉ मिला है।**

शनिवार को यहां जारी ड्रॉ के मुताबिक ग्रुप सी में भारत और दक्षिण कोरिया के अलावा स्पेन और कनाडा की टीमें है। भारतीय टीम ग्रुप चरण में सात दिसंबर को



स्पेन जबकि नौ दिसंबर को कनाडा का सामना करेगी। टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर शनिवार को पुत्रजया के मर्क्योर लिविंग होटल में एक समारोह के दौरान लांच किया गया।

मेजबान मलयेशिया, गत चैंपियन अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और चिली के साथ ग्रुप ए में है, जबकि छह बार की चैंपियन जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और मिस्त्र ग्रुप बी में हैं। नीदरलैंड, बेल्जियम, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड ग्रुप डी में है।

खेल की शीर्ष संस्था ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ग्रुप का वर्गीकरण एफआईएच जूनियर विश्व रैंकिंग के आधार पर हुआ है जिसमें दुनिया भर की 16 टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### भारत के उत्तम सिंह ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा जताया।

उन्होंने कहा, सुल्तान जोहोर कप और जूनियर एशिया कप में जीत के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। टीम मलयेशिया में जूनियर विश्वकप में पोडियम स्थान हासिल करने को लेकर आश्वस्त है। भारतीय टीम 2001 और 2016 में जूनियर विश्व कप विजेता रही है। जर्मनी और अर्जेंटीना के बाद भारत तीसरी टीम है जिसने 1979 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट को एक से अधिक बार जीता है।

# बुमराह की वापसी को लेकर शास्त्री का बयान : कहा- जसप्रीत की वापसी में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए; उनका हाल शाहीन अफरीदी जैसा न हो जाए

**नई दिल्ली ।**
टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी को लेकर सेलेक्टर्स को चेतावनी दी है। शास्त्री ने कहा, बुमराह टीम इंडिया के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, लेकिन अगर आप वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए उनके साथ जल्दबाजी दिखाएंगे तो फिर आप उन्हें शाहीन अफरीदी की तरह ही अगले 4 महीने के लिए फिर से गंवा देंगे। इसलिए आपको इस बारे में काफी ध्यान से फैसला लेना होगा।

### बुमराह की आयरलैंड सीरीज से हो सकती है वापसी

बता दें, क्रिकबज की ओर से शनिवार को एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, जिसके अनुसार



बुमराह अगस्त में भारत और आयरलैंड के बीच होने वाली टी–20 सीरीज से मैदान पर वापसी कर सकते हैं। बुमराह यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अगले महीने कुछ मैच खेलेंगे।

### अगस्त में खेला जाएगा आयरलैंड के खिलाफ सीरीज

भारत 18, 20 और 23 अगस्त को आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी–20 सीरीज खेलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, इस सीरीज से बुमराह अक्टूबर–नवंबर में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में खेलने की तैयारी करेंगे।

सेलेक्टर्स और भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहते हैं कि बुमराह धीरे–धीरे वर्ल्ड कप के लिए फिट हों और इसके लिए वह टी–20 मैच से उनकी वापसी चाहते हैं, जिसमें एक गेंदबाज को चार ओवर ही फेंकने होते हैं। हालांकि उनकी वापसी को लेकर अभी तक कोई पुष्टि नहीं की गई है।

### बुमराह ने मार्च में न्यूजीलैंड में सर्जरी कराई

बुमराह पिछले साल सितंबर से पीठ की चोट के कारण बाहर हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड में सर्जरी भी कराई थी। वह इस समय में हैं और अपनी चोट से उभर रहे हैं। इस कारण से ही वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023, आईपीएल 2023 और टी–20 वर्ल्ड कप 2022 का भी हिस्सा नहीं थे।

### जसप्रीत बुमराह पिछले साल से टीम से बाहर हैं-

जुलाई 2022: जुलाई 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे के बाद बुमराह ने पीठ में समस्या की शिकायत की और तीसरा वनडे नहीं खेल सके।

### क्या यशस्वी बनेंगे भारत के नए द वॉल

# द्रविड़ के बाद पुजारा ने संभाली जिम्मेदारी; दोनों ने 28 साल में 55 शतक लगाए

**नई दिल्ली ।**
भारत की टेस्ट क्रिकेट टीम इन दिनों उतार–चढ़ाव के दौर में है। कई अनुभवी प्लेयर्स उम्र की वजह से तो कुछ खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर हो रहे हैं। इन्हीं में से एक 35 साल के चेतेश्वर पुजारा भी रहे, जिन्हें पिछले दिनों जारी हुई वेस्टइंडीज दौरे की भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया।

पुजारा लंबे समय तक भारत की बैकबोन बने रहे, उन्होंने घरेलू और विदेश के टेस्ट में क्रीज पर लंबा समय टिकाया और रन बनाकर विपक्षी गेंदबाजों को परेशान किया। यही काम उनसे पहले राहुल द्रविड़ किया करते थे। दोनों ही नंबर–3 पर बैटिंग करते थे, अब वेस्टइंडीज दौरे पर उनकी कमी पूरी करने के लिए यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड का सिलेक्शन हुआ है। आंकड़े, टेक्नीक और पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए लग रहा है कि यशस्वी को ही गायकवाड से पहले डेब्यू का मौका मिलेगा। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ओपनिंग पोजिशन पर टिके ही हैं, ऐसे में यशस्वी को पुजारा की जगह नंबर–3 पर बैटिंग करनी होगी। डेब्यू से पहले ही 21 साल के यशस्वी पर द्रविड़ और पुजारा की कमी पूरी करने की जिम्मेदारी होगी। जिन्होंने भारत के लिए पिछले 28 साल में 18 हजार से ज्यादा रन बनाए और 55 सेंचुरी भी लगाईं।



### जायसवाल का डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड

जायसवाल ने डोमेस्टिक क्रिकेट के पिछले 3 साल से शानदार प्रदर्शन किया है। वह मुंबई की ओर से खेलते हैं और रणजी ट्रॉफी डेब्यू छत्तीसगढ़ के खिलाफ 2019 में हुआ था। इस दौरान यशस्वी तीसरे नंबर पर ही बैटिंग करते थे। कुछ समय बाद जायसवाल ने मुंबई के लिए ओपन करना शुरू कर दिया और पिछले 2 सीजन में उन्होंने इस पोजिशन पर खूब रन बनाए। 2019–20 में जायसवाल विजय हजारे ट्रॉफी (वनडे टूर्नामेंट) के टॉप–5 रन स्कोरर में शामिल रहे। उन्होंने 6 मैचों में 112.80 की औसत से 564 रन बनाए। वह लिस्ट–ए में दोहरा शतक बनाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के क्रिकेटर हैं। यशस्वी ने 2021–22 के फर्स्ट क्लास सीजन में 83 के एवरेज से रन बनाए। उन्होंने इस साल घरेलू सीजन की शुरुआत में दलीप ट्रॉफी और ईरानी कप में दोहरा शतक लगाया। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में टीम इंडिया के साथ थे जायसवाल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में बतौर रिजर्व खिलाड़ी शामिल हुए थे। हालांकि, उन्हें स्क्वॉड में मौका नहीं मिला। लेकिन अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की नई साइकल में वह बतौर बैटर नंबर–3 पर अपने टेस्ट करियर की शुरुआत कर सकते हैं।

### आईपीएल में भी चमके

यशस्वी ने साल 2020 में अंडर–19 वर्ल्ड खेलने के बाद आईपीएल डेब्यू किया। शुरुआत में औसत प्रदर्शन करने के बाद पिछले सीजन उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया और एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन का अवॉर्ड जीता। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए जोस बटलर के साथ ओपनिंग की और प्रदर्शन के मामले में बटलर को भी पीछे छोड़ दिया। 14 मैचों में 625 रन के साथ यशस्वी सीजन के टॉप–5 रन स्कोरर में शामिल रहे। इस दौरान उन्हें एक शतक भी लगाया।

### 2022 में बांग्लादेश-ए के खिलाफ लगाया था शतक

2022 में यशस्वी जायसवाल ने बांग्लादेश के खिलाफ इंडिया की ओर से 2 टेस्ट मैच खेले। दोनों मैचों में भारत एक–एर ही पारी खेल सका। पहले मैच में जायसवाल ने ओपनिंग की और शतक जड़ दिया। उन्होंने 226 बॉल पर 146 रन बनाए, लेकिन दूसरे मैच में 12 रन ही बना सके।

### जायसवाल के पास शॉट्स की रेंज, लेकिन द्रविड़-पुजारा जैसे डिफेंसिव नहीं

जायसवाल कमाल के बल्लेबाज हैं और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका स्ट्राइक रेट लगभग 70 रन के आसपास है। जायसवाल बेहतरीन टेक्नीक के साथ लंबे फॉर्मेट में 70 की स्ट्राइक रेट से रन भी बना रहे हैं, जो बेहद शानदार है। उनके पास शॉट्स की कमी नहीं है और टेक्निकल बेहतरीन बैटर होने के साथ उनका फुटवर्क और टाइमिंग भी गजब की है।

# इस तरह कम करें कोलेस्ट्रॉल




मेडिकल साइंस के इस तथ्य से आप शायद अवगत ही होंगी कि ब्लड में कोलेस्ट्रॉल के स्तर के बढ़ने से हाई ब्लडप्रेशर और और अन्य हृदय रोगों के होने का जोखिम बढ़ जाता है, लेकिन कुछ बातों पर अमल करके आप बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर इसे नियंत्रित कर सकती हैं..

## अनहेल्दी फैट से दूर

अनहेल्दी फूड के स्थान पर अपने खानपान में साबुत अनाज, ताजे फल और सब्जियां, फिश, ऑलिव ऑयल, लहसुन, बादाम और अखरोट को शामिल करें।

## कॉफी कम

क्या आपको पता है कि प्रतिदिन तीन से छह कप कॉफी पीने से आपके कोलेस्ट्रॉल में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

## एक्सरसाइज है गुड

हफ्ते में एरोबिक एक्सरसाइज के 30 मिनट के चार सेशन से आपके हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन (एचडीएल) के स्तर में इजाफा होगा। एचडीएल को गुड कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है।

## वजन पर नियंत्रण

वजन अधिक होने या मोटापे से ग्रस्त होने से आपके कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी बढ़ जाता है। इसलिए समय-समय पर अपना वजन चेक करती रहें।

## ओम शांति शांति

शोधकर्ताओं के अनुसार तनाव व दबाव की स्थितियों में जो लोग शत्रुतापूर्ण या आक्रामक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं, उनका एचडीएल स्तर कम होता है। वहीं जो लोग विपरीत स्थितियों में अपने क्रोध को नियंत्रित करने में सक्षम होते हैं, उनका एचडीएल स्तर ऊंचा रहता है।

## सेम और दाल भी घटाते है कोलेस्ट्रॉल

दिन में कम से कम एक बार भोजन में सेम, मटर या दाल खाने से कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण में रहता है और हृदय की बीमारियों का खतरा कम होता है। सेंट माइकल हॉस्पीटल के चिकित्सक सिवेनपाइपर ने कहा कि दिन में एक समय भोजन में दाल खाने से पांच प्रतिशत तक कोलेस्ट्रॉल कम होता है। भोजन में दाल को शामिल करना हृदय के लिए फायदेमंद रहता है। इससे दिल की बीमारियों का खतरा पांच से छह प्रतिशत तक कम होता है। दालों में ग्लाइसेमिक इंडेक्स (पाचन क्रिया के दौरान भोजन सामग्री का टूटना) का स्तर अपेक्षाकृत कम होता है और इनमें अतिरिक्त प्रोटीन और कोलेस्ट्रॉल को घटाने की क्षमता होती है। सिवेनपाइपर ने मेटा एनालाइसिस समीक्षा के तहत 1,037 लोगों पर अध्ययन किया। अध्ययन में पता चला कि पुरुषों में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर महिलाओं की अपेक्षा कम होता है। इसका कारण महिलाओं का खान-पान में उचित ध्यान न देना हो सकता है। यह अध्ययन पत्रिका कैनेडियन मेडिकल एसोसिएशन में प्रकाशित हुई है।

## पेनकिलर है हानिकारक



जीवन में बहुत बार ऐसे अवसर आते हैं जब हमें पेनकिलर दवाओं का सेवन करना पड़ता है। विशेषत आस्टियो-आर्थराइटिस के मरीजों को अधिक मात्रा में पेनकिलर दवाओं का सेवन करने की आदत हो जाती है। ऐसे मरीजों को यदि हृदय रोग भी हो तो ये दवाएं उनके लिए बहुत खतरनाक हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त अधिक मात्रा में या पेनकिलर का अधिक सेवन हमारे गुर्दों को क्षतिग्रस्त कर सकता है।

## दिल की बीमारियों से दूर रखता है अखरोट



हालिया शोध में पता चला है कि रोजाना अखरोट खाने से डायबिटीज और दिल की बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। कनेक्टिकट स्थित येल ग्रिफिन प्रिवेंशन रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं के मुताबिक, रोज 56 ग्राम अखरोट के सेवन से अधिक वजन वाले वयस्कों के शरीर की आंतरिक प्रक्रिया में सुधार आता है। इस शोध में 30 से 75 साल के 46 वयस्कों को शामिल किया गया था।

# स्वस्थ शरीर है सबसे बड़ा खजाना!

आधुनिक जीवन शैली की तेज रफ्तार एवं भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत का विषय बहुत पीछे रह गया है और नतीजा यह निकला की आज हम युवावस्था में ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, कोलेस्ट्रोल, मोटापा, गठिया, थायरॉइड जैसे रोगों से पीड़ित होने लगे हैं जो कि पहले प्रोढ़ावस्था एवं व्रद्धावस्था में होते थे और इसकी सबसे बड़ी वजह है खान पान और रहन सहन की गलत आदतें, आओ हम सेहत के इन् नियमों का पालन करके खुद भी स्वस्थ रहे तथा परिवार को भी स्वस्थ रखते हुए अन्य लोगों को भी अच्छे स्वास्थय के लिए जागरूक करें ताकि एक स्वस्थ एवं मजबूत समाज और देश का निर्माण हो,क्योंकि कहा भी गया है-पहला सुख निरोगी काया।



## भोजन हो संतुलित

घी, तैल से बनी चीजें जैसे पूड़ी,परांठे,छोले भटूरे,समोसे कचौड़ी, जंक फूड, चाय,कॉफी ,कोल्ड ड्रिंक का ज्यादा सेवन सेहत के लिए घातक है इनका अधिक मात्रा में नियमित सेवन ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल, मधुमेह, मोटापा एवं हार्ट डिजीज का कारण बनता है तथा पेट में गैस,अल्सर, ऐसीडिटी, बार बार दस्त लगना, लीवर खराब होना जैसी तकलीफें होने लगती हैं इनकी बजाय खाने में हरी सब्जियां, मौसमी फल, दूध, दही, छाछ , अंकुरित अनाज और सलाद को शामिल करना चाहिए जो की विटामिन,खनिज लवण,फाइबर,एव जीवनीय तत्वों से भरपूर होते हैं और शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। चीनी एवं नमक का अधिक मात्रा में सेवन ना करें,ये डायबिटीज,ब्लड प्रेशर,हृदय रोगों का कारण हैं । बादाम, किशमिश, अंजीर, अखरोट आदि मेवा सेहत के लिए बहुत लाभकारी होते हैं इनका सेवन अवश्य करें पानी एवं अन्य लिक्विड जैसे फलों का ताजा जूस,दूध,दही,छाछ,नींबू पानी,नारियल पानी का खूब सेवन करें,इनसे शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाती,शरीर की त्वचा एवं चेहरे पर चमक आती है,तथा शरीर की गंदगी पसीने और पेशाब के दवारा बाहर निकल जाती है।

## व्यायाम का करें नियमित अभ्यास

सूर्योदय से पहले उठकर पार्क जाएं,हरी घास पर नंगे पैर घूमें, दौड़ लगाएं, वाक करें, योगा, प्राणायाम करें, इन उपायों से शरीर से पसीना निकलता है,मांस पेशियों को ताकत मिलती है,शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है, अनेक शारीरिक एवं मानसिक रोगों से बचाव होता है,पूरे दिन भर बदन में चुस्ती फुर्ती रहती है,भूख अच्छी लगती है इसलिए नियमित रूप से व्यायाम अवश्य करें।

## गहरी नींद भी है जरुरी

शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन लगभग 7 घंटे की गहरी नींद एक वयस्क के लिए जरुरी है,लगातार नींद पूरी ना होना तथा बार बार नींद खुलना,अनेक बीमारियों का कारण बनता है।



## नींद भी है जरूरी

नेब्रस्का लिंकन विश्वविद्यालय के शोधर्कताओं ने पाया है कि ठीक से सो नहीं पाने के कारण आपका रोजमर्रा का कामकाज प्रभावित हो सकता है। साथ ही ज्यादा खाना खाने की प्रवृत्ति पनप सकती है। यह बच्चे और वयस्क, दोनों पर लागू होता है। वहीं नींद खराब होने के बाद, हार्मोन कंट्रोलिंग सिस्टम भी प्रभावित होता है, इससे भावनात्मक तनाव बढ़ जाता है, और अधिक भोजन, ऊर्जा की कमी को पूरा करने में सक्षम नहीं है। दिन में जो भी आप खाते हैं यह सभी कारक भोजन की मात्रा को प्रभावित करते हैं। नेब्रस्का लिंकन विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एलिसा-लिंकन और टीमोथी डी नेल्सन का कहना है कि डॉक्टरों को नींद और खाने के प्रति जागरूक होना चाहिए। नींद सक्रिय रूप से आहार-व्यवहार को बदल देती है। इस पर विचार किया जाना चाहिए। मोटापे से मधुमेह, हृदय रोग जैसी घातक बीमारी होने का खतरा बना रहता है। दूसरी ओर, इस बारे में लेखक का कहना है कि अत्यधिक भोजन करना व बाधित नींद को समझना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। भोजन का सेवन जैविक, संज्ञात्मक, भावनात्मक और पर्यावरणीय कारकों से प्रेरित है। इसमें लुंथल और नेल्सन का तर्क है कि इन कारकों से सोने की प्रवृत्ति प्रभावित है। नींद प्रभावित होने के चलते वयस्कों और बच्चों दोनों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इसलिए आवश्यक है कि लोग इसके लिए जागरूक हों, उन्हें खाने की गुणवत्ता और मात्रा का भी ख्याल रखना चाहिए। यह शोधपत्र एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है।

## ये उपाय करें

सोने का कमरा साफ सुथरा,शांत एवं एकांत में होना चाहिए,रात को अधिकतम 10-11 बजे तक सो जाना और सुबह 5-6 बजे तक उठ जाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है,सोने से पहले शवासन करने से अच्छी नींद आती है,खाना सोने से 2-3 घंटे पहले कर लेना चाहिए एवं शाम को खाना खाने के बाद 20-25 मिनट अवश्य घूमें।

## नशे से रहें बच के

यूवा पीढ़ी के लिए कोई सबसे खतरनाक बीमारी है तो वो है नशे के जाल में फँसना,शराब,धूम्रपान,तम्बाकू ये सब सेहत के दुश्मन हैं,किसी भी स्थिति में नशे की लत से बचें,यदि नशे से बचे हुए हैं तो बहुत अच्छा किन्तु,यदि कोई नशा करते हैं तो जितनी जल्दी नशे से दुरी बना लें उतना ही अच्छा है,ये ऐसी बीमारी है जो कैंसर और एड्स से भी ज्यादा खतरनाक है और एकसाथ कई परिवारों को बर्बाद करती है तथा शारीरिक,मानसिक,आर्थिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा के नाश का कारण बनती है, इसलिए नशे से बचना ही बेहतर उपाय है।

## टेंशन को कहें बाय बाय

रोज मर्रा की जिंदगी में आने वाली समस्यों के लिए चिंतन करना सही है चिंता करना नहीं,चिता तो फिर भी मरने के बाद शरीर को जलाती है किन्तु लगातार अनावश्यक चिंता जीते जी शरीर को जला देती है इसलिए तनाव होने पर भाई,बंधू एवं विश्वास पात्र मित्रों से सलाह मश्वरा करें यदि समस्या फिर भी ना सुलझे तो विशेषज्ञ से राय लें।

# बीमारी से बेहतर है बचाव



**कहते हैं** कि बीमारी से बेहतर है बचाव। दिल को स्वस्थ रखने के संदर्भ में कुछ सुझावों पर अमल करें..

- नियमित रूप से अपने शरीर की क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। व्यायाम भी दिल को सेहतमंद रखने में कारगर हैं।
- डॉक्टर से परामर्श लेकर आप कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम भी कर सकते हैं।
- टहलना भी अच्छा व्यायाम है। शरीर की क्षमता के मद्देनजर नियमित रूप से टहलें।
- जो लोग पहले से ही डाइबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर से ग्रस्त हैं, उनमें हृदय संबंधी समस्याएं होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है। इसलिए डाइबिटीज से ग्रस्त लोगों को नियमित रूप से अपने ब्लड शुगर की जांच करनी चाहिए। इसी तरह हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों को भी ब्लडप्रेशर चेक करते या कराते रहना चाहिए।
- अगर ब्लडशुगर और ब्लड प्रेशर अनियंत्रित है, तो शीघ्र ही अपने डॉक्टर से परामर्श लें।
- डॉक्टर से परामर्श लेकर एक अंतराल पर रक्त में कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच कराते रहें।
- तंबाकू का सेवन न करें।
- अत्यधिक नमकीन खाद्य पदार्थों को खाने से परहेज करें। नमक कम मात्रा में लें।

## तेल का महत्व

लोगों को खाने के तेल पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। अगर सही प्रकार और सही मात्रा में तेल का इस्तेमाल किया जाए, तो दिल संबंधी बीमारियों को रोकने में मदद मिलती है। इस संदर्भ में राइस ब्रैन तेल अत्यंत लाभप्रद है। इस तेल को चावल के भूसे में से निकाला जाता है। इसके अलावा सरसों का तेल, जैतून और सोयाबीन का तेल भी दिल की सेहत के लिए लाभप्रद है।

## वजन कम करना है तो खाइए फ्रोजन फूड

**वजन कम करना** चाहते हैं तो अपने फ्रीज में झांक कर देखिए। डॉक्टरों का कहना है कि फ्रोजन फूड खान से मोटापे को कम करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों का दावा है कि कम कैलोरी का फ्रोजन फूड खाने से कमर को फैलने से रोका जा सकता है क्योंकि इस प्रकार का भोजन कैलोरी के हिसाब से नियंत्रित होता है । लोयोला यूनिवर्सिटी हेल्थ सिस्टम में पोषाहार और वजन नियंत्रण प्रबंधन की विशेषज्ञ जेसिका बार्टफील्ड ने बताया, 'कम कलौरी के भोजन से नियंत्रित मात्रा में कलौरी ली जाती है जिससे वजन को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।' बार्टफील्ड का कहना है कि अधिकतर लोग कम कलौरी का भोजन लेते हैं जो प्रतिदिन 1000 से 1800 कैलोरी प्रतिदिन होता है। यह वजन, उम्र, कद और लिंग पर निर्भर करता है।

# प्रार्थना से भी दूर होता है तनाव



**तनाव** से निपटने के लिए आप क्या-क्या नहीं करते। व्यायाम से लेकर डॉक्टररी सलाह तक। लेकिन, इन सबके अलावा भी एक अन्य उपाय है। जो आसान होने के साथ-साथ बेहद कारगर भी है और वो है प्रार्थना। आपने कभी तनाव करने के लिए प्रार्थना का सहारा लिया है। जी, प्रार्थना से न सिर्फ तनाव का स्तर कम होता है, बल्कि यह कई बीमारियों से बचाने में भी मददगार साबित होती है।

एक शोध के मुताबिक प्रार्थना मन के साथ-साथ शरीर को भी स्वस्था रखती है। साथ ही इससे उम्र में भी इजाफा होता है। यही नहीं प्रार्थना करने से ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में हुए इस शोध में पाया गया कि धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका भी कम होती है।

## जीवनशैली पर पूजा का प्रभाव

नियमित रुप से पूजा और प्रार्थना करने से मन में सकारात्क ऊर्जा बढ़ती है। और प्रार्थन करने वाला व्यक्ति भीतर से अच्छा और बेहतर महससू करता है। इससे जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है। आजकल अनियमित जीवनशैली कई रोगों की मुख्य वजह है। जब आप पूजा व प्रार्थना को अपने जीवन में एक आदत के तौर पर शामिल करते हैं तो निश्चित ही आप अपने अंदर अच्छा बदलाव महसूस करेंगे। विशेषज्ञों की मानें तो पूजा और संगीत व्यक्ति में बढ़ रहे दबाव का स्तर कम करते हैं। इसका मतलब है ये गतिविधियां जीवन में संतुलन बनाए रखती हैं। प्रार्थना का सकारात्मक प्रभाव देखने के लिए जरूरी है कि उसे दिल से किया जाए। नियमित योग करने वाले लोग जो हमेशा फिट रहते हैं वह भी एक किस्म की पूजा प्रार्थना ही कर रहे होते हैं।

## प्रार्थना के अन्य लाभ

- प्रार्थना करने से मन स्थिर और शांत रहता है। क्रोध पर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है।
- इससे स्मरण शक्ति और चेहरे की चमक बढ़ती है।
- प्रार्थना से मन में सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है, जिससे मन निरोगी बनता है।
- शोध में पाया गया है नियमित तौर पर ईश्वर का ध्यान करने और प्रार्थना करने से रक्त संचार दुरुस्त रहता है।
- सामूहिक तौर पर प्रार्थना करने से व्यक्ति के मन में एकता का भाव बढ़ता है और अकेलापन दूर होता है।
- धार्मिक स्थल तक पैदल चल कर जाने से व्यायाम भी हो जाता है।
- प्रतिदिन प्रार्थना करने से व्यक्ति को ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है, जिससे एकाग्रता आती है।

## नोएटिक थैरेपी क्या है

एटिक (मंत्रों, संगीत, स्पर्श और प्रार्थना) थैरेपी वह थैरेपी होती है जिसमें बिना दवाई, करण और सर्जरी के इलाज किया जाता है। कई मरीजों पर नोएटिक थैरेपी का स्तेमाल करने से पाया गया है कि वह, जो सिर्फ दवाई लेते हैं, उनके मुकाबले इनके 30 तिशत ज्यादा सही होने की संभावना होती है साथ ही इन लोगों में एक आश्वासन इस त का भी होता है कि ये मरीज लंबे समय तक बीमार नहीं पड़ते।

## रेसिपी

### रवा केसरी



**सामग्री**

1/2 कप रवा (सूजी), 2 टेबल स्पून घी, डेढ कप दूध, 10-12 किशमिश, 4-10 कटे हुए बादाम, 1/4 टी स्पून छोटी इलायची पाउडर, कुछ धागे केसर के 1 टेबल स्पून पानी में भीगे हुए, स्वादानुसार चीनी।

**विधि**

एक कड़ाही में घी डालकर गर्म करें और रवा डालकर सुनहरा होने तक भूनें। डेढ़ कप पानी के साथ दूध मिलाएं और एक उबाल दें। फिर उसे भूने हुए रवा (सूजी) में मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। किशमिश, बादाम, केसर, इलायची पाउडर और चीनी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। गरमागरम सर्व करें।

**कितने लोगों के लिए : 4**

### गवारफली की सब्जी



**सामग्री**

300 ग्राम गवार की फली, 1/2 छोटा चम्मच जीरा, 1/2 छोटा चम्मच अजवाइन, 1 चुटकी हींग, 1/4 छोटा चम्मच हल्दी पिसी हुई, नमक 1 छोटा चम्मच (या स्वादानुसार), 1/2 छोटा चम्मच पिसी हुई लाल मिर्च, छोटा चम्मच धनिया पिसा हुआ, 1/2 छोटा चम्मच अमचुर, तेल डेढ़ बड़ा चम्मच

**विधि**

गवार की फली के किनारे निकालकर, अगर इसमें कोई धागा है तो वो भी निकाल दें, अच्छी तरह धो लें और एक साफ कपड़े से इसका पानी पोंछ लें। फली को इच्छानुसार छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें। एक कड़ाही में मध्यम आंच पर तेल गरम करें। इसमें जीरा और अजवाइन डालें, कुछ देर के लिए भूनें और फिर हींग डालें। आंच को धीमा करके हल्दी डालें और फिर गवार के टुकड़े डाल दें। इस सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं। नमक, लाल मिर्च और धनिया पाउडर डालें, और फिर से सब्जी को एक मिनट के लिए चलाएं। गवार के गलने तक ढक कर पकाएं। इसमें लगभग 12-15 मिनट का समय लगता है। जब सब्जी गल जाए तो इसमें अमचूर डालकर सब्जी को दो मिनट के लिए भूनें। रोटी, पूरी, पराठा या फिर दाल चावल किसी के भी साथ गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**